आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी 12:11 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 25 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 310, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





उपग्रह आयो बृहस्पति का सबसे बड़ा चंद्रमा 16

पेरिस फैशन वीक में आलिया का डेब्यू 15







# खानपान की चीजों में मानव अपशिष्ट मिलाना वीभत्स, स्वीकार्य नहीं : योगी

## मुख्यमंत्री ने दिए ढाबों-रेस्टोरेंट की जांच के निर्देश, हर कर्मचारी का होगा पुलिस वेरिफिकेशन

- खानपान की चीज़ों की शुद्धता को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में हो आवश्यक संशोधन
- शेफ और वेटर को लगाना होगा मास्क-ग्लव्स, होटल-रेस्टोरेंट में सीसीटीवी लगाना होगा अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य, गंदी चीजों की मिलावट की ताजा घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त हिदायत दी है कि प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई अस्वीकार्य हैं। मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में मुख्यमंत्री ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने उप्र. के सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा, खान-पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस, स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा। ऐसे स्थानों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क, ग्लव्स का उपयोग जरूर करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आम जन के स्वास्थ्य हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। ऐसा प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने अथवा अन्य संबंधित गतिविधियों से जुड़े नियमों को व्यवहारिकता का ध्यान रखते हुए और सख्त किया जाए। नियमों की अवहेलना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।



सरकारी आवास पर बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

### खानपान के प्रतिष्ठानों पर संचालक का नाम और पता डिस्प्ले हो

मुख्यमंत्री योगी के मुताबिक, ऐसे ढाबों, रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई शुरु कर दी जाए। खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किए जाने चहिए। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए।

## एक नजर

### अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम बेल याचिका खारिज

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने बलात्कार के एक मामले में मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि सिद्दीकी पर लगे आरोपों की गंभीरता को देखते हुए अपराध की उचित जांच के लिए उनसे हिरासत में पूछताछ अपरिहार्य है।

### कश्मीर में 26 सीटों के लिए आज मतदान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए बुधवार को मतदान होगा और इस दौरान करीब 25 लाख मतदाता 239 उम्मीदवारों की जीत-हार का फैसला करेंगे जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रवींद्र रैना प्रमुख हैं।

## एसटीएफ ने दो आरपीएफ सिपाहियों के हत्यारोपी को किया ढेर

- 19 अगस्त की रात बाड़मेर गुवाहाटी एक्सप्रेस से धकेलकर की थी हत्या

**लखनऊ।** सुल्तानपुर सर्राफा लूटकांड के आरोपी अनुज प्रताप सिंह को ढेर करने के बाद एसटीएफ ने अगले 20 घंटे के अंदर एक और अपराधी को मार गिराया। 19 अगस्त की रात तेज गति से चल रही बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस से आरपीएफ के दो सिपाहियों को धकेलकर मार डालने वाले आरोपी के खिलाफ एसटीएफ ने गाजीपुर में कार्रवाई करते हुए ढेर किया है। एसटीएफ की ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से हड़कंप मचा हुआ है।

एसपी डॉ. इरज राजा ने बताया कि बिहार का रहने वाला मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू आरपीएफ के दो सिपाहियों की हत्या का आरोपी था। जाहिद पर अपहरण, मारपीट और शराब तस्करी के कई केस दर्ज हैं। घटना के बाद उसके ऊपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सोमवार की रात करीब एक बजे एसटीएफ की नोएडा यूनिट, जीआरपी दिलदारनगर और गाजीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाया। एसपी ने बताया कि दिलदारनगर के गोपालपुर के पास मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू बाइक से अपने साथी के साथ जाता नजर आया।

# संभल में एनआईए का छापा दो संदिग्ध हिरासत में लिए

- दो संदिग्ध आतंकियों को साथ लेकर आई थी टीम
- आईएसआईएस नेटवर्क से जुड़े हैं छापेमारी के तार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संदिग्ध आतंकी गतिविधियों के आरोपियों को साथ लेकर एनआईए की टीम ने मंगलवार को संभल में छापेमारी की। टीम दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रात तक कार्रवाई चलती रही।

एनआईए मुंबई की टीम मंगलवार दोपहर बाद अपने साथ दो आरोपियों को लेकर संभल पहुंची। संभल कोतवाली में कार्रवाई के बारे में बताकर छापेमारी शुरू की। साथ लाए गए आरोपियों की बताई जगहों पर टीम पहुंची। इस दौरान मोहल्ला मियां सराय से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। उसे कोतवाली लाकर बंद कमरे में पूछताछ की गई। जिन लोगों को एनआईए साथ लाई थी उनसे आमना सामना कराया गया। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक एनआईए जिन दो लोगों को अपने साथ लेकर आई है वह आईएसआईएस से जुड़े हैं और आतंकी नेटवर्क खड़ा करने के लिए संभल में कुछ समय रहे थे। यह संभल में जिन लोगों के संपर्क में थे उन्हीं से पूछताछ की जा रही है। जनपद पुलिस एनआईए की कार्रवाई को लेकर बोलने से बच रही है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी के लोग संभल आए हैं, लेकिन उन्होंने क्या कार्रवाई की यह जानकारी में नहीं है।

### तमिलनाडु में 11 जगह एजेंसी ने की छापेमारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में इस्लामी खिलाफत स्थापित करने का मंसूबा पालने वाले अखिल-इस्लामी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफ अपनी जांच के सिलसिले में मंगलवार को तमिलनाडु में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए के अधिकारियों ने चेन्नई, तंबाराम और कन्याकुमारी जिलों में 11 संदिग्धों के आवास पर छापे मारे और डिजिटल उपकरण, बेहिसाब नकदी और हिज्ब-उत-तहरीर के साहित्य समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। एनआईए ने कहा कि यह छापेमारी विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से असंतोष पैदा करने और चुनावी मताधिकार प्रयोग करने के खिलाफ अभियान चलाने से संबंधित एक मामले की जांच के तहत की गई है। चुनावी मताधिकार को हिज्ब-उत-तहरीर ने गैर-इस्लामिक या हराम माना है।

# हिरण को मारा, पकाकर खा गए मांस

- वन दरोगा पर लगा हिरण का शिकार करने का आरोप
- पुलिस ने गड्ढे से अवशेष निकालकर पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता, मुजरिया (बदायूं)

**अमृत विचार:** हिरण का शिकार कर मांस खाने के बाद अवशेष वन विभाग की नर्सरी में दबा दिए। पुलिस ने जमीन की खोदाई कराके अवशेष बरामद किए और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वन दरोगा पर मांस पकाकर खाने के आरोप लगे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव कौल्हाई में हिरण का शिकार कर उसके अवशेष वन विभाग की नर्सरी में दबाए जाने की जानकारी पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा को मिली तो अपने साथी संजीव प्रजापति को बताया।

संजीव पुलिस को साथ लेकर नर्सरी पहुंचे। जमीन खोदने पर हिरण के अवशेष मिले। पुलिस ने आरोपी वन दरोगा को कई बार फोन किया, परंतु कॉल रिसीव नहीं किया गया। वन अधिकारियों की मानें तो हिरण के अवशेष एक दिन पूर्व मिले। उन्हें बिना पोस्टमार्टम के दफना दिया गया था। पोस्टमार्टम से पता लगेगा कि अवशेष कितने दिन पुराने हैं।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

> बिल्सी तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा गुसांई में हिरण का शव पड़े होने की जानकारी वन दरोगा को मिली थी। उसे बिना पोस्टमार्टम के ही दफना दिया गया। अब पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। दोषियों पर कार्रवाई होगी।
> **-प्रदीप वर्मा, डीएफओ**

## एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने पर रोक

- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पंजाब सरकार की याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने के फैसले को खारिज करने के पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ दाखिल पंजाब सरकार की अपील मंगलवार को खारिज कर दी। राज्य सरकार ने राज्य के चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए एनआरआई कोटा के लाभार्थियों की परिभाषा को विस्तृत कर दिया था। शीर्ष न्यायालय ने पंजाब सरकार की अपील खारिज करते हुए कहा कि यह धोखाधड़ी अब बंद होनी चाहिए। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 10 सितंबर को राज्य सरकार के 20 अगस्त के फैसले को रद कर दिया था।

## पीएचडी दाखिले में 2025 से आरक्षण लागू

**अहमदाबाद।** भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद (आईआईएमए) ने घोषणा की है कि वह सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार 2025 से पीएचडी दाखिलों में आरक्षण लागू करेगा। देश के प्रमुख बिजनेस स्कूल ने यह नहीं बताया है कि वह आरक्षण व्यवस्था कैसे लागू करेगा। आईआईएमए ने पिछले साल एक जनहित याचिका के जवाब में गुजरात उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि वह मानद उपाधि संबंधी कार्यक्रमों में 2025 से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के साथ ही दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण लागू कर सकता है। आईआईएमए की वेबसाइट पर पोस्ट पीएचडी दाखिले 2025 के लिए घोषणा में कहा गया है कि दाखिलों के दौरान आरक्षण के लिए भारत सरकार के दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा। आईआईएमए के मीडिया विभाग के एक प्रतिनिधि ने इस संबंध में पुष्टि की।

## त्रिपुरा में 500 उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**अगरतला।** त्रिपुरा में प्रतिबंधित समूह नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के करीब 500 उग्रवादियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री माणिक साहा के समक्ष अपने हथियार डाले। सिपाहीजाला जिले के जम्पुइजाला में एक कार्यक्रम में उग्रवादियों का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए साहा ने कहा कि उग्रवाद किसी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने बड़ी संख्या में उग्रवादियों के आत्मसमर्पण के बाद इस पूर्वोत्तर राज्य को पूरी तरह से उग्रवाद से मुक्त घोषित किया। साहा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विभिन्न योजनाएं शुरू कर स्वदेशी लोगों के सम्पूर्ण विकास के लिए काम करती रही है।

# कुत्तों के झुंड ने खेत पर जा रहे छह वर्ष के बच्चे को नोचकर मार डाला

- मां को देखने खेत पर जा रहा था इकलौता बेटा मोहम्मद शान
- गांव से थोड़ी दूर आम के बाग के पास कुत्तों ने कर दिया हमला

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव में मां को देखने खेत पर जा रहे 6 वर्षीय इकलौते बेटे मोहम्मद शान पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों का झुंड तब तक उसे नोचता रहा जब तक कि उसकी मौत नहीं हो गई। इकलौते बेटे की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया।

गांव कुतुबपुर सक्ता निवासी असरफ अली अपनी ससुराल शाहपुर सिरपुड़ा में पत्नी अफसीन के साथ रहता है। असरफ की बेटी आयत कक्षा 4 की छात्रा है, जबकि 6 वर्षीय बेटा मोहम्मद शान कक्षा तीन का छात्र था। मंगलवार की सुबह बुखार आने से बेटे मोहम्मद शान को घर छोड़कर अफसीन बेटी आयत को गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय छोड़ने चली गई। काफी देर तक अफसीन घर नहीं लौटी तो उसके खेत पर चले जाने की बात सोचकर शान मां की तलाश में खेत की तरफ चल दिया। गांव से थोड़ी दूर आम के बाग के पास पहुंचा कि कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों का झुंड तब तक बच्चे को नोचता रहा जब तक वह बेदम नहीं हो गया। इस बीच घर पहुंचीं अफसीन को बेटा दिखाई नहीं दिया तो वह खेत की ओर चल दी। आम के बाग के पास शान को लहूलुहान अवस्था में पड़ा देखा तो उसकी चीख निकल गई। घायल बेटे को गोद में लेकर वह घर आई।

सूचना पर पिता असरफ भी पहुंच गया। वह शान को लेकर सीएचसी गया, जहां से बच्चे को जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



मोहम्मद शान

**प्रगति पथ** श्रीअन्न की खेती से समृद्ध हुए किसान प्रदीप, तमिलनाडु के कोयम्बटूर में प्रसंस्करण कराकर बनाते हैं मिलेट पोहा

# मधुमेह के लिए रामबाण बनेगा मिलेट पोहा

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में मोटे अनाज यानी श्रीअन्न की खेती किसानों को समृद्ध करने लगी है। आईआईएम रोड लखनऊ निवासी प्रदीप दीक्षित मोटे अनाज की पैदावार करके देश भर में लोगों की सेहत सुधारने के साथ कमाई भी कर रहे हैं। वह दो साल से अपने गृह जनपद हरदोई के भरावन ब्लॉक के ग्राम महुआ डांडा में अन्य फसलें छोड़कर पूरे सात एकड़ में गौआधारित सांवा, काकुन, कोदो, ज्वार, बाजरा, कुटकी, अलसी आदि की पैदावार करते हैं। इन अनाजों को तमिलनाडु के कोयम्बटूर भेजकर प्रसंस्करण कराकर मिलेट पोहा बनाते हैं। इसकी पैकिंग व अन्य कार्य घर पर करके गोमती नगर स्थित किसान बाजार के ऑर्गेनिक स्टॉल से बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली, नोएडा, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि जगहों पर भेजते हैं।

> सरकार के प्रयास से श्रीअन्न की खेती का रकबा तेजी से बढ़ा है। प्रोत्साहन के तौर पर किसानों को निशुल्क बीज और अन्य सुविधाएं मिलने से लागत कम हुई है। किसान प्रदीप गौ आधारित श्रीअन्न की खेती करके किसान भाइयों को प्रेरित कर रहे हैं। **– तेग बहादुर सिंह**, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ।

### दूध व पानी में मिलाकर भी कर सकते हैं सेवन



प्रदीप बताते हैं मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व होते हैं और गौ आधारित खेती से दवा की तरह काम करते हैं। खासकर मिलेट पोहा मधुमेह, लीवर व पेट संबंधित बीमारी के लिए रामबाण साबित हो रहा है। इसका चिउड़ा पोहा की तरह पकाकर खा सकते हैं या फिर दूध व पानी में मिलाकर पी सकते हैं।

### 50-60 हजार लागत, हर माह एक लाख कमाई

प्रदीप सात एकड़ में एक फसल 50 से 60 हजार रुपये लागत से करके 15 क्विंटल मोटा अनाज की पैदावार करते हैं। वह प्रोसेसिंग, पैकिंग, परिवहन भाड़ा आदि खर्च निकालकर मिलेट पोहा की बिक्री से हर माह एक लाख रुपये कमाते हैं। इस काम से 40-45 लोगों को जोड़कर रोजगार देते हैं। उनके 400 ग्राम के एक पैकेट की कीमत 100 रुपये है। उनका कहना है सरकार का मोटे अनाज की पैदावार पर जोर है। बिक्री के लिए किसान बाजार में स्टॉल आवंटित किए हैं। लेकिन प्रोसेसिंग की दिशा में काम नहीं हुआ है।




## एक नजर

### रोजगार मेला में 196 का हुआ चयन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से खंड विकास कार्यालय तिलहर में मंगलवार को रोजगार मेला लगाया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की आठ कंपनियों ने प्रतिभाग किया। जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह ने बताया कि रोजगार मेला में 290 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 196 अभ्यर्थियों का प्नारंभिक चयन किया गया। इस अवसर पर अनुदेशक अरुण कुमार शर्मा और कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों की कॅरियर काउंसिलिंग भी की। रोजगार मेला में खंड विकास अधिकारी एवं उनके स्टाफ समेत राकेश चंद्रअशोक कुमार विश्वमोहन नवनीत शुक्ला गोपाल सिंह आदि का योगदान रहा।

### संचारी रोग अभियान सफल बनाने को बैठक

**जलालाबाद, अमृत विचार :** एसडीएम कार्यालय में संचारी रोग अभियान को सफल बनाने के लिए मंगलवार को बैठक हुई। अभियान एक से 31 अक्टूबर तक चलेगा। एसडीएम उत्सव आनंद ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। सभी परिवारों का टीकाकरण कराने के लिए कहा। बैठक में तहसीलदार पैगाम हैदर, नायब तहसीलदार सत्येंद्र कटियार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सोमेश अग्निहोत्री, बीएमसी यूनिसेफ रजत सिंह, ईओ एचएन उपाध्याय सहित तमाम अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

खबरें www. amritvichar.com पर भी पढ़ें

# निरीक्षण के दौरान 15 परिषदीय स्कूल मिले बंद, 151 गुरुजी रहे अनुपस्थित

## बीएसए ने अनुपस्थित शिक्षकों का एक दिन का वेतन या मानदेय रोका

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **पोर्टल पर आनलाइन समीक्षा के बाद हुई कार्रवाई**
- **बीएसए के निर्देश पर अगस्त और सितंबर में चला निरीक्षण अभियान**

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों के जब-जब निरीक्षण हुए, तब-तब स्कूलों से शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक अनुपस्थित मिले या फिर स्कूल बंद मिले। अगस्त और सितंबर में अलग-अलग तिथियों में कराए गए निरीक्षण में 151 शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक अनुपस्थित मिले, जबकि15 स्कूल बंद पाए गए।

बीएसए ने गैर हाजिर मिले शिक्षकों का उस दिन का वेतन और शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों का मानदेय अवरुद्ध कर दिया है। साथ ही बंद मिले स्कूलों के प्रधानाध्यापक और इंचार्ज प्रधानध्यापक का सितंबर माह का वेतन अवरुद्ध करने का आदेश जारी कर दिया है।

बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि पोर्टल पर आनलाइन समीक्षा में पाया गया कि अगस्त और सितंबर माह में खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयकों और उनके द्वारा विभिन्न ब्लाकों के परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 151 प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक अनुपस्थित मिले हैं। बीएसए ने सभी का अनुपस्थित दिवस का वेतन या मानदेय अवरुद्ध कर दिया है। साथ ही निर्देश दिए हैं कि वे छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से समन्वय स्थापित कर बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति कराना सुनिश्चित करें। प्रतिदिन प्रार्थना सभा एवं स्कूल बंद होने के समय के फोटोग्राफ जियो टैगिंग के साथ उनके व्हाट्स ऐप पर भेजना सुनिश्चित करें।

साथ अभिभावकों को बच्चों की यूनिफार्म सिलवाने के लिए प्रेरित करें। ताकि बच्चे स्कूल में यूनीफार्म में ही उपस्थित हों।

### निरीक्षण के समय ये स्कूल मिले बंद

बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि प्रेरणा पोर्टल पर आनलाइन समीक्षा के दौरान पाया गया कि खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयकों और स्वयं उनके द्वारा सितंबर माह में स्कूलों का निरीक्षण किया गया, जिसमें 15 विद्यालय बंद पाए गए। छह सितंबर को हुए निरीक्षण में ददरौल क्षेत्र का उच्च प्राथमिक विद्यालय हरनोखा, प्राथमिक स्कूल हिसमहान, नवगांव खिलौली, चमरौरा, यूपीएस बरनाबा, कांट का पीएस अभायन, कंपोजिट बहलोलपुर, कटरा का पीएस रायपुर, दियूनी, 12 सितंबर को निगोही का पीएस नवगांव, 14 सितंबर को मदनापुर का पीएस चंदोखा, कंपोजिट नगला भन्नू नगरिया, 18 सितंबर को निगोही का पीएस डेलखेड़ा और 19 सितंबर को भावलखेड़ा का प्राथमिक स्कूल नेकनामपुर बंद मिला।

## ऑनलाइन किसान पंजीकरण का हो प्रचार-प्रसार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार।** एक अक्टूबर से जिले में शुरू होने जा रही धान खरीद को देखते हुए एडीएम प्रशासन व जिला खरीद अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने रोजा, पुवायां, जलालाबाद, तिलहर के मंडी सचिवों को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि संबंधित अधिकारी धान खरीद के लिए किसानों के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि धान खरीद होने के दस दिन बचे हैं, लेकिन अभी तक मंडी, यार्डों आदि स्थानों पर फ्लैक्सी, बैनर और किसानों के पंजीकरण की स्थिति ठीक नहीं है। जिसको मंडी सचिव ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द सारी तैयारियां पूरी कर लें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## केंद्र प्रभारियों को नैनो डीएपी यूरिया प्लस का प्रशिक्षण दिया

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर। इफको की ओर से केंद्र प्रभारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश गन्ना किसान प्रशिक्षण संस्थान शाहजहांपुर में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर की ओर से सभी इफको के विक्रेता बंधुओं को किसान भाइयों को संतुलित उर्वरक उपयोग करने के लिए जागरूक करने के साथ रिकमेंडेड मात्रा के आधार पर ही उर्वरक किसान भाइयों को देने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही समय से स्टॉक पॉश मशीन में एक्नॉलेज करने के साथ-साथ पॉश मशीन से ही बिक्री करने के लिए निर्देशित किया गया। क्षेत्रीय अधिकारी इफको रामरतन सिंह ने सभी विक्रेताओं को नैनो डीएपी व नैनो यूरिया प्लस, जल विलेय उर्वरक, सागरिका, जैव उर्वरक आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

सभी विक्रेताओं को नैनो डीएपी पांच एमएल प्रति किलोग्राम से बीज शोधन कर बुवाई कराने के लिए किसानों को जागरूक करने के लिए कहा गया। साथ ही फसल की 30 दिन की अवस्था पर नैनो यूरिया प्लस व नैनो डीएपी की चार-चार एमएल मात्रा प्रति लीटर पानी में मिलाकर स्प्रे कराने से पैदावार में वृद्धि होती है।

कार्यक्रम में विपणन अधिकारी विनय दीक्षित ने सभी को गेहूं बीज की वैरायटी के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में 90 इफको विक्रेताओं सहित भावेश त्रिपाठी, अभिजीत मौर्या, विनोद कुमार, मनोज कुमार, सचेंद्र वर्मा, अनुज कुमार आदि ने प्रतिभाग किया।

## भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के विस्तार पर जोर

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश की बैठक मंगलवार को डाक बंगले पर आयोजित हुई। इसमें नवगठित किसान संगठन को गांव-गांव फैलाने पर जोर दिया गया।

जलालाबाद में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के जिला प्रभारी नरेंद्र सोमवंशी पहुंचे। उन्होंने यूनियन के पदाधिकारियों की संख्या बढ़ाने व संगठन को गांव-गांव पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा अगर संगठन मजबूत होगा, तभी सरकार हमारी मांगों को मानेगी। जिला प्रभारी नरेंद्र सोमवंशी ने मीडिया को बताया कि यह संगठन साधु संतों के निर्देश पर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर श्याम सुंदर मिश्रा, राणा सिंह, अनूप सिंह सोमवंशी, सालिगराम रहे।


बैठक के बाद नारेबाजी करते भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के पदाधिकारी।

## बाहर की दवाएं लिख रहे मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर, व्यापारियों में आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


सीएमएस कार्यालय में ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता व अन्य।

- **जिलाध्यक्ष की अगुवाई में व्यापारी नेताओं ने ज्ञापन देकर जताई नाराजगी, आंदोलन की चेतावनी**

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से जिलाध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी समस्याओं को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के नाम ज्ञापन सीएमएस कार्यालय में सौंपा गया।

प्राचार्य के उपस्थित न होने पर जिलाध्यक्ष के साथ-साथ व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कड़ा विरोध जताया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गरीबों के मुफ्त इलाज के लिए वित्तमंत्री सुरेश खन्ना के प्रयासों से मेडिकल कॉलेज बना है। मगर सरकार की मंशा के विपरीत मेडिकल कॉलेज प्रशासन मनमानी कर रहा है। उन्होंने कहा गरीब व्यक्ति मुफ्त में इलाज कराने मेडिकल कॉलेज आता है। उससे महंगी दवाइयां बाहर के मेडिकल स्टोर से लाने के लिए कहा जाता है, जबकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर मेडिकल कॉलेज में दवाइयों की पूरी रेंज उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि समय रहते मेडिकल कॉलेज प्रशासन अपनी मनमानी से बाज नहीं आता है तो व्यापार मंडल सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगा।

महानगर अध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन ने कहा कि जुलाई में आई बाढ़ के समय सीटी स्कैन मशीन मेडिकल कॉलेज में खोलकर रख दी गई थी। छह दिन बाद पानी खत्म होने के बावजूद अभी तक उसे स्थापित नहीं किया गया। गरीब मरीज से बाहर से सीटी स्कैन कराने के लिए कहा जाता है, जो काफी महंगा होता है। उन्होंने कहा नगर निगम की ओर से संचालित मेडिकल कॉलेज में मोटरसाइकिल स्टैंड के कर्मचारियों की ओर से अवैध वसूली व मरीज के तीमारदारों से दुर्व्यवहार किया जाता है, जो सरासर गलत है। व्यापार मंडल नगर आयुक्त से वार्ता कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगा।ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, महानगर महामंत्री अनूप गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम मोहन मिश्रा, मोहम्मद रफ़ी खान, युवा महानगर अध्यक्ष सचिन सक्सेना, गुलजार अहमद, अर्पित गेहरा मौजूद रहे।

## हत्या के मामले में एक अभियुक्त को आजीवन कारावास

**शाहजहांपुर/ जलालाबाद, अमृत विचार:** थाना जलालाबाद के गांव भटादेवर निवासी अशोक उर्फ सुखपाल के खिलाफ वर्ष 2015 में वादी की पुत्री की गोली मारकर हत्या का मामला थाना जलालाबाद में दर्ज किया गया था। पुलिस ने विवेचना के उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेज दिया था। मॉनिटरिंग सेल व थाना जलालाबाद पुलिस तथा अभियोजन विभाग द्वारा समन्वय स्थापित कर के समयबद्ध रूप से न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश में साक्षियों को साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी की। कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान और शासकीय अधिवक्ता के तर्कों को सुनने के बाद पत्रावली का अवलोकन कर न्यायाधीश ने अभियुक्त अशोक उर्फ सुखपाल को आजीवन कारावास की और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## नगर निगम में छह शिकायतें पहुंचीं, चार का निस्तारण


जनसुनवाई दिवस के दौरान शिकायतें सुनते नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को सुबह 10 से दो बजे तक नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस आयोजित किया गया।

इसमें छह शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें चार का तुरंत निस्तारण कर दिया गया। शेष के निस्तारण को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल आपूर्ति, प्रकाश, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित शिकायतें पहुंची। जिस पर संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी, मुख्य अभियंता सिविल एसके अम्बेडकर आदि रहे।

## मंडलीय ताइक्वांडो में सरसवां के छात्र चमके

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **शान, राज बेबी, जावेद और जगदेव ने जीता रजत पदक**
- **जनता कॉलेज के संचित और निगम ने पाया दूसरा स्थान**

**अमृत विचार:** शिक्षा विभाग के स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत 23 सितंबर को बरेली के गुलाब राय इंटर कॉलेज में हुई मंडल स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग के उच्च प्राथमिक विद्यालय सरसवां भावलखेड़ा के छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जनपद को गौरवान्वित किया है। स्कूल के चार छात्रों ने द्वितीय स्थान पर रहते हुए रजत पदक पर कब्जा जमाया। इससे पहले इसी स्कूल की बालिकाएं भी उपविजेता रह चुकी हैं।


कोच और प्रशिक्षक के साथ मंडलीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के उपविजेता।

प्रतियोगिता के लिए पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरसवां के छात्रों को शिक्षक डॉ. सुरेंद्र सिंह ने प्रशिक्षित किया था। उनकी मेहनत रंग लाई और छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। टीम मैनेजर अजय वर्मा ने बताया कि अंडर-14 आयु वर्ग में शान मोहम्मद ने 25 किलोग्राम भार वर्ग, राज बोबी ने 29 किलोग्राम भार वर्ग में, जावेद ने 32 किलोग्राम भार वर्ग में एवं जगदेव सिंह ने 35 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह जनता इंटर कालेज के संचित और निगम मिश्रा ने भी अपने ग्रुप में रजत पदक प्राप्त किया। मंडलीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका भी डॉ. सुरेंद्र सिंह ने निभाई। बच्चों की कामयाबी पर ग्राम प्रधान अवरीश मोहम्मद, इंचार्ज प्रधानाध्यापक अशोक कुमार गुप्ता, शिक्षिका रीना राजपूत आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।




## एक नजर

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने बताया कि उसका पति ई-रिक्शा चलाता है। 20 सितंबर की रात में साढ़े दस बजे वह और उसका बेटा घर में थे। तभी मोहल्ले का शिवम बाथम, संजय बाथम, लीलाधर एक राय होकर उसके मकान में घुस आए। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने महिला को जान से मारने की धमकी। उसके पुत्र को तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया और महिला के साथ छेड़छाड़ की। इस दौरान उसका पर्स गिर गया, जिसमें चार हजार रुपये थे। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रंजिशन युवक को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** परौर थाना क्षेत्र के गांव कादराबाद निवासी ओमेंद्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रविवार को दोपहर बाद उसी गांव का सतीश उसके दरवाजे पर शराब पीकर आया और गाली देने लगा। इसका विरोध करने पर आरोपी ने उसे पीटकर घायल कर दिया। लोगों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बेकाबू ट्रक ने साइकिल व ई-रिक्शा रौंदा, दो की मौत

## जलालाबाद व मदनापुर में हुए हादसे, मृतक के बेटे समेत कई लोग घायल, चालक ट्रक छोड़कर फरार



हादसे के बाद गमगीन हालत में मृतक जशनप्रीत के परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलालाबाद/ मदनापुर

**अमृत विचार:** कटरा-जलालाबाद रोड पर बेकाबू गति से दौड़ते ट्रक ने अलग-अलग स्थानों पर साइकिल और ई-रिक्शा को रौंद दिया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए थे। चालक ट्रक छोड़कर भाग गया।

जलालाबाद। थाना क्षेत्र के गांव मालूपुर निवासी 30 वर्षीय मूलचंद्र उर्फ संजू व उनका छोटा भाई पिंटू सोमवार को बरेली रोड स्थित एक कोल्ड स्टोर से आलू का सौदा करने के बाद शाम सात बजे साइकिल पर अपने घर लौट रहे थे। साइकिल पिंटू चला रहा था। कोल्ड स्टोर से कुछ दूरी पर एक ईंट भट्ठा के सामने ट्रक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। इसमें मूलचंद्र की मौके पर मौत हो गई। घायल पिंटू को सीएचसी भेज दिया गया। दोनों भाई कोल्ड स्टोर से आलू खरीदकर फुटकर में बेचने का काम करते थे।

मदनापुर। सोमवार शाम मदनापुर चौराहे पर ई-रिक्शा पर छह सवारियां बैठी थी। जलालाबाद में साइकिल सवार को टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक को तेजी से दौड़ा रहा था। हड़बड़ाहट में चालक ने मदानापुर चौराहे पहुंचकर ई-रिक्शा में टक्कर मार दी थी। ई-रिक्शा पर बैठी छह सवारियां घायल हो गईं। सभी घायलों को सीएचसी ले जाया गया। हादसे में मदनापुर थाना के गांव वरुआ पट्टी का 15 वर्षीय जशनप्रीत पुत्र सर्वजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिससे उसे बरेली रेफर कर दिया था। जहां सोमवार देर रात उसकी मौत हो गई। अन्य घायल मलहम पट्टी कराके चले बए। उधर ई-रिक्शा को टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। जशनप्रीत अपने माता-पिता का इकलौता बेआ था। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया।

### भूसी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, सात घायल

- कंबाइन को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा, दो की हालत गंभीर
- खीरी के रहने वाले है सभी, पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया

**खुटार, अमृत विचार :** खुटार-पुवायां हाईवे पर मंगलवार सुबह गांव लक्ष्मीपुर मोड़ के पास सामने से आ रही कंबाइन को बचाने के चक्कर में भूसी से भरा ट्रॉली व ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद चीख पुकार मची तो आसपड़ोस में मौजूद लोग दौड़कर पहुंच गए और ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। इस बीच वहां पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को खुटार सीएचसी भेज दिया। जहां से दो की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना पसगवां के गांव महमदपुर ताजपुर निवासी चालक मोदसिर (30), इकरार (25), वाजिद (35), देवेंद्र (32), मोनीश, पंकज, प्रदीप पुवायां क्षेत्र में भूसी लेने ट्रैक्टर-ट्राली लेकर गए थे। यहां से भूसी भरने के बाद मंगलवार सुबह खुटार की ओर जा रहे थे। सुबह करीब नौ बजे गांव लक्ष्मीपुर के समीप खुटार की ओर से आ रही कंबाइन को बचाने की कोशिश में ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इससे ट्रैक्टर चालक और सभी मजदूर नीचे दब गए। चीख पुकार मचने पर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे ।हादसे के बाद सड़क पर भूसा फैलने से दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई। इसका पता लगने पर वहां पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से ट्रैक्टर ट्राली को जैसे तैसे खिसकाकर घायलों को बाहर निकाला और सीएचीसी भिजवा दिया। जहां घायल मोदसिर व देवेंद्र की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। साथ ही अन्य घायलों की मरहम पट्टी करने के बाद छुट्टी दे दी। उधर, पुलिस की सूचना पर घायलों के परिजन अस्पताल पहुंच गए।



सड़क पर पड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली।

#### ओवरलोड वाहन बनते है हादसे की वजह

ओवरलोड वाहन आए दिन हादसों की वजह बन रहे है। बावजूद इसके पुलिस-प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे बेधड़क होकर चालक वाहनों में सामान भरकर चलते है। चालक क्षमता से अधिक ओवरलोड वाहन लेकर तेज रफ्तार से चलते है। जहां सामने से आने वाले वाहनों को बचाने के फेर में अनियंत्रित होकर वाहन पलट जाते हैं।।

# कंटेनर ने बाइक को मारी टक्कर महिला की मौत, बेटा घायल

संवाददाता, शाहजहांपुर



- बेटी के घर तिलहर जा रही थी बरेली की रहने वाली थी महिला

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय राजमार्ग पर फार्म नंबर तीन के सामने कंटेनर ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार मां-बेटे घायल हो गए। दोनों को सीएचसी ले लाया गया। जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। उधर, राहगीरों ने घेराबंदी कर चालक को कंटेनर समेत पकड़ लिया।

बरेली के थाना फरीदपुर के मोहल्ला मठिया नखाशा निवासी 45 वर्षीय रेशमा अपने बेटे सोनू मंसूरी के साथ मंगलवार शाम छह बजे बाइक पर बेटी के घर तिलहर जा रही थी। मीरानपुर कटरा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर फार्म नंबर तीन के सामने उनकी बाइक में बरेली की तरफ से आ रहे कंटेनर ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे मां-बेटे घायल हो गए। राहगीरों ने चालक को कंटेनर समेत पकड़ लिया।

सूचना पर प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी मौके पर जा पहुंचे और दोनों घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। जहां डाक्टर ने रेशमा को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके बेटे को भर्ती कर लिया। पुलिस चालक को पकड़कर थाने ले आयी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### घर में घुसकर नगदी व जेवर ले गए चोर, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के गांव पिलखना निवासी लालाराम ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 11 सितंबर की रात में चोर उसके मकान में घुस आया। चोर एक चांदी की करधनी, दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी सोने के कुंडल, एक नथनी, 25 हजार रुपये चुराकर ले गए। पीड़ित चोरों की जानकारी करता रहा और चोरों का पता नहीं चला। पुलिस ने अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कटरा की रामनगर कॉलोनी से टावर से उपकरण चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा के मोहल्ला रामनगर कॉलोनी निवासी विनोद वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह इण्डस टावर्स प्राइवेट लिमिटेड में टैक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। कटरा ओवरब्रिज के निकट कंपनी का टावर लगा है। 18 सितंबर की रात में टावर से उपकरण चोरी हो गए। पुलिस ने अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### रंजिश के चलते युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** निगोही थाना क्षेत्र के गांव घाट बोझ निवासी बनवारी लाल ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि नौ सितंबर की रात नौ बजे वह अपने खेत पर फसल की रखवाली करने जा रहा था। रास्ते में गांव के संजय ने उसे रोक लिया और गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने बनवारी को पीटकर घायल कर दिया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली ।

### सदर बाजार पुलिस ने सटोरिया किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह को सोमवार की रात दस बजे सूचना मिली कि मल्हार टाकीज के खाली मैदान में एक युवक सट्टे की खाईबाड़ी कर करा है। पुलिस ने सटोरिये को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया सटोरिया मेहराब निवासी बाडूजइ्र प्रथम थाना सदर बाजार है। पुलिस ने सटोरिये के कब्जे से 380 रुपये, सट्टे की पर्ची व एक मोबाइल बरामद किया है।

### कारीगर की बाइक लेकर गृहस्वामी का बेटा फरार

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव नवदिया नवाजपुर निवासी दीपक कुमार ने बताया कि वह शादी पार्टी में खाना बनाने का काम करता है। 23 सितम्बर को वह गांव के एक व्यक्ति के घर मजदूरी पर खाना बना रहा था। गृहस्वामी का पुत्र कारीगर से कुछ देर के लिए बाइक मांग कर ले गया। लेकिन शाम तक बाइक लेकर वापस घर नहीं आया, तो कारीगर ने उसके पिता से जानकारी की। उसके पिता ने कहा कि उसे इस संबंध कोई पता नहीं है। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर बाइक वापस दिलाने और कार्रवाई की मांग की है।

# युवक ने कमरे में फंदा लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, मदनापुर

- दो दिन पहले दिल्ली से आया था, घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा

**अमृत विचार:** फाजिलपुर गांव में एक युवक ने कमरे का दरवाजा बंद करके कुंडे से रस्सी का फंदा गले में डालकर जान दे दी। वह दो दिन पहले दिल्ली से आया था। घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है।

थाना क्षेत्र के गांव फाजिलपुर निवासी राजेंद्र मौर्य का 21 वर्षीय पुत्र राम किशन मौर्य दिल्ली में काम करता था। वह दिन पहले दिल्ली से अपने घर आया था। मंगलवार की सुबह आठ बजे उसने एक कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और कुंडे से रस्सी का फंदा गले में डालकर जान दे दी। राजेंद्र मौर्य ने अपने बेटे की सुबह साढ़े आठ बजे तलाश की तो देखा कि एक कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने खिड़की से देखा कि उसका बेटा फंदे से लटका हुआ था। उन्होंने दरवाजा तोड़ा और बेटे को नीचे उतारा तो उसकी मौत हो चुकी थी। एसओ अमित सिंह सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की। परिवार वालों ने दो दिन पूर्व दिल्ली से आया था और पारिवारिक कलह को लेकर टेंशन में रहता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस लाइन से पहुंची फोरेसिंग टीम ने जांच करके नमूने लिए। उसकी शादी नहीं हुई थी और दस भाई-बहनों में सबसे छोटा था।

# भाजपा के पूर्व विधायक को जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पैरा मेडिकल कोर्स के संचालक पर धमकी देने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज
- आरोपी पर बकाया है आठ माह का किराया, मांगने पर दिखाई दबंगई

**अमृत विचार:** भाजपा के पूर्व विधायक देवेंद्र पाल सिंह को जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी देने का आरोप मेडिकल कोर्स संचालक पर है, जिसने पूर्व विधायक का भवन किराए पर ले रखा है। उस पर आठ माह का किराया बकाया है। उनके किराया मांगने पर आरोपी ने दबंगई दिखाई है। पूर्व विधायक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चौक कोतवाली क्षेत्र के बरेली मोड़ स्थित गांव मढा निवासी पूर्व विधायक देवेंद्र पाल सिंह ने अपना एक भवन वीके सिंह को किराए पर दे रखा है, जिसमें वीके सिंह ने पैरा मेडिकल कोर्स के नाम से संस्थान खोल रखा था। आरोप है कि वीके सिंह ने आठ माह से भवन का किराया नहीं दिया, जिससे पूर्व विधायक ने भवन खाली करने को कहा। आरोप है कि दो सितंबर को दिन में 11:30 बजे संस्थान के छात्र-छात्राएं किराए पर दिए गए भवन में तोड़फोड़ करने आए।



पूर्व विधायक देवेंद्र पाल सिंह।

तब पूर्व विधायक के परिवार वालों ने छात्र-छात्राओं को समझाया कि संचालक वीके सिंह पर आठ माह का किराया बाकी है। जब बकाया किराया आ जाए तो संस्थान पर आना। काफी समझाने के बाद छात्र-छात्राएं लौट गए। पूर्व विधायक ने अनुसार उन्होंने शाम साढ़े छह बजे वीके सिंह को फोन करके आठ माह का बकाया किराया देने को कहा। साथ ही संस्थान के छात्र-छात्राओं को हाल में तोड़फोड़ करने वाली बात बताई। आरोप है कि तभी वीके सिंह आग बबूला हो गया। कहा कि रोज-रोज किराया मांगते हो, बहुत बड़े विधायक बनते हो। साथ ही पूर्व विधायक को जान से मारने की धमकी दी। वीके सिंह ने कहा कि मैं तभी आऊंगा जब संस्थान की मान्यता का निस्तारण हो जाएगा। पूर्व विधायक को शक है कि भवन में आपत्तिजनक वस्तु हो सकती है। उन्होंने भवन को खुलवाने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि संचालक वीके सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### आरोपी किराएदार पर 3.20 लाख रुपये बकाया

पूर्व विधायक देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि आरोपी वीके सिंह को संस्थान संचालित करने के लिए 40 हजार रुपये प्रतिमाह के किराये पर हाल दिया था, जिसका करीब 3 .20 लाख रुपये बकाया हो गया।

### पहले भी पूर्व विधायक को मिल चुकी है धमकी

ददरौल विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे देवेंद्र पाल सिंह मूल रूप से थाना मदनापुर के गांव सिकंदरपुर कलां के रहने वाले हैं। वर्ष 2020 में उन्हें खेतों में काम करने वाले ट्रैक्टर चालक ने जान से मारने की धमकी दी थी। तब उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

# झोलाछाप के इलाज से विवाहिता की मौत

संवाददाता, कलान

- मृतका के पति ने लगाया झोलाछाप पर इलाज में लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार:** झोलाछाप के इलाज से एक नवविवाहिता की मौत हो गई। मृतका के पति ने झोलाछाप पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतका के मायके वालों को सूचना दे दी गई है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए। क्षेत्र के गांव सिसैया नगला निवासी कृपाल जाटव अपनी पत्नी निशा (22) को तबीयत खराब होने पर सोमवार को गांव लक्ष्मनपुर में एक झोलाछाप के यहां अपराह्न करीब एक बजे इलाज के लिए लाया था। जहां झोलाछाप के इलाज से कोई फायदा नहीं हुआ, बल्कि और हालत बिगड़ती चली गई।



मृतका निशा।

शाम को उसकी मौत हो गई। झोलाछाप ने मौत के बाद शव उसके घर चार पहिया वाहन से पहुंचा दिया। पीड़ित ने बताया कि जब उसे झोलाछाप की लापरवाही उजागर हुई, तो उसने मंगलवार को पुलिस को सूचना दी।

जिस पर थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंचे और मामले की जानकारी कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की रूपरेखा तैयार की। वहीं पुलिस ने विज्ञान विधि प्रयोगशाला टीम को सूचित कर बुला लिया। उसने भी मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए। मृतका का मायका जनपद देवरिया थाना भटनी के गांव मदन चक समोला में है। उसके घर वालों को पुलिस ने सूचना दे दी है। कृपाल ने बताया कि उसकी शादी को 11 माह हुए हैं।



घटना के बाद विलाप करतीं मृतका के परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

> सूचना पर गांव पहुंचकर मामले की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के मायके वाले अभी नहीं आए हैं। मामले की जांच की जा रही है। मृतका के परिजनों के आने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> – प्रभाष चंद्र, थाना प्रभारी कलान

# मारपीट के मामले में दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गांव बिलन्दपुर निवासी हरिश्चन्द्र ने बताया कि रविवार की रात आठ बजे गांव का इन्द्रदेव शराब पीकर उसके दरवाजे पर आया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसकी पत्नी ओमवती को पीटकर घायल कर दिया। उसकी बेटी अंजली बचाने आई तो उसकी भी पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी इन्द्रदेव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वहीं, दूसरे पक्ष के इन्द्रदेव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि रविवार की रात नौ बजे आरोपी हरिश्चन्द्र, पंकज, कान्ता, स्वाती उसके दरवाजे पर आए और गालियां देने लगे। विरोध करने आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी हरिश्चन्द्र, पंकज, कान्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मंगेश यादव एनकाउंटर की जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन
- राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा

**अमृत विचार:** सुल्तानपुर सर्राफ लूटकांड के आरोपी मंगेश यादव एनकाउंटर के मामले की न्यायिक जांच कराए जाने की मांग को लेकर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने जिलाध्यक्ष रामसागर यादव के नेतृत्व में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अनुराग दीक्षित को सौंपा। इससे पहले नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

ज्ञापन में मंगेश यादव की एनकाउंटर में मौत पर सवाल उठाए गए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि एनकाउंटर मनगढंत एवं फर्जी होने की तरफ इशारा कर रहा है। पुलिस द्वारा की गई जांच में काफी खामियां हैं। हमारे संगठन का एक प्रांतीय प्रतिनिधि मंडल मंगेश यादव के परिजनों से मिलने जौनपुर स्थित उनके गांव गया था। परिजनों से पता चला कि पुलिस ने दो सितम्बर की रात मंगेश यादव को उनके घर से उठाया और घर वालों से यह कहा गया कि वह उन्हें पूछताछ के लिए ले जा रहे हैं। मगर दो दिन के उपरांत मंगेश यादव का पुलिस द्वारा एनकाउंटर कर दिया गया।

इसलिए मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण की न्यायिक जांच उच्च न्यायालय के किसी मौजूदा जज से कराने की मांग की गई हैं। ज्ञापन देने वालों में रामसागर यादव, यदुवीर सिंह यादव, सुरेन्द्रपाल सिंह यादव, रामकुमार सिंह यादव, लल्ला सिंह यादव, महावीर यादव, राजीव यादव, मनोज यादव, मानवेन्द्र सिंह उर्फ मोनू यादव, डॉक्टर नवनीत यादव, अजीत यादव, विपिन यदुवंशी, धर्मवीर यादव, सत्येन्द्रपाल सिंह यादव आदि बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित रहे।



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अनुराग दीक्षित को ज्ञापन सौंपते यादव महासभा के पदाधिकारी।

# पति के रहते महिला ने खुद को दर्शाया विधवा

**अमृत विचार, बंडा:** पति के जीवित होने के बावजूद महिला ने पति को मृत बताकर विधवा पेंशन बंधवा ली। गांव के लोगों को जब इस मामले की जानकारी हुई तब से महिला की विधवा पेंशन लिए जाने की जानकारी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। बंडा के गांव सिसोरा सिसोरी के लोगों ने यह प्रकरण सोशल मीडिया पर वायरल किया है। जिसमें कहा गया है कि एक महिला ने अपने पति को मृत बताकर विधवा पेंशन बंधवा ली है। महिला ने जाति भी बदल दी और प्रति छमाही 3000 रुपए कई वर्षों से ले रही है।

### बाप-बेटे को किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** परौर थाना क्षेत्र के गांव मंझा निवासी नरेश ने बताया कि रविवार की साढ़े दस बजे घर के बाहर चारपाई पर बैठा हुआ था। गांव के सतीश व धर्मवीर उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया।

# सफाई कर्मी व प्राइवेट कर्मचारी पर अवैध वसूली का आरोप

संवाददाता, मिर्जापुर

- बार एसोसिएशन ने एसडीएम से की शिकायत

**अमृत विचार :** बार एसोसिएशन ने मंगलवार को एसडीएम से सफाई कर्मी और पूर्ति विभाग से जुड़े प्राइवेट कर्मी पर अवैध वसूली का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत एसडीएम से की गई है।

बार एसोसिएशन जलालाबाद के पदाधिकारियों ने बताया कि कलान ब्लाक में तैनात सफाई कर्मी अवैध रूप से एसडीएम की सरकारी गाड़ी चलाता है। वह क्षेत्र में एसडीएम के ड्राइवर होने की धौंस दिखाकर लोगों से अवैध वसूली करता है। इससे शासन प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया गया है कि यह तहसील के अधिवक्ताओं को भी परेशान करता है। एसडीएम से सामाजिक, आर्थिक व न्यायालय में नुकसान करने की धमकी देता है। अधिवक्ताओं की ओर से बताया गया कि पूर्ति विभाग से जुड़ा एक व्यक्ति अवैध रूप से बाबूगीरी का काम करता है। दोनों आरोपी तहसील परिसर के आवासों में आराम से रह रहे हैं। इन दोनों के कारनामों से क्षेत्र में दहशत व भ्रष्टाचार का माहौल है। इस दौरान बार एसोसिएशन के महासचिव सुरेन्द्र सिंह, नारायण देव पाठक आदि मौजूद रहे।

## अपराध

### पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा किया बरामद, घटना के समय छात्रा ने विरोध करते हुए आरोपी ठेकेदार के हाथ में काट लिया था

# नर्सिंग कॉलेज में छात्रा से अश्लील हरकतें करने वाला ठेकेदार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** नर्सिंग कॉलेज में छात्रा से अश्लील हरकतें करने के आरोपी ठेकेदार को पुलिस को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने ठेकेदार के कब्जे से तमंचा बरामद किया है। ठेकेदार ने छात्रा को तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी थी।

चौक कोतवाली क्षेत्र में बरेली मोड़ के निकट स्थित नर्सिंग कॉलेज में टाइल्स लगाने का कार्य ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। जलालाबाद क्षेत्र की एक युवती नर्सिंग कालेज में बीएससी नसिंग की तृतीय सेमेस्टर की छात्रा है। वह रोजाना की तरह सोमवार को दिन में साढ़े नौ बजे नर्सिंग कालेज में आई। वह दोपहर 12 बजे अपनी सहपाठी से मिलने के लिए सिक रूम में गयी। छात्रा टायलेट करने के लिए प्रसाधन कक्ष में गयी। उस समय प्रशाधन कक्ष में कोई नहीं था। छात्रा का आरोप है कि जैसे अंदर गयी तो पीछे से ठेकेदार आ गया। आरोप है कि गलत नियत से ठेकेदार छात्रा को पकड़ लिया। ठेकेदार ने उसके ऊपर तमंचा रखकर छेड़खानी करने लगा। आरोपी ने कहा कि किसी को बताया तो जान से मार दूंगा। छात्रा ने शोर मचाया तो उसकी सहपाठी दोड़ पड़ी।

आरोपी ठेकेदार धक्का मुक्की में अपनी घड़ी छोड़ गया था। ठेकेदार उसका सहयोगी मौका पाकर भाग गए। पीड़ित छात्रा ने नर्सिंग कालेज स्टाफ को बताया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि दोनों आरोपी सुरेश सिंह व अनमोल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। एएसपी सिटी संजय कुमार और सीओ सिटी सौम्या पाण्डेय ने मौका मुआयना किया था। आरोपियों की तलाश में एसओजी और थाना की दो टीमों का गठन किया गया था। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर को मंगलवार की दोपहर सूचना मिली कि आरोपी सुरेश बरेली मोड़ पर खड़ा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। आरोपी कांट क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है। टीम में उप निरीक्षक रोहित कुमार, सौरभ शुक्ला आदि थे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

### कॉलेज के अंदर कैसे पहुंचा तमंचा

विरोध करने पर छात्रा ने ठेकेदार के हाथ में काट लिया था, जिससे उसकी घड़ी मौके पर गिर गयी थी। जबकि नर्सिंग कालेज में सुरक्षा गार्ड रहता है। ठेकेदार तमंचा लेकर कैसे घुस गया। क्या उसकी तलाशी नहीं ली गयी है। इससे जाहिर हो रहा है कि ठेकेदार की पहले से छात्राओं पर गलत नियत होगी। पुलिस के सामने जुर्म स्वीकार किया और कहा कि तमंचा लेकर आया था। उसकी सुरक्षा गार्ड ने तलाशी नहीं ली थी।

> छात्रा के साथ अश्लील हरकतें करने वाले ठेकेदार को तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथी की तलाश की जा रही है, जो शीघ्र गिरफ्तार होगा। टायलेट के बाहर लगा कैमरा खराब था। इस मामले की विवेचना की जा रही है। –**राजीव तोमर**, इंस्पेक्टर

शिखर नर्सिंग होम
SHIKHAR NURSING HOME
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma
M.D., P.D.C.C. Critical Care
Fellowship in Diabetes
(General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya
M.S.
(Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta
M.S.
(General Surgeon)
Dr. T. Singh
M.S.
(Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी.(साँस सम्बन्धी रोगो की कम्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशूल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम.
(A.N.M.) For Females only*
Course Code- 13
Recognized by Indian Nursing Council
Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow
College Code - 092
बी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow)
College Code - 969
डी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to B.T.E. (Lucknow)
College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com,
shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

## फायरिंग के आरोप में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मदनापुर।** थाना गेट पर भाजपा मंडल अध्यक्ष के ऊपर की गई फायरिंग के मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस्माइलपुर गांव निवासी लाल सिंह की तरफ से मदनपुर निवासी सत्येंद्र सिंह व भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय चौहान थाने पर गए थे। दूसरे पक्ष के हरसिमरन की तरफ से गांव के गुरुबक्श सिंह, जज सिंह, खुदागंज के भूपेंद्र सिंह व कर्मवीर पहुंचे थे। थाना गेट पर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गयी। दूसरे पक्ष ने भाजपा मंडल अध्यक्ष पर फायर किया था, जिससे वह बाल-बाल बच गए। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने बताया कि सत्येंद्र सिंह की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटिना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

PRIME HOSPITAL प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध 7302532226, 9758044442
डॉ. मिनहाज अली खान
एम.डी.

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

# बिना अनुमति स्थापित कीं बुद्ध और डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा हटाई गईं

## एक सप्ताह से ग्रामीणों को मनाने में जुटा था प्रशासन, मंगलवार को बनी सहमति



निगोही इलाके के गांव हसौआ में प्रतिमा हटावाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार



प्रतिमा हटाने से पहले ग्रामीणों से वार्ता करते अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव हसौआ में आठ दिन पहले बिना अनुमति स्थापित की गईं बुद्ध और आंबेडकर की प्रतिमा को ग्रामीणों से वार्ता के बाद मंगलवार शाम को हटवा दिया गया। प्रतिमा को पुलिस ने थाने में रखवा दिया है।

तिलहर एसडीएम जीत सिंह राय, सीओ सदर प्रयांक जैन, नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी, लेखपाल चंचल, इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान के साथ मंगलवार दोपहर करीब एक बजे गांव हसौआ में स्थापित बुद्ध और आंबेडकर की प्रतिमा हटाने के लिए पहुंचे।फिर भारी संख्या में पुलिस बल और एक बटालियन पीएसी भी थी। ग्रामीणों को समझाया गया कि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ न करें, अनुमति मिलने पर दोबारा प्रतिमाओं को स्थापित किया जा सकता है। इसके लिए रात में गांव के एक शिष्ट मंडल की डीएम से वार्ता हुई थी। शिष्ट मंडल में शामिल लोगों ने भी ग्रामीणों को समझाया। इसके बाद शाम करीब सात बजे प्रतिमाओ को हटा दिया गया।

### पुनर्निर्माण कार्य पूरा कराने को समझौते की कोशिश में प्रशासन

**पुवायां।** महापुरुष की स्थापित प्रतिमा वाले पार्क के क्षतिग्रस्त हो चुके लिंटर के स्थान पर दोबारा लिंटर डालने को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है। एसडीएम ने कोतवाली में दोनों पक्षों को बुलाकर मामले की जांचकर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

नगर के मोहल्ला अंबेडकर नगर वार्ड नंबर 3 के मूलचंद, जितेंद्र, सर्वेश, अनिल, राजन, सुरेश, अंकित, विनोद, जसपाल गौतम ने बताया कि मोहल्ला में लगभग 30 वर्ष पुराना अंबेडकर पार्क बना है। जिसमें बाबा डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित है। आंबेडकर प्रतिमा के ऊपर जो लिंटर पड़ा था, वह क्षतिग्रस्त हो चुका था। अनहोनी की आशंका के चलते स्थानीय लोगों ने एसडीएम को पत्र दिय, जिसके बाद लिंटर ढहा दिया था। अब दोबारा पुनर्निर्माण कराए जाने का कार्य शुरू किया गया है। इसी बीच मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने निर्माण कार्य का विरोध करते हुए न्यायालय में मुकदमा दायर कर दिया और निर्माण कार्य का विरोध करना शुरू कर दिया। निर्माण कार्य में रुकावट आने पर मोहल्ले वालों ने एसडीएम को पत्र देकर निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की। मामले को एसडीएम संजय पांडेय व सीओ पंकज पन्त ने गंभीरता से लेते मंगलवार की शाम को दोनों पक्षों को कोतवाली में बुलाकर वार्ता कर मामला सुलझाने का प्रयास किया। राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मौके पर पहुंचे दूसरे पक्ष ने कहा कि अभिलेखों के अनुसार पार्क का निर्माण कार्य किया जाए, सार्वजनिक रास्ता संकरा है, जिसको दो फिट बढ़ाने से सार्वजनिक सुविधा हो सकती है। एसडीएम संजय पांडेय ने बताया कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार व मोहल्ले के वरिष्ठ नागरिकों के अनुसार और मौके की राजस्व व पुलिस रिपोर्ट मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## जूठा पानी गिरने पर युवक को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला लालइमली चौराहे पर एक धार्मिक स्थल के पास एक चाट का ठेला लगता है। धार्मिक स्थल के पास दूसरे समुदाय को लोग खड़े थे। चाट के ठेले पर टिक्की खाने के बाद झूठा पानी दूसरे समुदाय के ऊपर गिर गया। दूसरे समुदाय को लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। इस दौनों समुदाय को लोग एकत्रित हो गए। पुलिस दोनों समुदायों के पकड़कर थाने पर ले गयी। थाना पर भीड़ लग गयी। दोनों समुदायों के लोगों को समझाकर शांत करा दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि शिवम निवासी मक्कू बजरिया थाना सदर बाजार की तहरीर मिल गयी है। तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी गठित

● सीनियर सिटीजन सोसाइटी की बैठक में रुखसार महामंत्री घोषित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



सीनियर सिटीजन सोसाइटी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की नवगठित कार्यकारिणी।

**अमृत विचार:** सीनियर सिटीजन सोसाइटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक वरिष्ठजनों को जोड़ने का आह्वान किया गया। साथ ही शहर की जर्जर सड़कों, भैंसों के कारण होने वाली परेशानियों, बिजली कटौती और कम वोल्टेज को लेकर भी चर्चा हुई।

एमके पब्लिक स्कूल में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष मोहम्मद आमिल खां संगठन को मजबूती देने पर विचार रखे।

जिलाध्यक्ष उमेश चन्द्र पाठक ने प्रकोष्ठ इकाई की घोषणा की। कार्यकारिणी में रुखसार मोहम्मद कुरैशी को महामंत्री, मोहम्मद आलम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जाने आलम को उपाध्यक्ष, जलील अहमद को मंत्री, मो. जाहिद हुसेन खां को संगठन मंत्री, मो. सलीम को प्रचार मंत्री मनोनीत किया गया। इस मौके पर सभी पदाधिकारियों को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। महानगर अध्यक्ष अरुण कुमार दीक्षित की अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी ने किया। इस मौके पर राजेश शुक्ला, अरुण कुमार दीक्षित, रामरक्षपाल, जाहिद खां, बाबू शाह, इसरार खां, अब्दुल कलाम, रेहनत अली, जगत नारायन अवस्थी, जाने आलम, रिजवान खान, मो. कादिर आदि मौजूद रहे।

## डीआईओएस ने किया स्कूल का निरीक्षण

● शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र उपस्थिति और व्यवस्थाएं देख गदगद हुए अधिकारी

● स्कूल में सीसीटीवी और कंप्यूटर देख अधिकारियों ने की सराहना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अकर्रा रसूलपुर स्कूल का निरीक्षण करते डीआईओएस हरिवंश कुमार।

**अमृत विचार:** मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय अकर्रा रसूलपुर का डीआईओएस और पूर्ति निरीक्षक ने अलग-अलग निरीक्षण किया। विद्यालय की व्यवस्थाएं, छात्र और शिक्षक उपस्थिति देख अधिकारियों ने पूरे स्टाफ की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। स्कूल में सीसीटीवी, कंप्यूटर देख दोनों अधिकारी गदगद हुए।

सबसे पहले सुबह के सत्र में डीआईओएस हरिवंश कुमार ने अकर्रा रसूलपुर स्कूल का निरीक्षण किया। डीआईओएस ने बच्चों के बीच जाकर शिक्षा की गुणवत्ता परखी और स्कूल की तमाम व्यवस्थाओं को देखकर सराहना की। उनके बाद बाद पूर्ति निरीक्षक संजय यादव पूर्वांह एक बजे विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंच गए। पूर्ति निरीक्षक ने मध्यान्ह भोजन एवं विद्यालय को मिलने वाले खाद्यान्न की गुणवत्ता को भी परखा। साथ ही रसोईघर की व्यवस्था के साथ भोजन में प्रयुक्त होने वाले मसाले और उनके रखरखाव को देखा और शिक्षकों की सराहना की। साथ ही नए प्रयास करते रहने को कहा।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक प्रेमपाल गंगवार, चंद्रावती, शीला देवी, अनीता वर्मा, श्रुति शर्मा, अपर्णा सिंह, राजकमल मिश्र, प्रियंका शर्मा, मोहम्मद दानिश, सुखलाल, अंकिता पांडेय आदि स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा चालक और बाइक सवार में मारपीट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** शहर में तारीन टिकली के पास बाइक और ई-रिक्शा में शाम को टक्कर हो गयी। इस दौरान दोनों में सड़क पर जमकर हाथापाई हुई। सड़क पर अफरा-तफरी मच गयी। लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला तारीन टिकली में ई-रिक्शा ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों में गुस्सा हो गया। दोनों लोग बीच सड़क पर हाथापाई करने लगे। बाइक सवार ने ई-रिक्शा चालक को नीचे गिरा दिया और मारता रहा। किसी ने वीडियो बनामर वायरल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने उनके संज्ञान में नहीं है।

### भागवत कथा में नारद मोह प्रसंग का वर्णन किया

**सिंधौली, अमृत विचार :** नगर स्थित पेट्रोल पंप के पास मंगलवार से श्रीमद् भागवत कथा आरंभ हो गई। कथा विश्राम के बाद एक अक्टूबर को कन्या पूजन व सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम होगा। कथा शुरू होने से पहले मंगलवार को सुबह 10 बजे नगरवासी श्रद्धालुओं की ओर से कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। इसके बाद दोपहर एक बजे से कथा व्यास आचार्य नरेंद्र मोहन मिश्र की ओर से भक्तजनों को श्रीमद्भागवत कथा का अमृत पान कराया गया। इस दौरान कथा में नारद मोह प्रसंग का वर्णन किया। इस प्रसंग के मुताबिक नारद ने कामदेव को भस्म करने के बाद अभिमान कर लिया था। इस अभिमान को दूर करने के लिए भगवान विष्णु ने एक काल्पनिक लोक का निर्माण किया, जिसकी राजकुमारी विश्व मोहिनी का स्वयंवर होना था। नारद मुनि विश्वमोहिनी पर मोहित हो गए और उनसे विवाह करने के लिए भगवान विष्णु से हरि रूप मांग लिया। भगवान विष्णु ने उन्हें वानर रूप दे दिया। इससे नारद मुनि नाराज हो गए और भगवान विष्णु को श्राप दिया। नारद के श्राप के कारण भगवान विष्णु के अवतार भगवान राम को सीता वियोग में वानरों और भालुओं के साथ लगभग 14 साल बिताने पड़े। कथा के प्रमुख आयोजक कृष्ण मोहन मिश्र उर्फ टेनी ने क्षेत्रीय भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की अपील की है।

### कांट-जलालाबाद रोड पर बेहोश मिला युवक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट-जलालाबाद रोड पर जसनपुर गांव के सामने एक अज्ञात व्यक्ति बेहोशी की हालत में सोमवार की रात दस बजे मिला था। उसके सिर में चोट के निशान थे। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो कोई आईडी नहीं मिली है। दाहिने हाथ बरसू, गांव आझी तहसील शाहाबाद जिला हरदोई लिखा हुआ है। दाहिने हाथ में घड़ी और कलावा पहने हुए है। नीली शर्ट, नीली पैंट, जूते पहने हुए है। उसकी उम्र 40 वर्ष है। कांट पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज में भेज दिया।

## महाविद्यालय में छात्राओं को दी गई कानून की जानकारी



विधिक साक्षरता दिवस में छात्राओं को कानून के बारे में जानकारी देते अतिथि।

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में मंगलवार को सावित्री देवी महिला महाविद्यालय में विधिक साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें महिला सुरक्षा महिला, सशक्तिकरण, स्वच्छता के संबंध में विचार व्यक्त कर छात्राओं को जानकारी दी गई।

सावित्री देवी महिला महाविद्यालय में आयोजित साक्षरता दिवस में प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष पीयूष तिवारी, एसआई मंजू चौथरी, अरविन्द मिश्रा एडवोकेट, जितेंद्र वाजपेयी एडवोकेट एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। साक्षरता दिवस में छात्र को सर्वाइकल कैंसर, स्वच्छता एवं खुद की सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। इस दौरान कालेज के डायरेक्टर संजीव मेहरोत्रा, प्राचार्य शैफाली भी मौजूद रहीं।

## छात्रा ने गर्रा नदी में छलांग लगाकर जान दी

**खुदागंज, अमृत विचार:** 12वीं की छात्रा ने गर्रा नदी में छलांग लगाकर अपनी जान दे दी। मंगलवार सुबह को जागने के बाद वह चुपचाप घर से निकल गई थी।



नगर के मोहल्ला सदर निवासी मनमोहन सिंह की पुत्री आराध्या नवोदित इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा थी। सोमवार शाम को परिवार के लोगों से किसी बात को लेकर नाराजगी हो गई। मंगलवार सुबह लगभग छह बजे वह जागने के बाद घर से करीब पांच सौ मीटर दूरी पर गर्रा नदी के कुचाई घाट जा पहुंची। जहां उसने गर्रा नदी में छलांग लगा दी। कुछ लोगों ने उसे नदी में कूदते देख परिवार वालों को जानकारी दी। फौरन इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब दो घंटे बाद शव बाहर निकाला। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि छात्रा के आत्महत्या करने का कारण पता नहीं चल सका।

# विषय विशेषज्ञों ने दर्शाए टीएलएम मॉडल, जीते पुरस्कार

## राजकीय इंटर कॉलेज में लगी प्रदर्शनी, निर्णायक मंडल ने उत्कृष्ट मॉडलों का किया चयन, डीआईओएस ने किया पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** समग्र शिक्षा अभियान के तहत मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में माध्यमिक विद्यालयों की जिला स्तरीय शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हिंदी, अंग्रेजी, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र और अर्थशास्त्र विषयों के मॉडल प्रदर्शित किए।

प्रदर्शनी मेजबान कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर आरंभ की। जिला समन्वयक राजन प्रजापति ने बताया कि प्रदर्शनी में विभिन्न राजकीय कॉलेजों के 105 शिक्षक-



राजकीय इंटर कॉलेज में लगी प्रदर्शनी में टीएलएम मॉडल प्रदर्शित करते शिक्षक।



श्रेष्ठ मॉडल वाले शिक्षकों को प्रशस्तिपत्र देकर पुरस्कृत करते डीआईओएस हरिवंश कुमार।

- **जीआईसी में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के 105 शिक्षक शिक्षिकाओं ने किया प्रतिभाग**

शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल ने विषयवार प्रत्येक विषय से एक-एक उत्कृष्ट टीएलएम का चयन किया। चयनित टीएलएम में शिक्षक प्रकाश कुमार भूगोल, प्रदीप चौहान इतिहास, पारुल गुप्ता अर्थशास्त्र एवं नागरिक शास्त्र, रश्मि आर्या अंग्रेजी, ममता राठौर जीव विज्ञान, विकास दीक्षित रसायन विज्ञान, नेहा मिश्रा व प्रियंका गुप्ता गणित रहे। निर्णायक मंडल में एसएस कॉलेज के डॉ. दुर्ग विजय, डॉ. अरुण यादव, भानु प्रताप, जीएफ कॉलेज के डॉ. रियाज अहमद, डॉ. मोहम्मद शोएब, डॉ. रोशन, डॉ. रिजवान शामिल रहे। समापन पर उत्कृष्ट टीएलएम बनाने वाले शिक्षकों-शिक्षिकाओं को बतौर मुख्य अतिथि डीआईओएस हरिवंश कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इन सभी को एक-एक हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी, जो संबंधित शिक्षक के खाते में भेजी जाएगी। आयोजन में शैलेंद्र विक्रम सिंह, प्रेम शंकर सक्सेना, डॉ. ब्रजेश, अभिषेक कनौजिया, सर्वेश कुमार, गौरव सक्सेना, विपिन श्रीवास्तव आदि का सहयोग रहा।

## एनएसएस डे पर छात्राओं ने सजाई आकर्षक रंगोली

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** आर्य महिला डिग्री कॉलेज में मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने आकर्षक रंगोली बनाई

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुनीता जैसल ने छात्राओं का आह्वान किया कि वह स्वच्छता की अलख जगाकर भविष्य में अपने चारों ओर स्वच्छ वातावरण निर्माण करें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानू दुबे ने स्वच्छता को जीवन का एक अंग बनाने की प्रेरणा दी। इस मौके पर छात्राओं ने स्वच्छता अभियान को समर्पित रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए आकर्षक रंगोली से कालेज परिसर को सजाया। शैली और शालिनी के निर्देशन में चली प्रतियोगिता में अल्पना ने प्रथम, अपर्णा ने द्वितीय, आरुषि और श्रद्धा ने तृतीय स्थान पाया। दीक्षा और अन्नपूर्णा को सांत्वना पुरस्कार मिला। ऋतु शर्मा आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।



आर्य महिला कालेज में रंगोली के साथ एनएसएस छात्राएं। ● अमृत विचार

## स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वर्चुअली किया तंबाकू निषेध केंद्र का उद्घाटन



तंबाकू सेवन निषेध केंद्र के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के डीन व प्रधानाचार्य डॉ. आरएन शुक्ला व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में हुई स्थापना**

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्रालय व राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के निर्देशानुसार तंबाकू सेवन निषेध केंद्र का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में किया। हाल ही में अपने परिपत्र से राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने देशभर के मेडिकल कॉलेजों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से निपटने और जन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए 'तंबाकू सेवन निषेध केंद्र' स्थापित करने का निर्देश दिया था। बताया गया कि इस पहल का उद्देश्य तंबाकू सेवन निषेध के लिए विशेष सेवाओं को शैक्षणिक और स्वास्थ्य सेवा ढांचे में एकीकृत करके स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। इस केंद्र का उद्देश्य जन स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से निपटना व युवा वर्ग को जागरुक करना है।

देश में वैश्विक वयस्क तंबाकू सर्वेक्षण के अनुसार बहुत बड़ी संख्या में लोग तंबाकू का सेवन करते हैं। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान व अनुसंधान परिषद के कई अध्ययनों से पता चला है कि भारत में तंबाकू का सेवन करने वालों की संख्या दुनिया में दूसरे नंबर पर है। इनमें से बहुत से लोग हर साल तंबाकू से संबंधित बीमारियों से मरते हैं। भारत में होने वाले कैंसरों में से लगभग 27 प्रतिशत से अधिक तंबाकू के सेवन के कारण होते हैं। पान मसाला, गुटखा जैसे धुआं रहित उत्पादों के साथ-साथ बीड़ी और सिगरेट का लगभग एक जैसा प्रभाव शरीर पर पड़ रहा है, जिसकी वजह से कैंसर सक्रिय हो जाता है।

उद्घाटन कार्यक्रम में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के डीन व प्रधानाचार्य डॉ. आरएन शुक्ला, उप-प्रधानाचार्य डॉ. एस कृष्णन, उप-चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी ललित चौहान, तंबाकू सेवन निषेध केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. जावेद हसन, मानसिक रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ए मार्टिन, मानसिक रोग विभाग के चिकित्सक डॉ. अभिषेक चकलाधर आदि उपस्थित रहे।

## स्वच्छता स्वस्थ समाज के निर्माण का मूल आधार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **उपनिदेशक ने परिषदीय स्कूल अकर्रा रसूलपुर में प्रतियोगिताएं आयोजित कराईं**

**अमृत विचार:** एसएस कॉलेज और क्षेत्रीय इग्नू केंद्र लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय उप निदेशक डॉ. रीना कुमारी ने कहा कि स्वच्छता आदतों के अभाव में कोरोना जैसी बीमारियां और अधिक घातक रूप धारण कर लेती हैं। व्यक्तिगत शौचालय का उपयोग, घर तथा आसपास स्वच्छता रखने की आदत एवं निरंतर हाथ धोने की प्रवृत्ति स्वस्थ समाज के निर्माण का मूल आधार है।

उन्होंने कहा कि इग्नू द्वारा राष्ट्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कौशल विकास एवं ज्ञान संवर्धन के नए पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद ने कहा कि स्वच्छता आदतों का नियमित उपयोग वर्तमान समय की विशेष आवश्यकता है। साथ ही शिक्षा के द्वारा इसको जनजागरूकता के रूप में विकसित किया जा सकता है। इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर प्रभात शुक्ल ने कहा कि इग्नू विद्यार्थियों को दोहरे नामांकन की सुविधा प्रदान करता है। कोई भी विद्यार्थी स्नातक अथवा परास्नातक पाठ्यक्रम को पूरा करने के साथ ही डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी को स्वच्छता शपथ भी दिलाई।

इससे पूर्व क्षेत्रीय उपनिदेशक डॉ. रीना ने कंपोजिट विद्यालय अकर्रा रसूलपुर में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत क्विज, पोस्टर तथा स्लोगन प्रतियोगिता कराई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। समापन पर डॉ. रीना कुमारी, डॉ. प्रभात शुक्ल, प्रेम पाल समेत स्कूल के शिक्षकों और विजेता बच्चों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौध भी रापी। संचालन प्राध्यापक राहुल शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक एवं बीएड, एमएड के विद्यार्थी शामिल रहे।



एसएस कॉलेज के इग्नू अध्ययन केंद्र पर स्वच्छता संबंधी शपथ लेते विद्यार्थी। ● अमृत विचार



कंपोजिट विद्यालय अकर्रा रसूलपुर में पौधरोपण करतीं उप निदेशक डॉ. रीना कुमारी।

### सार-संक्षेप

#### मेडिकल कैंप में अधिकारियों व कर्मचारियों ने कराई जांच

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आयुध वस्त्र निर्माणी में चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को ऑर्डिनेंस क्लब में मेडिकल कैंप लगाया गया। इस अवसर पर निर्माणी के अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मेडिकल कैंप निर्माणी के महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा ने आरंभ किया। इसके बाद निर्माणी के 90 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वास्थ्य की जांच कराई। महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इसलिए हमें अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए। यह बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर अपने शरीर की जांच कराना जागरूकता को दर्शाता है। शरीर में यदि कोई समस्या है, तो उसका समय से उपचार भी कराया जा सकता है। कॉर्डिओलॉजी से संबंधित लगे कैंप में बरेली के गंगाशील एडवांस मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के डॉक्टर राहुल सिंह ने अपनी टीम के साथ जांच की। इस दौरान ईसीजी, ब्लड टेस्ट, बीपी, शुगर आदि की जांचें की गईं।

#### फारसी-अरबी भाषा जिंदगी का अमूल्य हिस्सा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज में मंगलवार को फारसी विभाग में गोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय हिंदुस्तान में फारसी भाषा की शुरुआत एवं विकास रहा। प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खां ने कहा कि फारसी-अरबी एवं उर्दू भाषा जिंदगी का बहुमूल्य हिस्सा है। विभागाध्यक्ष प्रो. जीए क़ादरी ने कहा कि फारसी, अरबी महज भाषा नहीं हैं, बल्कि इंसान के व्यक्तित्व का निर्माण करने वाली भाषा, तहजीब, तमद्दुन का आईना हैं। सानिया अंसारी ने मुगल दौर में फारसी अदब, फिजा मंसूरी ने मुगल काल के आखरी दौर की फारसी शायरी और मंतशा ने अमीर खुसरो की शायराना बुलंदी, मोहसिन ने कुरआनी तालीमात और मुबारक हुसैन ने अरबी की अहमियत पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। संचालक छात्र शादाब रजा ने भी शोध-पत्र भी पढ़ा। अरबी विभाग के अब्दुल वकील खां, कार्यक्रम समन्वयक प्रो. मोहम्मद साजिद खां समेत विभाग के विद्यार्थी मौजूद रहे।

#### कटरा इलाके से किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा थाना के गांव पिपरी निवासी वीरपाल ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 20 सितंबर की शाम उसकी 16 वर्षीय पुत्री सावित्री कहीं चली गई है। उसको रिश्तेदारी में तलाश किया और पता नहीं चला है। पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस किशोरी की तलाश कर रही है।

## टीकाकरण से अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार।** सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह के निर्देश पर बिजलीपुरा, बाडूजई, महमंद हद्दफ, तारीन जलालनगर, गदियाना में टीकाकरण किया गया। जिसमें बच्चों की संख्या 245 के सापेक्ष 88 रही, जो लक्ष्य का कुल 36 प्रतिशत है। कहा कि शेष सत्रों में गंभीरता से टीकाकरण किया जाए और लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक भी किया जाए।

## वरुण अर्जुन कॉलेज के शिविर में लोगों को किया गया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली में निशुल्क नेत्र रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 65 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 12 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। जिनका ऑपरेशन रोहिलखंड अस्पताल में निशुल्क किया जायेगा।

शिविर में सभी मरीजों को निशुल्क आई ड्रॉप व दवाइयां वितरित की गईं। इस मौके पर चिकित्सकों की ओर से लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण के लिए जागरूक किया गया। अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया गया। काला मोतियाबिंद की जांच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आंख के पर्दे की जांच व इलाज, मोतियाबिंद का ऑपरेशन चीरा विधि तथा फेको विधि द्वारा, भेंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा, कंप्यूटर द्वारा चश्मा के नंबर व प्रमाणीकरण और जांच की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। कैंप में मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग की चिकित्सक अक्षय अग्रवाल, नेत्र टेक्नीशियन शिवम शर्मा, पैरामेडिकल स्टाफ व मेडिकल कॉलेज के पीआरओ मोहित थापा मौजूद रहे।



शिविर में मरीज की जांच करतीं चिकित्सक। ● अमृत विचार

## मीना बालिकाओं का जन्मदिन मनाया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **बच्चों ने केक काटकर मनाया जश्न, ताज पहनाकर सम्मानित किया**

**अमृत विचार:** मंगलवार को परिषदीय स्कूलों में मीना मंच के द्वारा मीना बालिकाओं का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल को सजाकर बालिकाओं को रंग-बिरंगी बर्थ डे कैप लगाई गईं, जिन्होंने केक काटकर जश्न मनाया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को उपहार भेंट किए।

कंपोजिट विद्यालय अटसलिया में मीना का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। मीना बालिकाओं ने केक काटकर खुशियां मनाईं। सभी बच्चों को केक, ट्रॉफी, बिस्कुट वितरित किए गए। मीना टोली ने गीत भी गाए। कोमल, उपासना, लक्ष्मी, सुहानी आदि बालिकाओं ने मीना की इच्छाओं के विषय में चर्चा की। निकहत परवीन, दपिंदर कौर, मुन्नी आर्य, मीरा सिंह, रश्मि सक्सेना, साईंमा, नम्रता मिश्रा, वर्षा मिश्रा आदि शिक्षिकाओं का योगदान रहा। उधर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी में मीना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मीना बालिकाओं ने केक काटकर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाध्यापिका रुफिया खान ने मीना नामक लड़की के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए मंच की स्थापना के उद्देश्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम की संयोजक अर्चना सक्सेना ने मीना बालिकाओं को ताज पहनकर सम्मानित किया।




स्कूल में ताज पहनाकर सम्मानित की गईं छात्राएं। ● अमृत विचार

### पतराजपुर स्कूल में मीना मंच ने लगाए स्टाल



**निगोही, अमृत विचार :** संविलयन विद्यालय पतराजपुर में मीना मंच की सुगमकर्ता रश्मि सक्सेना के निर्देशन में विभिन्न विषयों से संबंधित स्टाल लगाए गए। छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के प्रोजेक्ट तथा अविष्कारों के बारे में जानकारी दी। गणित के स्टॉल पर खेल खेल में कैसे सीखें गणित, कानूनी जागरुकता स्टॉल पर आवश्यक हेल्पलाइन नंबर, पर्यावरण के स्टाल पर परिवेश और स्वच्छता का महत्व समझाया गया। तीन पावर एंजिल को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इंचार्ज प्रधान अध्यापक आजम खां ने बच्चों को सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का संदेश दिया। साथ ही बालिका शिक्षा का महत्व भी समझाया। समापन पर सभी बच्चों को जलपान कराया गया। अनुराधा, श्वेता, प्रताप, मीनाक्षी, बेलावती, पूनम, रामबहादुर आदि का योगदान रहा।


## एसआरएमएस में विश्वस्तरीय सुविधाओं संग स्पेशलिस्ट चिकित्सक कर रहे दिल का इलाज

# युवा दिलों का थकना खतरे के संकेत

## संतुलित आहार, नियमित और सक्रिय दिनचर्या से ही दे पाएंगे नाजुक दिल को सहारा

**बरेली:** पिछले तीन दशकों में युवाओं और महिलाओं में हार्ट अटैक का खतरा काफी बढ़ गया है। इसकी वजह आजकल की दौड़भाग भरी जिंदगी, अनियमित दिनचर्या और असंतुलित खान-पान है। जो तरह तरह की बीमारियां दे रहा है। इसमें दिल की बीमारियां भी शामिल हैं। जो कई तरह की हैं, लेकिन ज्यादातर लोग हार्ट अटैक से ही परिचित हैं। हार्ट हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। ऐसे में इससे जुड़ी दिक्कतों को गंभीरता से लेना बेहद जरूरी है। जिससे समय रहते आर्ट अटैक जैसी गंभीर समस्याओं से हम खुद और अपनों को बचा सकें। हार्ट अटैक से बचने के लिए पहली जरूरी बात है कि हम उसके कारणों और बचाव के उपयों के बारे में जानें। तो आइए जानते हैं क्यों होती हैं दिल की बीमारियां...

WORLD HEART DAY 29 SEP

SRMS




- संतुलित आहार, नियमित और सक्रिय दिनचर्या से ही दे पाएंगे बीमारियों को मात
- एसआरएमएस में हैं हार्ट संबंधी उपचार की अत्याधुनिक सुविधाएं
- आयुष्मान योजना में भी हो रहा है हृदय की समस्त बीमारियों का इलाज

### विश्व हृदय दिवस पर 27 एवं 28 सितम्बर को हो रहा है शिविर

पिछले 20 वर्षों से एसआरएमएस का इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी एवं कार्डियक सर्जरी विभाग प्रत्येक वर्ष विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जनजागरूकता के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन करता रहा है। इस वर्ष भी एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज द्वारा यह शिविर 27 एवं 28 सितम्बर को प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा।

शिविर में वरिष्ठ हृदय विशेषज्ञों द्वारा परामर्श एवं ईसीजी निशुल्क की जायेगी। साथ ही जरूरत पड़ने पर ईको की जांच मात्र 1000-/ रू में की जायेगी। 256 स्लाइस ड्यूल सोर्स सीटी स्कैन से होने वाली कार्डियक एन्जियोग्राफी पर 20% की छूट भी प्रदान की जायेगी।

### क्यों होती है हार्ट की समस्या और दिक्कतें?



डॉ. अमरेश अग्रवाल
डी.एम., कार्डियोलॉजी

बरेली स्थित एसआरएमएस मेडिकल कालेज के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट प्रोफेसर (डॉ.) अमरेश अग्रवाल के अनुसार आजकल लोग आधुनिक और आरामतलब जीवनशैली के प्रभाव में अपने शरीर और उसकी जरूरतों को काफी ज्यादा नजरअंदाज करते हैं। फास्ट-फूड, जंक फूड व शराब का सेवन, ज्यादा फैट वाला मांस, ज्यादा तैलीय खाना आज लोगों की आदत में शामिल हो गया है। साथ ही शारीरिक गतिविधियों में भाग न लेना और जरूरत से ज्यादा तनाव का सीधा असर भी दिल पर पड़ता है। इसके परिणाम काफी खतरनाक होते हैं। कुछ वर्षों से युवा इसकी चपेट में ज्यादा आ रहे हैं। ऐसे में युवा दिलों का थकना भविष्य के लिए ज्यादा खतरनाक संकेत हैं। उन्हें अभी से जागरूक होने की जरूरत है।

### क्या है हार्ट संबंधी दिक्कतों की वजह?

जब हार्ट ठीक से पंप नहीं कर पाता है, तो हमें इससे संबंधित बीमारियों से घिरने का खतरा बन जाता है। इसमें कोरोनरी धमनियों में ब्लाकेज हो जाता है। यह ब्लाकेज एक प्रकार के वसा की वजह से होती है। ब्लाकेज से ब्लड सर्कुलेशन धीमा हो जाता है और मस्तिष्क जैसे जरूरी अंगों को पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन नहीं मिल पाता। ब्लाकेज ज्यादा होने पर हार्ट ब्लड को पंप नहीं कर पाता। इसका परिणाम हार्ट की अन्य दिक्कतों के साथ ही हार्ट अटैक के रूप में सामने आता है। इसके साथ ही डायबिटीज, चलने में सांस का फूलना भी हार्ट अटैक की वजह बन सकता है।

### क्या हैं हार्ट की समस्याओं के लक्षण?

हार्ट अटैक के लक्षण सभी मरीजों में अलग-अलग होते हैं। कुछ लोगों के सीने में धीमा दर्द उठता है, जबकि कुछ लोगों को एकदम से तेज दर्द होता है। हार्ट अटैक पर किसी को कोई भी लक्षण समझ में नहीं आते हैं, जबकि किसी को कार्डियक अरेस्ट की परेशानी हो जाती है। हार्ट अटैक आने से पहले चेतावनी के तौर पर सीने में हल्का दर्द होता है या सीने में हल्का दबाव महसूस होता है, जो थोड़ा बहुत आराम से सही हो जाता है। चलने या सीढ़ी चढ़ने में सांस फूलना, पसीना आना आदि लक्षण भी अधिकांश तौर पर मरीजों में देखे जाते है जिसको नजर अंदाज करना ठीक नहीं। इससे बचने के लिए नियमित जांच करवाते रहना ज्यादा फायदेमंद है।

### उपलब्ध इलाज की सुविधायें

कैथ एन्जियोग्राफी ▪ एन्जियोप्लास्टी ▪ सिंगल/डबल/ट्रीपल चैम्बर पेसमेकर ▪ ए.आई.सी.डी. डिवाइस ▪ बैलून वॉल्वॉटमी ▪ रोटाब्लेशन इन्ट्रावस्कुलर लिथोट्रिप्सी ▪ कार्डियक बाईपास सर्जरी ▪ वॉल्व रिप्लेसमेंट/ रिपेयर सर्जरी ▪ थोरेसिक सर्जरी ▪ वस्कुलर सर्जरी ▪ 24 घंटे कार्डियक इमरजेंसी मैनेजमेंट

### प्रशिक्षित विशेषज्ञों की टीम

**डा. अमरेश अग्रवाल**
एमडी, डीएम (कार्डियोलाजी)
**डा. विकास दीप गोयल**
एमएस, एमसीएच (सीटीवीएस)
**डा. तन्मय अग्रवाल**
एमडी, डीएम (कार्डियोलाजी)
**डा. अमित वार्ष्णेय**
एमडी, डीएनबी (कार्डियोलाजी)

**श्री राम मूर्ति स्मारक अस्तपाल, भोजीपुरा, बरेली ✆ 9458705555**

advt

सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरुष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
- मर्दाना कमजोरी
- शुक्राणु की कमी
- शीघ्रपतन

का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

- जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
- क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा.आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drrpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना


समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic


पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।



नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:-15 सितम्बर 2024, रविवार
29 सितम्बर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# अस्पताल में डाक्टर नहीं तो बच्चों को भी नहीं मिली दवा

## बाल रोग विशेषज्ञ के इंतजार में बच्चों संग आई महिलाएं लौटीं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में बाल रोग विशेषज्ञ न होने से बीमार बच्चों को दवा नहीं मिल पा रही है। जिला अस्पताल में दर्जन भर महिलाएं मंगलवार को अपने बीमार बच्चों को लेकर पहुंचीं। लेकिन यहां पर बच्चों के डॉक्टर नहीं मिले, महिलाओं को कई घंटे तक इंतजार करना पड़ा। डॉक्टर के नहीं मिलने पर महिलाएं अपने बच्चों को लेकर वापस लौट गयीं। उसी तरह महिला अस्पताल में भी मंगलवार को कोई बाल रोग विशेषज्ञ नहीं था इसलिए बच्चों को दवा नहीं मिल सकी।

जिला अस्पताल में पिछले दो साल से बाल रोग विशेषज्ञ नहीं हैं। यहां पर सीएमएस डा. कप्तान सिंह बाल रोग विशेषज्ञ हैं। लेकिन वह जब से सीएमएस बने हैं तब से छोटे बच्चों को नहीं देख रहे हैं। उनके कार्यालय में जो परिजन बच्चों को लेकर पहुंचते हैं उन्हे तो दवा मिल जाती है। लेकिन अन्य बच्चों को दवा नहीं मिल पाती है। बाल रोग विशेषज्ञ नहीं होने से यहां पर बीमार बच्चों को दवा नहीं मिल पाती है। मंगलवार को सहसवान इलाके के बसावनपुर गांव की महिलाएं अपने बीमार बच्चों को लेकर पहुंची। बाल रोग विशेषज्ञ नहीं मिले। महिलाएं वहीं पर बैठ कर डॉक्टर का इंतजार करने लगीं। जब काफी देर तक डॉक्टर नहीं आए तो महिलाएं अपने बीमार बच्चों को लेकर वापस लौट गयीं। महिलाओं ने बताया कि यहां पर बच्चों के डॉक्टर नहीं होने से कई बार वापस लौटना पड़ा है। जिला अस्पताल में बच्चों के डॉक्टर काफी समय नहीं है। पिछले साल एक जुलाई शाहजहांपुर के जिला अस्पताल से एक बाल रोग विशेषज्ञ ट्रांसफर होकर आए थे। वह यहां पर ज्वाइन करके चले गए उसके बाद लौट कर नहीं आए। तभी से बाल रोग विशेषज्ञ का पद खाली है।



बाल रोग विशेषज्ञ के इंतजार में बैठीं बीमार बच्चों को लेकर महिलाएं।

### छोटे बच्चों को हर रोज बिना दवा के लौटना पड़ता

जिला महिला अस्पताल में भी मात्र दो बाल रोग विशेषज्ञ हैं जिनमें एक डाक्टर एसएनसीयू में डयूटी करते हैं जब कोई डॉक्टर नहीं होता है तो सीएमएस डा. इंदुकांत वर्मा स्वयं ओपीडी में बैठकर बच्चों को देखते हैं। मंगलवार को ओपीडी में एक भी बाल रोग विशेषज्ञ नहीं था इसलिए यहां पर भी बच्चों को दवा नहीं मिल सकी। दर्जनों बीमार बच्चे वापस लौट गए। महिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ नहीं होने से छोटे बच्चों को हर रोज बिना दवा के लौटना पड़ता है।

- **सुबह से इंतजार के बाद दोपहर को वापस लौट गईं महिलाएं**

जिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ नहीं है वह स्वयं कुछ बच्चों को देखते हैं। एक दूसरे डॉक्टर को बैठा दिया है जो बच्चों को देखते हैं। समस्या तो है मगर क्या किया जाए। बाल रोग विशेषज्ञ की मांग की गयी। एडी हेल्थ को भी इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है। **-डा. कप्तान सिंह**, सीएमएस जिला अस्पताल

## 31 दिसंबर तक होगी कार्डों में ई-केवाईसी

**बदायूं, अमृत विचारः** राशन कार्डधारकों के लिए ई-केवाईसी कराने के लिए तीन माह तक की मोहलत मिल गई है। अब 31 दिसंबर तक ई-केवाईसी होगी। इससे पूर्व यह तिथि 31 सितंबर थी। निर्धारित तिथि तक संशोधन न कराए जाने पर फ्री राशन का लाभ लोगों को नहीं मिलेगा।

राशन कार्ड में दर्ज नामों की ई-केवाईसी कराई जा रही है। ई-केवाईसी कराने में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत उन लोगों को है जिनके आधार अपडेट नहीं हैं। तथा बच्चों के आधार नहीं बन सकें हैं। इसके लिए आधार बनाने वाले सेंटरों पर भीड़ लग रही है। आधार में आ रही दिक्कतों की वजह से ई-केवाईसी का काम भी रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। यह स्थित जिले में ही नहीं अन्य जिलों की भी है। जिस पर शासन ने ई-केवाईसी कराने के लिए तिथि बढ़ा दी है। अब राशन कार्ड धारक 31 दिसंबर तक ई-केवाईसी करा सकते हैं। जिला पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि आधार में संशोधन न होने की वजह से ई-केवाईसी नहीं हो पा रही है।

# स्कूलों में मिली गंदगी कोर्स भी मिला अधूरा



स्कूल में निरीक्षण करते डीआईओएस डॉ प्रवेश कुमार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** जिला विद्यालय निरीक्षक ने मंगलवार को कई स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें स्कूलों में अव्यवस्थाएं मिलीं। उन्होंने शिक्षकों को सुधार के निर्देश दिए। साथ ही शैक्षिक पंचांग के अनुसार पढ़ाई कराने के लिए आदेशित किया।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ प्रवेश कुमार ने निजामपुर, कादरबाडी, आर्सिस बर्खिन, सहित कई स्कूलों का निरीक्षण किया। निजामपुर में एक शिक्षक अनुपस्थित मिले। जो शिक्षक मौजूद थे, उनके द्वारा शिक्षक कार्य कराया जा रहा था। कॉलेज परिसर में गंदगी मिली। वहीं कादरबाड़ी स्कूल में डीआईओएस को कोर्स पूरा नहीं मिला। परिसर में साफ सफाई नहीं थी। अर्सिस बर्खिन के निरीक्षण में बच्चों की संख्या कम थी। कक्षा कक्षों के साथ परिसर में गंदगी फैली हुई थी। ऐसी ही स्थिति अन्य स्कूलों में मिली। जिस पर डीआईओएस ने नाराजगी जताते हुए शिक्षकों से स्कूल परिसर की साफ सफाई कराने के आदेश दिए। साथ की माध्यमिक शिक्षा परिषद से निर्धारित शैक्षिक पंचांग के अनुसार पढ़ाई कराने के लिए आदेशित किया। शिक्षकों से कहा कि बोर्ड परीक्षा से पूर्व कोर्स को पूरा लिया जाए। जिससे बच्चे रिवीजन कर सकें।

# पुरानी पेंशनः कर्मचारियों की आक्रोश रैली 26 को



पेंशन बहाली के आंदोलन की रणनीति बनाते अटेवा पदाधिकारी

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा की ब्लाक संसाधन केंद्र सभागार में बैठक आयोजित की गयी। वक्ताओं ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 26 सितंबर को जिला मुख्यालय पर आक्रोश रैली निकाल कर धरना देने का ऐलान किया।

मंगलवार को बैठक में संगठन के जिला संरक्षक अनिल कुमार यादव ने सभी विभागों के कर्मचारियों से रैली में भाग लेकर सफल बनाने की अपील की। अटेवा के जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह यादव ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए आर-पार का संघर्ष जरूरी है। पेंशन पाने कर्मचारी का अधिकार है। न्यू पेंशन योजना में कर्मचारी के सेवानिवृत्ति के बाद उसे जो पेंशन मिलेगी उससे कर्मचारी का खर्च निकलना कठिन होगा। बैठक में राजकुमार शर्मा, रजनीश कुमार चौधरी, सुरेंद्र सिंह निर्भान सिंह, लल्लू सिंह, नरेंद्र सिंह, भारत भूषण, अजय शाक्य अफजल खान, चंचल रानी, दीपा सिंह, अनीता रानी, विवेक चौधरी आदि शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अल्पसंख्यक मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान

बदायूं अमृत विचार : शेखूपुर विधान सभा के कई गांवों में आज भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। ब्रज क्षेत्र के सह प्रभारी अरशद अल्वी के नेतृत्व में कई गांवों में मुस्लिम समाज के लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गयी। जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद शीराज आलम ने कहा सदस्यता अभियान जिले के समस्त मंडल के हर एक घर तक जाएगा। इस मौके पर नसीम खान, अज़मत पीर, सालिम खान, साहिल खान, सत्तार अल्वी, मुश्ताक शाह, सहित काफी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जीआईसी में शिक्षकों ने किया टीएलएम का प्रदर्शन

**बदायूं अमृत विचारः** मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज में टीएलएम प्रदर्शनी लगी। जिसमें शिक्षकों ने अपने टीएलएम का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का डीआईओएस ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान डीआईओएस डॉ प्रवेश कुमार ने कहा कि सभी शिक्षक टीएलएम का प्रयोग कक्षा के अंदर शिक्षण कार्य के दौरान करें। इससे शिक्षण कार्य सरल बनाया जा सकता है।

## एक नजर

### रोलर स्केट टीम की उपकप्तान आज लौटेगी स्वदेश

**बदायूं,अमृत विचार :** इटली में आयोजित विश्व स्तरीय रोलर स्केट प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहने वाले भारत टीम की उप कप्तान वैष्णवी शर्मा बुधवार को स्वदेश लौट रही है। प्रतियोगिता में भारत ने चीन को हराकर कास्य पदक जीता है। बिजनौर की रहने वाली वैष्णवी बचपन से मोहल्ला शहीदां में नाना राकेश शर्मा के पास रहकर पढ़ाई कर रही है। वह बांके बिहारी जी कन्या महाविद्यालय में बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा है। वह कई साल से उत्तर प्रदेश टीम की कप्तान भी हैं। वैष्णवी के स्वदेश लौटने के इंतजार में उझानी में खेल प्रेमी स्वागत की तैयारी कर रहे हैं।।

### स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुई तीरंदाजी प्रतियोगिता

**बदायूं,अमृत विचार :** बहेड़ी स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंडर 14 से अंडर 18 के बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें अपनी अपनी पोजीशन पर खिलाड़ी विजेता रहे।

# आवास विकास की मुख्य सड़क बनी तालाब, निकलना मुश्किल

## छात्रों और एलआईसी कार्यालय आने वाले को होती है दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अधिकारी शासन में प्रस्ताव भेजे जाने की कह रहे बात
- मुख्य मार्ग में हो चुके हैं तालाब नुमा गड्ढे, भर रहा पानी

**अमृत विचार:** आवास कॉलोनी की मुख्य सड़क टूटकर बिखर चुकी है। सड़क में बने गहरे और चौड़े गड्ढे अब तालाब का रूप धारण कर चुके हैं। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। कॉलोनी वासियों के साथ यहां पर संचालित स्थित डिग्री कॉलेज के छात्र और एलआईसी कार्यालय आने वाले लोगों को हो रही है। ऐसी स्थिति होने पर परिषद के अधिकारी शासन में प्रस्ताव भेजे जाने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं।

आवास विकास कॉलोनी का करीब तीन सौ मीटर का मुख्य मार्ग वर्षों से टूटा पड़ा है। अब उसकी स्थिति और खराब हो गई है। सड़क की गिट्टी और बजरी बाहर आ गई है। हाल में ही हुई बरसात के दौरान सड़क ने तालाब का रूप धारण कर लिया है। करीब डेढ़ सौ मीटर की दायरे में कई गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं। उनमें पानी भर रहा है। बरसात के दौरान स्थिति और भी भयानक हो गई थी। तालाब नुमा गड्ढों से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया था। पैदल चलने लायक स्थिति नहीं थी। वाहन चालकों को अधिक दिक्कत हो रही है। इस रोड को बनवाने के लिए कई बार कॉलोनी के लोग आवास विकास परिषद के अधिकारियों से मांग कर चुके हैं। परंतु अधिकारी हैं कि शासन में रोड बनवाने के लिए प्रस्ताव भेजे जाने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं।



आवास विकास कॉलोनी का टूटा मुख्य मार्ग पर भरा बरसात का भरा पानी

> कॉलोनी के मुख्य मार्ग बनवाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। जिसे मंजूरी मिल चुकी है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर रोड का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।
> **-आशीष शर्मा**, अवर अभियंता, आवास विकास परिषद

# कमरा दिलाने के नाम पर विधवा से दुष्कर्म, आरोपी को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- महिला ने सोशल साइट पर लिखा, उसे किराए पर चाहिए कमरा

**अमृत विचार :** विधवा को किराए पर कमरा दिलाने और शादी का झांसा देकर युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। शादी की बात कहने पर उसने महिला के अश्लील फोटो ले लिए। वायरल करने की धमकी देकर महिला के जेवर लिए। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी विधवा ने तहरीर में बताया कि वह 11 साल के बेटे के साथ किराए पर कमरा लेकर रहती है। कमरा बदलने के लिए एक साल पहले सोशल साइट पर पोस्ट डाली। आरोप है कि सचिन नाम कर युवक ने सोशल साइट के मैसेंजर पर कमरा दिखाने की बात कही। महिला मकान देखने गई लेकिन उसे कमरा पसंद नहीं आया। महिला ने दूसरा कमरा ले लिया। सचिन महिला से मैसेंजर पर बात करता रहा। आरोप है कि महिला को झांसे में लेने के बोला कि उसके बेटे में अपना दोस्त और बेटा दिखता है। वह अपने घरेलू परेशानी बताकर महिला के सामने रोया। कहा कि उसका पत्नी से तलाक होने वाला है। वह उस महिला से शादी करना चाहता है। महिला का आरोप है कि सचिन में उसके साथ कई बार संबंध बनाए। महिला के खाने या पानी मे उसने नशीला पदार्थ मिलाकर खिला या पिला दिया। और महिला के अश्लील फोटो और वीडियो बना ली। महिला ने शादी की बात कही तो वह टालने लगा। अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी। फ़ोटो दिखाकर रुपए जेवर ले गया। आरोप है कि सचिन ने उसे 16 सितंबर को रास्ते मे घेर लिया और मारपीट की। उसके बेटे को भी पीटा। सदर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उसे जेल भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### संविलियन विद्यालय में मनाया मीना जन्मोत्सव



**बदायूं,अमृत विचार :** संविलियन विद्यालय बारा चिर्रा में मीना का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नाटक के जरिए बच्चों खासकर बालिकाओं को शिक्षित करने का संदेश दिया गया। नाटक के माध्यम से बताया गया कि बालिका के शिक्षित होने पर दो परिवार शिक्षित होते हैं। दहेज को समाज की कुरीति दर्शाते हुए इसे समाप्त करने के लिए शिक्षित होने को लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। बच्चों ने कार्यक्रमों में उत्साह से भाग लिया। प्रधानाचार्य राजीव जौहरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत पेश किय गया। बच्चों द्वारा मीना स्कूल जाएगी कार्यक्रम को नाटक के जरिए बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा सोनम द्वारा किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन अनुपमा सिंह अनुदेशक कला एवं सुरभि रोहतगी सहायक अध्यापक द्वारा किया गया। इस दौरान नोडल शिक्षक जमीर अहमद, जावेद अली , अमित गौतम व अहिलकार सिंह ,अंजना सक्सेना, प्रियंका चाहर, मनीषा संघी, अंजुमन फातिमा मौजूद रहीं।

### प्राकृतिक आपदाओं से बचाव की दी ट्रेनिंग



**उझानी,अमृत विचार :** अयोध्या प्रसाद मेमोरियल पीजी कालेज में भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में चल रहे रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन बाढ़, भूकंप, अग्निकांड और तूफानों जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव की ट्रेनिंग दी गई। उपप्राचार्य डा. शिशुपाल सिंह ने स्काउट ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने रोवर्स-रेंजर्स के तंबू निर्माण, गैजेट्स बनाने, गांठ-बंधन, डूबते हुओं को बचाने, आग में फंसे लोगों को निकालने आदि की ट्रेनिंग दी। चीफ प्रॉक्टर डा.त्रिवेंद्र सिंह ने शिविर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रेंजर्स लीडर शालिनी शर्मा और रोवर लीडर दौलत राम ने टोली निर्माण, बिना बर्तन भोजन बनाने, टोली के उत्तरदायित्वों की ट्रेनिंग दी। इस मौके पर जीतपाल, श्रेष्ठ गौर, दीपक, सौरभ शुक्ला, डा. जितेंद्र सिंह राणा, आदर्श कांता, सौरभ शुक्ला, संजीव, अंशुल आदि मौजूद है।

### ब्लूमिंगडेल के छात्र छात्राओं ने मेरठ में किया अच्छा प्रदर्शन




**बदायूं,अमृत विचार :** ब्लूमिंगडेल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नार्थ जोन तीन दिवसीय योगा स्पर्धा का मेरठ के स्कूल में हुए आयोजन में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस स्पर्धा में सीबीएसई के लगभग 150 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग किया। ब्लूमिंगडेल स्कूल के 6 बालिकाओं अवंतिका पाराशरी, संजना यादव, आकांक्षा साहू, शालू वार्ष्णेय, खुशी, आस्था एवं एक छात्र आदित्य वैश्य ने प्रतिभाग किया। आदित्य वैश्य ने रिदमिक योगा में 5 वां स्थान प्राप्त कर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। छात्राओं ने ट्रेडिशनल ग्रुप इवेन्ट में योग का प्रदर्शन कर फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। स्कूल अध्यक्ष पम्मी मेंहदीरत्ता ने सभी प्रतियोगियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा कर उत्साहवर्द्धन किया।

### छात्राओं ने काटा केक, सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समां




**बदायूं,अमृत विचार :** संविलियन विद्यालय बंजरिया में मंगलवार को धूमधाम से मीना दिवस मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर व केक काटकर मीना दिवस मनाया। मुख्य अतिथि एआरपी आसफपुर नीलम वार्ष्णेय ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने मीना दिवस, बालिका शिक्षा, मिशन शक्ति आदि शैक्षिक कार्यक्रमों पर चर्चा की। बच्चों को ट्राफी, केक बिस्कुट वितरित किये गये। प्रधानाध्यापक पूनम लता सक्सेना ने अतिथियों का आभार व्यक्त कर स्मृति चिन्ह भेंट किये। कार्यक्रम में रचना, सरस्वती, सरोज, नेहा शर्मा, अबधेश, जलधारा, रूपवती, खिल्लो, गुड्डो देवी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं तथा अभिभावक मौजूद रहे।

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित

**बदायूं,अमृत विचार :** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला गंगा समिति व गंगा समग्र के तत्वाधान में केदार नाथ महिला इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएफओ प्रदीप कुमार वर्मा गंगा समग्र की प्रदेश संयोजक सीमा चौहान ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ। भाषण प्रतियोगिता में सानिया प्रथम, कृपा द्वितीय और नैनसी तृतीय, स्थान पर रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में मधु प्रथम दिव्या द्वितीय एवं चाहत तृतीय पर रहीं। निबंध प्रतियोगिता में मधु प्रथम, कृपा द्वितीय एवं तान्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गंगा गीत प्रतियोगिता में नव्या प्रथम, संध्या द्वितीय, श्रद्धा तृतीय रहीं। मुख्य अतिथि डीएफओ प्रदीप कुमार वर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रममें कविता रस्तोगी, संचित सक्सेना, आनंद कश्यप, दीपांजलि, मंजू सक्सेना, निधि सहित पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

### दातागंज क्षेत्र में आज बांटी जाएगी राहत सामग्री



**बदायूं,अमृत विचार :** भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वाधान में स्काउट भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र पर बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री की पैकिंग की गई। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्य आयुक्त एडवोकेट महेश चंद्र सक्सेना के नेतृत्व में दातागंज क्षेत्र के हर्रामपुर, मौजमपुर, नवादा, गढ़िया आदि गांवों में स्काउट गाइड की टीम बुधवार को सुबह सात बजे ट्रक द्वारा बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री लेकर रवाना होगी। जिला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों के लिए आटा, चावल, नमक, चाय पत्ती, मोमबत्ती, माचिस के पैकेट तैयार किए गए हैं। जिला प्रशिक्षण आयुक्त पूर्वी सक्सेना के नेतृत्व में हरपाल सिंह, निखिल चौहान, संजना पाल, वंदना, प्रेम, रंजीत कुमार, देवांश मिश्रा ने 4 सौ बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री के पैकेट तैयार कराने में जुटे रहे हैं। जो राहत सामग्री वितरित करने जाएंगे।

# शिक्षा के साथ पर्यावरण के लिए भी हों जागरूकता कार्यक्रम




विधिक साक्षरता शिविर में बच्चों को जानकारी देते अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा मंगलवार को दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं नालसा स्कीम के अन्तर्गत विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन शिव देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, में लगाया गया। शिविर का शुभारम्भ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमारी ने किया।

उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं को शिक्षित होना चाहिये व अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिये। लड़कियां एक घर को ही नहीं अपितु दो-दो घरों को रोशन करती हैं। तथा उन्हें अच्छी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये, साथ ही लड़कों को भी अच्छी सोच और पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए। उनके द्वारा स्त्री-पुरूष सामानता सम्बन्धित प्रावधानों एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं कल्याण सम्बन्धित विधिक प्रावधानों को बताया गया। बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य आपके छोटे-छोटे विवादों को समझौते के आधार पर निस्तारित कराना है, जिसके लिए जनपद न्यायालय में मध्यस्थता केंद्र खुला हुआ है। जनपद में स्थायी लोक अदालत का गठन हुआ है। जहां से जनउपयोगी सेवायें जैसे बिजली-पानी एवं स्वास्थ्य के सम्बन्ध में सामान्य जन को अनुतोष प्रदान किया जाता है।

# आधार संशोधन के लिए लगी लाइन ,महिला बेहोश

**उझानी डाकघर**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आधार कार्ड संशोधन के नाम पर जमकर हो रही लूट
- दोपहर के बाद कांउटर बंद करके चला गया कर्मचारी

**अमृत विचार :** उझानी के उपडाकघर पर कार्ड संशोधन कराने आई बुजुर्ग महिला भीड़ में बेहोश होकर गिर पड़ी। इससे लाइन में लगे लोगों में अफरा तफरी मच गई। आरोप है कि आधार संशोधन के दो से चार सौ रुपये की मांग की जा रही है। बुजुर्ग महिला से भी इसी तरह की मांग की गई जिसे देने में उसने असमर्थता जताई तो भीड़ लगी लाइन में उसे लाइन से हटा दिया गया इससे वह बेहोश होकर गिर पड़ी। दोपहर बाद डाकघर में आधार संशोधन का कार्य कर रहा कर्मचारी भी काउंटर बंद करके चला गया।

उझानी में मंगलवार को उपडाकघर में आधार कार्ड संशोधन कराए आयी सैकड़ों महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग सुबह सात बजे पहुंच गयीं। व्यवस्था के लिए सभी को लाइन में लगाया गया। समय के साथ भीड़ बढ़ती गई और लाइन भी लंबी होती गई। इसी लाइन में लोगों ने धक्का मुक्की शुरु कर दी। गर्मी और उमस से महिलाओं को परेशानी हुई तो उन्होंने हल्ला मचाना शुरु कर दिया। आरोप है कि इस बीच आधार संशोधन कर रहे कर्मचारी अपना काम कराने आए लोगों से पैसे मांगने शुरु कर दिये। जिन महिलाओं ने चार सौ रुपये दिये उनके आधार जल्द संशोधन कर दिये गये जबकि 200 रुपये देने वाले लोगों को धक्के खाने पड़े। जिन्होंने रुपये नहीं दिये उन्हें गेट से बाहर रखा गया और काउंटर पर पहुंचने पर उन्हें पीछे हटने को कहा गया उन्हें डांटा भी गया।

उझानी के गांव ज्योरा पारवाला निवासी रामरती अपनी पुत्रवधू रामा को लेकर आयी थी। रामा का आधार संशोधन किया जाना था। रामरती से जब पैसे की मांग की गयी तो उसने पैसे देने से मना कर दिया जिससे उसे बाहर निकाल दिया गया। भीड़ और तेज धूप के चलते रामरती बेहोश होकर वहीं गिर गयी। उसे गिरता देख महिलाओं ने शोर शराबा शुरू कर दिया। रामरती धूप में काफी देर तक पड़ी रही। उसे न तो किसी ने उठाया और न ही उपडाकघर का कोई कर्मचारी देखने पहुंचा। कुछ देर बाद महिलाओं ने उसे पानी दिया तो उसे होश आया। परेशान रामरती अपनी पुत्रवधू को लेकर घर चली गयी। आधार संशोधन करने वाला बाबू भी दोपहर बाद काउंटर बंद करके चला गया।



आधार कार्ड संशोधन कराने आयी महिला बेहोश पड़ी हुई।



आधार भीड़।

> उप डाकघर पर आधार संशोधन कराने पर केवल सरकारी फीस ली जाती है। नया आधार बनवाने पर कोई फीस नहीं ली जाती है। फोटो बदलने के पचास रूपए और फोटो तथा मोबाइल नम्बर और पता बदलने पर सौ रूपए लिए जाते हैं इसकी सूची बाहर गेट पर चस्पा कर दी गयी है। अवैध वसूली की बात गलत है। इस तरह के आरोप लगाते रहते हैं।
> **-अश्विनी माहेश्वरी**, पोस्टमास्टर, उझानी

### दो से चार सौ रुपये लेने का आरोप

कस्बे के लोगों ने बताया कि यहां पर आधार संशोधन करने के नाम से दो से चार सौ रूपए लिए जाते हैं। अवैध उगाही को लेकर आये दिन हंगामा होता है। लोगों को चार चार बार चक्कर काटने पड़ते हैं। यहां पर अवैध उगाही करने वाले डाक कर्मियों की कई बार शिकायत की गयी। मगर संबंधित अधिकारी ने कोई ध्यान नहीं दिया। उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं होने से उनके हौसले और बुलंद हो गए हैं इसलिए वह लोगों से सीधे मुंह बात भी नहीं करते हैं।

# बाईपास निर्माण की मांग कर जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन

**बिल्सी,अमृत विचार:** मंगलवार को सकल दिगंबर जैन समाज के लोगों ने एसडीएम को जाम की समस्या समाप्त करने के लिए बाईपास निर्माण की मांग कर ज्ञापन सौंपा।

जैन समाज के लोगों का कहना था कि सम्राट अशोक चौक से लेकर सीताराम तिराहे के बीच हर समय जाम की समस्या बनी रहती है। इसी मार्ग पर मोहल्ला संख्या आठ साहबगंज में जैन समाज के भगवान पार्श्वनाथ स्वामी का प्राचीन जैन मंदिर है। जहां दर्शन करने के लिए बाहर से जैन समाज के लोग प्राय आते-जाते है। मंदिर के सामने लगने वाले जाम से उनको जूझना पड़ता है।

# चार दिन के प्रशिक्षण में भाषा और संख्या ज्ञान पर की चर्चा

संवाददाता, मुजरिया

**अमृत विचार:** कौलहाई में चार दिवसीय एफ एल एन प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी मनोज राम ने प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डाला।

कौल्हाई के मुरारी लाल पब्लिक स्कूल में संचालित चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण में बीईओ ने शिक्षकों को अनुशासित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण संदर्भदाता राजन यादव, ओमप्रकाश,जमील अहमद,सोमेंद्र कुमार और खालिद कुरैशी ने अलग अलग सदनों में बुनियादी भाषा और संख्या ज्ञान की बारीकियों पर चर्चा की। इस मौके पर तनुज मिश्रा, प्रदीप, राजेश, अजीत, विनय, आभा माहेश्वरी, सरिता,आशीष शर्मा आदि का सहयोग रहा।



एफएलएन प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक।

### ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में खैरी में हुआ जलसा

**बिल्सी,अमृत विचार :** ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में तहसील क्षेत्र के गांव खैरी में एक भव्य जलसा हुआ। इसमें आसपास की मस्जिदों के मौलाना समेत बरेली आला हजरत दरगाह से कई उलेमाओं ने शिरकत की। जलसे में पैगंबर मोहम्मद साहब द्वारा बताए गए तौर तरीकों के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। शहर काजी मौलाना गुलाम नबी ने बताया कि बाराह रबी उल अव्वल माह में ईद मिलादुन्नबी का जश्न मनाया जाता है। इस माह में इस्लाम मजहब के संस्थापक पैगंबर मोहम्मद साहब का विलादत हुई। उनकी सीरत पर बयान किया गया और सभी लोगों को नेक राह चलने की नसीहत दी गई। संभल से आए मौलाना कारी यूसुफ रजा संभली ने नाते पाक सुनाना शुरू किया तो महफिल में बैठे सभी लोग झूम उठे। इसके बाद यहां फातिहा पढ़ी गई।

# सौरहा में प्राचीन जमनी माता मंदिर पर लगा मेला

संवाददाता, करियामई

- प्रधान ने हवन पूजन के बाद फीता काट किया आरंभ

**अमृत विचार:** उघैती थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सौरहा में हर वर्ष की भांति इस इस बार भी श्राद्ध पक्ष में मेला लगा है। जिसका शुभारंभ प्रधान ने मंगलवार को हवन पूजन के साथ फीता काटकर किया।

श्राद्ध पक्ष का मेला पिछले 25 वर्षों से निरंतर प्राचीन जमनी वाली माता मंदिर परिसर में लगता आ रहा है। मेले का उद्घाटन ग्राम प्रधान सत्यपाल सिंह ने फीता काटकर किया। बुजुर्ग ग्रामीण चंद्रपाल सिंह ने बताया कि गांव स्थित देवी देवताओं के मंदिर 45 वर्ष पुराने हैं। यहां खाटू श्याम मंदिर पर एकादशी के दिन दूर दराज से आने वाले हजारों भक्तों का तांता लगता है। सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मेले का इतिहास 25 वर्ष पुराना है। गांव के ग्रामीणों ने पितरों की याद में मेला लगाना शुरू किया था। तब से मेला लगाने की परंपरा चली आ रही है। मेला में हजारों की संख्या में लोग जुटते हैं। दूर दराज से आने वाले भक्त पूजा पाठ कर मनौती मांगते हैं। उनकी मनौती पूर्ण होती है।

# पानी हो रहा कम लेकिन कटान तेज, किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- उसहैत और हजरतपुर में मचा हाहाकार, कट रही उपजाऊ जमीन
- तहसील प्रशासन पर लगाया अनदेखी का आरोप

**अमृत विचार :** गंगा में पानी कम होने के साथ ही कटान और तेज हो गया है। गंगा की धार तेजी से उपजाऊ जमीन को निगल रही है जिसको लेकर ग्रामीणों में हाहाकार मचा हुआ है। हजरतपुर इलाके में करीब एक हजार बीघा जमीन गंगा में समा गयी है जबकि उसहैत इलाके में सात सौ बीघा भूमि गंगा की धार से अब तक कट चुकी है। स्थानीय किसानों ने तहसील प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया है और राहत सामग्री जल्द मुहैया कराने की मांग की है।

चार दिन से नरौरा बैराज से पानी कम छोड़ा जा रहा है जिससे गंगा में भी पानी कम होने लगा है। गंगा में पानी कम होने के बाद कटान और तेज हो गया है। हजरतपुर इलाके में अब तक करीब एक हजार बीघा जमीन गंगा में समा चुकी है। ग्राम हर्रामपुर के ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन से गंगा ने कटान तेज कर दिया है। अब तक सैकड़ों बीघा खेत गंगा में समा चुका है। इन खेतों में किसानों की फसलें भी गंगा में समा चुकी हैं। किसानों ने बताया कि हर साल बाढ़ का पानी कम होने के बाद कटान शुरू होता है जिससे किसानों को हर साल भारी क्षति का सामना करना पड़ता है।

उसहैत क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव असमिया रफतपुर के पास से गुजर रही गंगा की धार ने कटान और तेज कर दिया है। सोमवार को रैपुरा गांव की ओर कटान हो रहा था। मंगलवार को असमिया रफतपुर गांव में गंगा ने कटान शुरू कर दिया है। अब तक करीब सात सौ बीघा खेत गंगा में समा चुका है। कटान तेज होने के कारण ग्रामीण खासे परेशान हैं। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया है। ग्रामीण हरवीर ने कहा कि अभी तक राहत सामग्री नहीं दी गयी है। गांव के लोग कई दिन से परेशान हैं। अब तक घरेलू सामान नष्ट हुआ था अब खेतों का कटान हो रहा है जिससे किसानों को दोगुना क्षति हो रही है। कछला गंगा में मंगलवार को जलस्तर खतरे के निशान दो सेमी ऊपर रहा। फिर भी लोगों ने राहत की सांस ली है।

> तटवर्ती इलाकों में अब पानी कम हो चुका है लेकिन गंगा कटान कर रही है जिससे किसानों को परेशानी हो रही है। अब गंगा में पानी और कम होने वाला है। पहाड़ों पर बारिश कम होने लगी है इसलिए कम पानी आने की संभावना है।
> **-नेशपाल**, सहायक अभियंता, बाढ़ खंड

### आंवला सांसद ने किया बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा



**उसहैत ,अमृत विचार :** बाढ़ प्रभावित गंगा पार जटा प्रेमी नगला, ठकुरी नगला में आंवला सांसद नीरज मौर्य ने दौरा किया। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों का हाल-चाल जाना। बाढ़ पीड़ितों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बाढ़ की समस्याओं को संसद में उठाने की बात कही। सांसद नीरज मौर्य ने बाढ़ प्रभावित गांव जटा, ठाकुरी नगला, प्रेमी नगला, में बाढ़ से हुई क्षति का जायजा लिया। अटेना पुख्ता, भकरौली, खजुरा पुख्ता, नगला शंभू सहित गांव में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं से मिले। अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। सांसद ने बाढ़ पीड़ित परिवारों व बच्चों को राहत सामग्री वितरण की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विवेक मोहन पाल, सपा नेता कैप्टन अर्जुन सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अवनीश यादव, विधानसभा अध्यक्ष सतीश यादव, ओम सिंह, अभिषेक यादव, सहित समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चोरों ने ताले तोड़कर जलाए दुकान के बही खाते

**बिल्सी,अमृत विचार:** नगर के अगोल रोड स्थित एक सीमेंट की दुकान का चोरों ने ताला तोड़कर उसमें रखा लाखों रुपए के हिसाब का बहीखाता जला दिया। पीड़ित दुकानदार ने थाने में तहरीर दी है।

नगर के मोहल्ला संख्या निवासी हरीशंकर शर्मा की नगर के अगोल रोड पर बिल्डिंग मैटेरियल और सीमेंट की दुकान है। जिसमें बीती सोमवार की रात चोरों ने दीवार फांदकर अंदर घुस गए। उसके बाद दुकान के अंदर रखे सारे बही खाते को एक स्थान पर रख कर आग लगा दी। जिससे वह राख के ढेर में तब्दील हो गए। पीड़ित ने सुबह जाकर वहां जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए। जिसके बाद पीड़ित ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर जांच में जुट गई है।

## एक नजर

### वांछित को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

**कासगंज।** अमांपुर थाना पुलिस ने युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष चंचल सिरोही ने बताया कि वांछित अभियुक्त विकास निवासी ककोरा थाना कादरचौक जनपद बदायूं को कासगंज चौराहा कस्बा अमांपुर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### जिला सराफा एसोसिएशन की बैठक आज

**कासगंज।** श्री जिला सराफा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अखिलेश ने बताया कि एसोसिएशन की बैठक बुधवार को रोडवेज बस स्टैंड स्थित होटल में होगी। जिसमें एसोसिएशन के सभी कार्यकारिणी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को बुलाया गया है। बैठक में 30 सितंबर के महाअधिवेशन की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकारिणी सदस्य एवं पदाधिकारियों से शामिल होने की अपील की।

### अधिवक्ता की हत्या के 20 दिन बाद भी पुलिस को नहीं सूझ रहा खुलासे तक पहुंचने का रास्ता

# अधिवक्ता मोहिनी हत्याकांड: नौ दिन चले अढ़ाई कोस

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** अधिवक्ता मोहिनी हत्याकांड के मामले में पुलिस लापरवाही के आरोप में घिरती जा रही है। नौ दिन चले अढ़ाई कोस की कहावत पुलिस पर फिट बैठ रही है। उसे वास्तव में कोई रास्ता ही नहीं सूझ रहा जिस पर चलकर मामले के खुलासे तक पहुंचा जा सके। सिर्फ आरोपियों को जेल भेजने तक का रास्ता पुलिस तय कर सकी है। अधिवक्ता गुस्से में हैं और सिर्फ आकस्मिक कार्य कर रहे हैं। इधर परिजन भी संतुष्ट नहीं हैं। इस बीच पुलिस दावा कर रही है कि जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी कर सही मुकाम हासिल कर लिया जाएगा।

मोहिनी हत्याकांड के सही खुलासे की मांग कर अधिवक्ताओं ने फिर हड़ताल शुरू कर दी है। मंगलवार को हड़ताल का दूसरा दिन था। बाहों में काली पट्टी बांधकर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध प्रदर्शन किया। वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र पाल सिंह बैस ने कहा पुलिस 20 दिन के बाद भी मोहिनी तोमर की हत्या का खुलासा नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि पुलिस महिला अधिवक्ता के मोबाइल, कपड़े व अन्य सामान तक बरामद नहीं कर पाई है। किडनैप करने के आरोपियों में से रेनू व बॉबी को पुलिस ने भले ही जेल भेज दिया लेकिन पुलिस यह नहीं जान पाई कि हत्या किसने, क्यों और कैसे की गई। अगर पुलिस जल्द खुलासा नहीं कर पाई तो जनपद कासगंज के अधिवक्ता आंदोलन को मजबूर होंगे।


मोहिनी तोमर

विरोध प्रदर्शन करने वालों में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश शर्मा, सचिव चेतन चौहान, प्रेम सिंह, अभिषेक गुप्ता, अब्दुल हई, अमित सोलंकी, कमल कुमार यादव, संजीव सोलंकी, अरविंद कुमार, शिवकुमार चौहान, शिव प्रताप, मोहम्मद यासीन, आशीष कुमार, पीयूष, मुनव्वर हसन, धारा सिंह, मधुर वशिष्ठ, अयोध्या प्रसाद, जितेंद्र कुमार सिंह, रविकांत, पंकज चतुर्वेदी आदि अधिवक्ता शामिल हैं।

**यह था मामला**

तीन सितंबर को महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर न्यायालय के द्वार से लापता हो गई थी। चार सितंबर की शाम को शव मिला था। हत्या के आरोप में पांच अधिवक्ता और एक विधि छात्र को जेल भेजा गया। बाद में दो अन्य आरोपी जेल भेजे गए। अब पुलिस दो फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। इस बीच सीमा नाम की एक महिला का नाम भी सामने आया है, जो सुपारी की रकम लेकर फरार बताई गई है। अधिवक्ता के पति ब्रिजतेंद्र तोमर का कहना है कि विवेचना काफी धीमी गति से की जा रही है। परिवार में डर का माहौल बना हुआ है।

- अब तक की गई कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं मोहिनी के परिजन और साथी अधिवक्ता

"फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित कर दिया गया है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जो भी अन्य तथ्य सामने आएंगे। उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
**-अपर्णा रजत कौशिक**, एसपी

**फरार आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये इनाम घोषित**

एसपी कासगंज अपर्णा कौशिक ने आरोपी रजत और सुनील फौजी पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मुख्य आरोपियों के समीप तक पहुंच चुकी है और उनके रिश्तेदारों को भी हिरासत में ले चुकी है।

## आम के पेड़ों का हो रहा था कटान वनकर्मी पहुंचते ही भागे ठेकेदार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


वन कर्मियों द्वारा जब्त किया गया आम की लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली।

**अमृत विचारः** सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरावली में अवैध तरीके से आम के पेड़ों का कटान किया जा रहा था। सूचना पर पहुंची वन कर्मियों की टीम के देखकर ठेकेदार और मजदूर फरार हो गए। दो ठेकेदार सहित बाग मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

मंगलवार को सिरावली गांव में अवैध तरीके से आम के बाग पर चेनसा कटर और कुल्हाडी चल रही थीं। सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों को देखकर ठेकेदार और बाग मालिक फरार हो गए। टीम ने मौके से लकडी से भरा ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर तीन कुल्हाडी, चेनसा कटर, होंडा शाइन बाइक के अलावा तीन मोबाइल बरामद हुए है। ठेकेदार और मजदूर, ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गए। वन क्षेत्राधिकारी विवेक कुमार ने बताया बाग मालिक रामवीर ने सहसवान के ठेकेदार आमिर और निशार को बाग बेचा। वह बिना परमीशन के कटान कर रहे थे। तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई करने वालों में वन दरोगा राहुल चौधरी ,चिरंजी लाल, वनरक्षक मोहित, आकाश शामिल रहे।

- तीन कुल्हाड़ी, तीन मोबाइल, एक चेनसा कटर, बाइक बरामद

# सोशल मीडिया के इस्तेमाल में बरतें सावधानी

### ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत पुलिस ने छात्राओं को बताए अपराधों का सामना करने के तरीके

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत पुलिस और यूनिसेफ के सहयोग से मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम किए गए। जनचौपाल लगाकर महिलाओं, बालिकाओं, छात्राओं एवं आमजन को महिला सुरक्षा एवं सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

सहावर में श्री गांधी इंटर कालेज में एएसपी राजेश भारती ने कहा कि युवतियों के साथ छेड़छाड़ की घटना हो जाती है तब वे डर जाती हैं।अब डरने की जरूरत नहीं है। पुलिस उनके साथ है। यदि किसी के साथ इस प्रकार की घटना होती है तो उसकी जानकारी पुलिस को दें उनकी हर संभव मदद की जाएगी। संकट के समय में शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1076, 1098, 108 के प्रयोगों करें। विभिन्न साइबर अपराधों से सतर्कता व बचाव के लिए 1930 हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी जानकारी दी। सीओ शाहिदा नासरीन ने महिला सुरक्षा के लिए बने कानून और सुविधाओं की जानकारी देते हुए कहा कि छींटाकशी, छेड़खानी, सोशल मीडिया पर परेशान करना या अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर टोल फ्री नम्बर पर कॉल के अतिरिक्त थाने पर महिला हेल्प डेस्क पर संपर्क करें। कोतवाली प्रभारी प्रवेश राणा साहित छात्राएं व स्टाफ मौजूद रहा।


श्री गांधी इंटर कॉलेज सहावर में महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी देते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

- अपराधों से घबरायें नहीं,पुलिस से संपर्क करें महिलाएं और छात्राएं

गंजडुंडवारा के वैदिक कन्या इंटर कालेज की छात्राओं को महिला अपराध रोकने के लिए बनाए गए कानूनों से अवगत कराया। सीओ पटियाली राजकुमार पांडेय ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों का दुरुपयोग न हो। महिलाओं और बालिकाओं से कहा कि पुलिस उनकी सेवा के लिए तत्पर हैं। किसी भी तरह के उत्पीडन की घटना होने पर तत्काल सूचना दें। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि विवादों में महिलाओं को ढाल बनाना गलत है।

लिव इन रिलेशनशिप को लेकर भी महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया। व्हाटसएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि के प्रयोग में विभिन्न प्रकार की सावधानियां बरतने की जानकारी दी। कोतवाली महिला प्रभारी उप निरीक्षक प्रियंका, उप निरीक्षक कल्याण सिंह, अवनीश कुमार, अरविंद वघेल, सहित शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।एएसपी राजेश भारती ने शहर के जीजीआईसी एवं सीओ सहावर शाहिदा नसरीन ने इस्लामियां इण्टर कॉलेज में सुरक्षा, सम्मान, साइबर हिंसा से संबंधित जानकारी दी। तकनीकि एवं इंटरनेट के दौर में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का सतर्कता एवं सजगता से उपयोग करने तथा साइबर हिंसा से बचने की सलाह दी गई। छात्राओं को बताया किसी भी अपराध का बोध होने पर संबंधित पुलिस स्टेशन में शिकायत करें। इसके अलावा मीणा इंटर कॉलेज, सोरों कोतवाली के गांव होडलपुर, गांव ढोलना, थाना सहावर के इस्लामियां इंटर कॉलेज, थाना अमांपुर के मक्खनलाल इंटर कॉलेज, गांव सुन्नगढ़ी, थाना पटियाली के गांव दीवाननगर, थाना सिढपुरा ग्राम रजमऊ, थाना सिकंदरपुर वैश्य ग्राम म्याऊ, थाना गंजडुंडवारा ग्राम गणेशपुर महिला सुरक्षा अभियान के तहत शिविर लगाए गए।

## भाजपा शासन में हो रहा व्यापारियों का शोषण


सपा व्यापार सभा के सम्मान समारोह में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

**अमृत विचारः** सपा व्यापार सभा का सम्मान समारोह जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल के आवास पर हुआ। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रवि यादव और मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष नावेद पठान का जोरदार स्वागत किया गया।

सपा जिलाध्यक्ष विक्रम यादव ने कहा कि व्यापारियों का सबसे बड़ा शोषण भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में हुआ है। व्यापारियों को ईडी के दायरे में लाना, जीएसटी लागू करना, ऑनलाइन व्यापार को बढावा देने से सारा व्यापार चौपट हो गया है। जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि सबसे ज्यादा लूट खसोट व्यापारियों की बीजेपी सरकार में हुई है। व्यापारी त्रस्त है।व्यापारी प्रमोद गुप्ता और नवीन चंद्र गुप्ता को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। संतोष यादव, विनीत सविता, मुलायम सिंह यादव, उमेश चंद्र, चंद्रजीत, प्रियांशु जौहरी, विश्नू अग्रवाल, अनुज वाष्र्णेय, ओमकार सिंह, सलीम खान, रमन साहू, रंजीत साहू, केशव अग्रवाल, प्रवीन साहू, रिहान, सुमित माहेश्वरी, मौनू आदि सपा नेता मौजूद रहे।

- सपा व्यापार सभा के कार्यक्रम में बोले जिलाध्यक्ष विक्रम यादव
- सयुस और मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष का स्वागत

## बकरी चराने गए बालक से किया ओरल सेक्स

**कासगंज, अमृत विचारः** खेत में बकरी चराने गए बालक से तीन बाल अपचारियों ने जबरदस्ती ओरल सेक्स कराया। वीडियो बनाया। घर बताने पर बालक को जान से मारने की धमकी दी गई। पिता की तहरीर पर तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले में जांच पड़ताल शुरु कर दी है। बालक का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है।

सोरों कोतवाली में नगरियां के एक व्यक्ति ने दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया कि उनका आठ वर्षीय बेटा 18 सितंबर की शाम बकरी चराने गया था। जहां तीन किशोरों ने पकड़ लिया। उसके साथ बुरा काम करने की कोशिश की। बाद में एक-एक कर ओरल सेक्स कराया। बालक का वीडियो भी बना लिया। साथ ही घर पर बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं बच्चे के कॉलेज में पहुंचकर उसे धमकाया। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया पिता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। बालक का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। पुलिस बाल अपचारियों की तलाश कर रही है।

## राजमिस्त्री के ऊपर गिरी एचटी लाइन, मौत

संवाददाता, पटियाली

**अमृत विचारः** बाइक से मजदूरी करने जा रहे चिनाई मिस्त्री के ऊपर एचटी लाइन का तार टूट कर गिर गया जिससे मिस्त्री की मौत हो गई। बाइक जल गई। ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश है।

पटियाली थाना क्षेत्र के गांव हकीमगंज निवासी बृजेश पुत्र चोखेलाल राजमिस्त्री था। वह मंगलवार की सुबह 7:30 बजे से गांव नगला जैली में चिनाई करने के लिए जा रहा था। गांव बाबरी के समीप अचानक 11 हजार की लाइन में फाल्ट हुआ और विद्युत तार टूट कर बृजेश के ऊपर जा गिरा। तार में करंट प्रभावित होने के कारण बाइक में करंट दौड़ गया। बृजेश की मौके पर ही मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

बाइक बुरी तरह से जल गई। स्थानीय लोगों ने विद्युत तार टूटने की जानकारी फोन द्वारा विद्युत सब स्टेशन को दी, लेकिन दो घंटे बाद कोई कर्मचारी अधिकारी नहीं पहुंचा।

ग्रामीणों का कहना था तार जर्जर हालत में लटक रहे हैं। आपस में टकराकर फॉल्ट हुआ और तार टूट कर गिर पड़ा जिससे मिस्त्री की मौत हो गई।

इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


पोस्टमार्टम गृह पर मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

"जांच कराई जा रही है। विद्युत निगम की ओर से मुआवजे का प्रावधान है। नियमानुसार संबंधित अधिकारी कार्रवाई कर मुआवजा देंगे।
**-कुलदीप सिंह**, एसडीएम, पटियाली।

- विद्युत विभाग की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

### ई रिक्शा चार्ज करते चालक की करंट से मौत

**सोरों जी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की रात ई रिक्शा की बैट्री चार्ज करते समय चालक की करंट से मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव ठठेरपुर निवासी भगवान सिंह का 23 वर्षीय बेटा अनमोल ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। सोमवार को ई रिक्शा चलाकर वह अपने घर पर पहुंचा और चार्ज करने के लिए लगा दिया। देर रात अनमोल ई रिक्शा की बैट्री देखने गया कि चार्ज हो रहा है अथवा नहीं, तभी वह करंट की चपेट में आ गया। सुबह मृतक अनमोल की दादी ने घर के बाहर निकल कर देखा तो अनमोल का शव पड़ा था। परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए है अनमोल के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## कोटेदार के चुनाव में बवाल के 12 आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव पैसोई में सोमवार की शाम राशन डीलर के चुनाव को लेकर विवाद और हंगामा हुआ। पूर्व और वर्तमान प्रधान के समर्थक आमने-सामने आ गए। दोनों ओर से पुलिस के सामने जमकर पथराव हुआ। राजस्व विभाग की टीम और पुलिस कर्मियों को छिपकर जान बचानी पड़ी। हालांकि बाद में ताबड़तोड़ दबिश देकर पुलिस ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हंगामा करने के अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है और गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

सोमवार को राशन डीलर के चुनाव में ग्रामीणों को बुलाया गया। दोनों ओर से समर्थकों का पक्ष जाना गया। एक ग्रामीण का आधार फाड़कर फेंकने के मामले में विवाद हो गया। पूर्व प्रधान एवं वर्तमान प्रधान के समर्थक आमने-सामने आ गए। पुलिस और पीएसी के सामने पथराव होने लगा जिसमें कई लोगों के चोटें आयी। अधिकारियों ने राशन डीलर का चुनाव निरस्त कर दिया। इसके बादर राशन डीलर के लिए चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी नीरेश और प्रियंका यादव के समर्थकों की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। दूसरे दिन मंगलवार को गांव में दहशत का माहौल बना रहा। पुलिस और पीएसी बल ऐहतियात के तौर पर तैनात किया गया। पुलिस के अधिकारी पल पल की जानकारी लेते रहे।



सोरों कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

- राशन डीलर के चुनाव के दौरान हुआ था विवाद, दोनों तरफ से चले थे पत्थर
- हंगामा करने वाले अन्य लोगों को भी किया जा रह चिन्हित, गांव में पुलिस तैनात

**इन्हें किया गया गिरफ्तार**

पूर्व प्रधान के समर्थक राजेश, लालू, भूरे, वीरेश, अजीत और घनश्याम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरे पक्ष से वर्तमान प्रधान के समर्थक राजकुमार, दिनेश, जगदीश, शैलेंद्र, लोकेश और रघुनंदन को गिरफ्तार किया गया है।

"गांव मे पैसोई में राशन डीलर के चुनाव को लेकर दो पक्ष आमने ।सामने आ गए। पथराव हुआ। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। गांव में पुलिस बल तैनात है।
**– राजेश भारती**, एएसपी

## बाइकों की भिड़ंत में बीफार्मा छात्र की मौत, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** अमांपुर सहावर मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में बीफार्मा छात्र की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिलाअस्पताल में भर्ती कराया गया।


मृतक विकास

अमांपुर थाना क्षेत्र के गांव सालिमपुर निवासी 17 वर्षीय विकास पुत्र तोताराम अपने दोस्त हरवीर सिंह पुत्र प्रियांसुख निवासी खाता के साथ मल्लाह नगर स्थित भगवान विष्णु महाविद्यालय में बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। उसकी अलीगढ जनपद के गांव गंगीरी निवासी शुभम पुत्र गिरीश की बाइक से भिलोली ईंट भटटा के सामने भिडंत हो गई।

हादसे मेंविकास की मौके पर मौत हो गई जबकि अन्य दोनों बाइक सवार घायल हो गए। विकास बीफार्मा प्रथम वर्ष का छात्र था।

दोनों घायलों को को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के भेज दिया है। जहां चिकित्सकोंने दोनों गंभीर घायलों को अलीगढ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई जिसमें एक छात्र की मौत हो गई। दो घायल हो गए। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जर्जर गड्ढेदार सड़कों पर हिचकोले खाएगा रथ

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचारः** सोमवार को देहरी पूजन के साथ रामलीला महोत्सव की तैयारी प्रारम्भ हो गई है। 30 सितम्बर से रामलीला शुरू हो जाएगी। रामलीला महोत्सव के दौरान प्रतिदिन निकलनी वाली रथ यात्रा को लेकर पदाधिकारी चिंतित हैं, क्योंकि सड़कों की हालत बहुत खराब है। ऐसे में रथ का गुजरना जोखिम भरा हो सकता है। इसके अलावा राम बारात निकलने में समस्या हो सकती है। रामबारात मार्ग पर बिजली के तार ढीले हैं, ये भी परेशानी का सबब बनेंगे।

रामलीला महोत्सव समिति के अध्यक्ष विकास गुप्ता व महामंत्री अंकित चौहान ने ईओ सुनील कुमार से मार्ग को गड्ढा मुक्त कराने एवं एसडीओ महावीर सिंह से लटके विधुत तारों को सही कराए जाने की मांग की है। पालिका प्रशासन का दावा है कि मंचन से पूर्व सड़कों को दुरुस्त करा दिया जाएगा।


गंजडुंडवारा कस्बे में जर्जर सड़क पर उड़ती धूल।

ईओ सुनील कुमार ने कहा कि रामलीला प्रारम्भ होने से पूर्व समस्या के निदान का भरपूर प्रयास किया जाएगा। जेई हेमंत यादव के साथ सम्बंधित मार्गों का निरीक्षण कर लिया है। रथयात्रा एवं रामबरात वाले रास्ते को ठीक कराने हेतु कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। सारे कार्य समय से करा दिए जाएंगे। खराब स्ट्रीट लाइट को भी सही कराया जाएगा।आयोजन के दौरान बेहतर सफाई व्यवस्था रहेगी।



"मुख्य मार्गों पर गड्ढे रामबरात में भी मुसीबत बनेंगे। इन्हें सही एवं सफाई व स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को भी दुरुस्त कराने की आवश्यकता है। नगर पालिका को इसे जल्द सही कराना चाहिए।
**-अंकित चौहान**, महामंत्री, रामलीला महोत्सव समिति



"रामलीला महोत्सव प्रारम्भ होने वाला है। इस दौरान नित्य रथ यात्रा निकलेगी। रथ सड़कों में मौजूद गड्ढों में हिचकोले खाएगा। जल्द गड्ढों को दुरुस्त कराए जाने की मांग पालिका से की गई है।
**-विकास गुप्ता**, अध्यक्ष, रामलीला महोत्सव समिति।

- मार्ग दुरुस्त कराने की रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने उठाई मांग
- रामबरात मार्ग पर बिजली के ढीले तार भी बनेंगे परेशानी का सबब

"जिन मार्गों से रामबरात निकाली जाएगी। उन मार्गों को ठीक कराया जा रहा है। रामलीला मंचन से पूर्व ही सभी सड़कों का दुरुस्त करा दिया जाएगा।
**-सुनील कुमार**, ईओ गंजडुंडवारा।

## सार-संक्षेप

### हिरण्याक्ष वध, प्रहलाद चरित, ध्रुव चरित का वर्णन किया



**सोरोंजी।** तीर्थनगरी में चंदन चौक में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन कथा शास्त्री आचार्य पं. उत्तम कृष्ण कटारा ने भागवत कथा वाचन करते हुए कहा कि भागवत कथा श्रवण मनुष्य को भव सागर से पार लगाता है। कलयुग में केवल यही एक मात्र ऐसा उपाय है जो मनुष्य के दुख दारिद्र दूरकर उत्तम लोक का मार्ग प्रशस्त करता है। आचार्य ने विदुर प्रसंग, हिरण्याक्ष वध, ध्रुव चरित, प्रहलाद चरित, सती प्रसंग का मनोहारी वर्णन किया। इस दौरान प्रस्तुत किए गए भजन श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा... पर श्रद्धालु झूमकर नृत्य करने लगे। इस दौरान परीक्षित मोहन तिवारी, प्रभाकर पाराशर, शांत माहेश्वरी, गंगाशरण, विपिन कुमार आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे

### अर्जुनपुर कदीम में शुरू हुआ रामलीला का मंचन



**अमांपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के अर्जुनपुर कदीम में श्री रामलीला महोत्सव का आरंभ भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पुष्पेद वर्मा ने फीता काटकर किया। श्रीराम लीला में महोत्सव लीला का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। रामलीला महोत्सव का शुभारंभ होते ही भक्तों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। कमेटी के द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष रूदप्रताप सिंह, मंडल उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष हिदेश सर्राफ, शीलेन्द सोलंकी, भाजपा मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सर्राफ, सह खंड कार्यवाह पुष्पेन्द कुमार, प्रचारक अनुज का फूल माला पहनाकर और स्मृति चिह्न देकर स्वागत सम्मान किया गया। कमेटी अध्यक्ष सोनू सोलंकी, उपाध्यक्ष पिंकू सोलंकी, पिदूल सोलंकी, धर्मेंद्र सोलंकी, सुनील सोलंकी, आराम सिंह, बन्टू, दीपक आदि मौजूद रहे।

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम्।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव संपदः ॥

हमें अचानक आवेश या जोश में आकर कोई काम नहीं करना चाहिए। क्योंकि विवेक हीनता सबसे बड़ी विपत्तियों का कारण होती है। इसके विपरीत जो व्यक्ति सोच समझकर कार्य करता है। गुणों से आकृष्ट होने वाली मां लक्ष्मी स्वयं ही उसका चुनाव कर लेती है।

## संपादकीय

# भारत के लिए अच्छी शुरुआत

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की संरचना में सुधारों का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। भारत लगातार आवाज उठाकर पहली बार यूएनएससी पर दबाव बनाने में सफल रहा है। परिणामस्वरूप यूएनएससी में सुधारों की पहल लिखित रूप से शुरू हो गई है। सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता समेत अन्य सुधारों को लेकर पहली बार एक विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया जाना भारत की कूटनीतिक जीत मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि इससे भारत को सुरक्षा परिषद में अपनी स्थिति सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। विश्व के नेताओं ने भविष्य के जिस समझौते को सर्वसम्मति से स्वीकार किया है, उसमें सुरक्षा परिषद में सुधार करने, इसमें प्रतिनिधित्व बढ़ाने, इसे अधिक समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार करने का वादा किया गया है। ये मुद्दा अमेरिका में हाल ही में क्वाड समिट के दौरान भी उठा। रविवार को क्वाड नेताओं ने यूएनएससी की सीटें बढ़ाने और इस निकाय को ज्यादा जवाबदेह बनाने के लिए इसमें सुधार का आह्वान किया। अमेरिका ने भी यूएनएससी में भारत की स्थायी सीट की मांग का समर्थन किया है। क्वाड में यूएनएससी का मुद्दा उठना भारत के लिए सफलता है। भारत के लिए ये अहम है क्योंकि उसकी से लगातार यूएनएससी में स्थायी सीट की मांग की जा रही है।

गौरतलब है कि भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से विश्व शांति को बढ़ावा देने वाली रही है। यह दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इससे हिंद महासागर को शांति का क्षेत्र घोषित किया जा सकता है और यह चीन को उसकी विस्तारवादी नीतियों का उचित जवाब होगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता भारत को वैश्विक राजनीति के स्तर पर अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन और रूस के समकक्ष ला खड़ा कर देगी। सुरक्षा परिषद, संयुक्त राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, जिसका गठन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1945 में हुआ था। सुरक्षा परिषद के स्थायी पांच सदस्यों के पास वीटो का अधिकार होता है। परिषद की वर्तमान संरचना पहले की शक्ति संतुलन की व्यवस्था पर बल देती है। यह समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती। ध्रुवीकृत सुरक्षा परिषद शांति और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भी विफल रही है। उसके सदस्य यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष जैसे मुद्दों पर बंटे हुए हैं। इसलिए सुरक्षा परिषद में सुधार आवश्यक हैं। सुधार की पहल संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में मुद्दे को शामिल किए जाने से होना भारत के लिए एक अच्छी शुरुआत है।

# सम-विषम परिस्थितियों में संतुलन सिखाती है शिक्षा




डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

दैनन्दिन जीवन में रोजी-रोटी की जद्दोजहद के बीच तमाम तरह के अनुभव दरपेश होते रहते हैं। कुछ खट्टे, कुछ मीठे। कुछ ऐसे भी जो इस परिधि में नहीं आते। यह अनुभव कुछ ऐसा ही था। हर कोई सफल होना चाहता है। आगे बढ़ना चाहता है।

मेरे अनुभव में यह पहले व्यक्ति थे,जिन्होंने असफलता को सेलिब्रेट किया। पार्टी की तिथि, स्थान और समय निश्चित किया तथा अपने सभी सहकर्मियों को पार्टी दी। सहकर्मियों को उस समय यह वाकया हास्यास्पद लगा,पर कुछ समय बाद ही उनकी ओर से पुनः पार्टी का निमंत्रण प्राप्त हुआ। सभी चौंके,क्या फिर से? पर नहीं! "इस बार यह सज्जन अपनी सफलता के साथ थे। बढ़े-चढ़े रुतबे के साथ नवीन नियुक्ति पत्र उनके हाथ में था। मैं अपने सपने का पीछा करता रहा और अब अपने मन के काम में आ पाया"-गर्मजोशी से गले मिलते हुए वे बोले। "कुछ छोटा छूटना भविष्य में कुछ बड़ा मिलने का संकेत होता है, इसलिए निराश होने के बजाय हर स्थिति को सेलिब्रेट करना चाहिए और निरंतर प्रतिबद्ध प्रयास भी। उस समय मैंने यही किया था।" उन्होंने याद दिलाया। उनकी अभी की स्थिति को देखकर उनसे असहमत होने का कोई कारण ही नहीं था। अपने सपने को साधने की साधना उनके रोम-रोम से प्रकट हो रही थी।

दैनन्दिन जीवन में रोजी-रोटी की जद्दोजहद के बीच तमाम तरह के अनुभव दरपेश होते रहते हैं। कुछ खट्टे, कुछ मीठे। कुछ ऐसे भी जो इस परिधि में नहीं आते। यह अनुभव कुछ ऐसा ही था। हर कोई सफल होना चाहता है। आगे बढ़ना चाहता है। सपनों को पूरा करना भी,लेकिन जब सपनों का पीछा करने की बात आती है तो कम ही लोग उस राह के हमराह होते हैं और जो सच में इस राह के राहगीर होते हैं वे अपने सपनों को पूरा कर ले जाते हैं। प्रतिबद्धता,परिश्रम,जुनून और अनुशासन इसमें प्रमुख भूमिका निभाते हैं। कई बार बच्चे मुझसे सफलता का शॉर्ट कट पूछते हैं। मेरा पहला जवाब होता है-कोई नहीं। सफलता नियमबद्ध कठोर परिश्रम का प्रतिफल होती है,जिसके लिए अपना सर्वोत्तम झोंकना होता है। साथ ही धैर्य, धीरज और अपने आप पर विश्वास को भी निरंतर कायम रखना होता है। इनमें से कोई भी एक कड़ी टूटती है तो सफलता दूर होती जाती है। हम लक्ष्य सिद्धि के लिए अर्जुन का उदाहरण देते हैं। पांडवों में केवल अर्जुन ही थे,जिन्होंने परीक्षा की घड़ी में कहा - "गुरुदेव! मुझे केवल चिड़िया की आंख दिख रही है"।



शिक्षा मुख्यत: जिन जीवन कौशलों की बात करती है उनमें स्व-आकलन हेतु समालोचनात्मक दृष्टि, सृजनात्मक सोच तथा तनाव पर नियंत्रण प्रमुख हैं। यह जरूर है कि विद्यालयीय क्रियाकलापों में विषयगत पठन- पाठन के दबाव में जीवन कौशलों पर उतनी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती जितना आवश्यक है। इसी कारण प्रतिकूल परिस्थितियों में अक्सर विद्यार्थियों का धैर्य-धीरज और मनोबल टूट जाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों के शुरुआती दिनों से भी इस दिशा में पर्याप्त काम किया जाए, ताकि बच्चों में आवश्यक मानसिक दृढ़ता आए। वे खुद के प्रति क्रूर नहीं,बल्कि करुण बनें और छोटी-मोटी असफलताओं के बीच भी अपने आप को मजबूत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें।

यह लक्ष्य के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता का सर्वोत्तम उदाहरण है। हमारे इर्द-गिर्द भी ऐसे कितने ही उदाहरण मौजूद हैं, जिन्होंने तमाम चुनौतियों के बावजूद कठिन परिश्रम के द्वारा अपने लक्ष्य को हासिल किया। ऐसा नहीं कि उनके जीवन में असफलताएं नहीं थीं। हां, इतना जरूर कि उन्होंने असफलताओं से हताश या निराश होने के बजाय उन्हें सेलिब्रेट किया तथा अपने आप को और मजबूती से लक्ष्य की ओर उन्मुख किया। करियर निर्माण के दिनों में विद्यार्थियों को विद्यालयीय परीक्षाओं के अलावा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का हिस्सा होना पड़ता है। इनमें से कम ही होते हैं,जो अपने पहले प्रयास में सफलता अर्जित कर लेते हैं। वरना अधिसंख्य वर्ग को परीक्षा-दर-परीक्षा अपने आप को आजमाना पड़ता है। यह प्रतीक्षा, प्रतिबद्धता और संघर्ष की आजमाइश का वक्त होता है। इस समय जरूरी होता है कि बिना विचलित हुए,धैर्य पूर्वक और पूरे मन से सफलता का पीछा किया जाए। साथ ही कदाचित असफलता की स्थिति में निराश या हताश होने के बजाय असफलता के कारणों की समीक्षा कर पुनः दोगुने जोश से तैयारी में लगा जाए।

शिक्षा मुख्यतः जिन जीवन कौशलों की बात करती है उनमें स्व-आकलन हेतु समालोचनात्मक दृष्टि,सृजनात्मक सोच तथा तनाव पर नियंत्रण प्रमुख हैं। यह जरूर है कि विद्यालयीय क्रियाकलापों में विषयगत पठन-पाठन के दबाव में जीवन कौशलों पर उतनी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती जितना आवश्यक है। इसी कारण प्रतिकूल परिस्थितियों में अक्सर विद्यार्थियों का धैर्य-धीरज और मनोबल टूट जाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों के शुरुआती दिनों से भी इस दिशा में पर्याप्त काम किया जाए, ताकि बच्चों में आवश्यक मानसिक दृढ़ता आए। वे खुद के प्रति क्रूर नहीं,बल्कि करुण बनें और छोटी-मोटी असफलताओं के बीच भी अपने आप को मजबूत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें। पाठ्य पुस्तकों में ऐसे तमाम प्रसंग, कविता, कहानियां, उद्धरण मौजूद हैं, जो एक के बाद एक असफलताओं के बावजूद सफलता की इबारत को उकेरते हैं। इस प्रकार के प्रसंगों पर बच्चों से निरंतर बात हो तथा विषम परिस्थितियों में उनके दृष्टिकोण को जाना-समझा जाए। उन्हें स्पष्ट किया जाए कि किसी भी किरदार के जीवन में एक पराजित मन को कई स्तर पर युद्ध करना होता है। स्वयं से,परिवार की अपेक्षाओं से और समुदाय की टिप्पणियों से। निश्चित तौर पर इस स्थिति का दुष्परिणाम कई आत्मघाती निर्णयों के रूप में सामने आता है। स्ट्रेस, शर्मिंदगी, भविष्य की चिंता, हीनता बोध जैसी भावनाओं के चलते बच्चे भटकाव की उन अंधेरी गलियों की ओर मुड़ जाते हैं, जहां से वापसी मुश्किल होती है। अतः आवश्यक है कि विद्यालय और समुदाय के स्तर पर इस बारे में पर्याप्त चर्चा- विमर्श हों कि किसी के संघर्षों में साझेदार होते हुए उसे किस तरह अभिप्रेरित किया जाता है।

शिक्षा अपनी परिभाषाओं में विविधता के सम्मान की बात भी करती है। निश्चित तौर पर यह विविधता बच्चों और उनके साथ किए जा रहे क्रियाकलापों की ओर इंगित करती है। अतः सफलता के तयशुदा मानकों पर काम करते समय हमें इस विविधता पर भी पर्याप्त विचार करना चाहिए। वैसे भी कोई बच्चा असफल होने के लिए विद्यालय नहीं आता।

## प्रसंगवश

# प्रशासनिक दुनिया के असामान्य व्यक्तित्व

यह सामान्य धारणा है कि प्रशासकीय सेवाओं में चुनाव बड़ी कठिन प्रतियोगिता के पश्चात होने के कारण उनमें बड़े मेधावान एवं विवेकशील व्यक्ति ही चयनित हो पाते हैं। परंतु उनके विवेकशील होने के विषय में न तो कोई टेस्ट होता है और न कोई गारंटी।

इसके बरखिलाफ चूंकि मेधावान व्यक्तियों में एब्नार्मल पर्सनालिटी होने की संभावना अधिक रहती है, अतः सिग्निफिकेंट संख्या में एब्नार्मल अभ्यर्थी प्रशासकीय सेवाओं में आ जाते हैं। ये एब्नार्मल व्यक्तित्व के अधिकारी प्रशासन को प्रायः हास्य का विषय बनाते रहते हैं। वे अपने संपर्क में आने वाले सहयोगियों और जनता के व्यक्तियों के जीवन की तनावपूर्ण दिनचर्या को सरस एवं चटपटा मसालेदार बनाने में अनजाने ही लगे रहते हैं। उनका रहन-सहन, खानपान, बातचीत, सहकर्मियों से व्यवहार एवं जनता की समस्याओं पर प्रतिक्रिया इतनी हास्यजनक होती है कि वे अनायास टॉक ऑफ द फ्रैटर्निटी बन जाते हैं। प्रशासन में एब्नार्मल्स की एंट्री कोई नई बात नहीं है। अंग्रेजी जमाने में भी आईसीएस और आईपी में एब्नोर्मल्स चयनित हो जाते थे। एक श्री सिंह नैनीताल में कमिश्नर हुआ करते थे,जिनकी किसी भी सरकारी कागज पर हस्ताक्षर करने में रूह कांपती थी। अतः वह कोई भी फाइल अपने सामने प्रस्तुत होने पर किसी न किसी बहाने संबंधित बाबू को डांटकर भगा देते थे। इसके फलस्वरुप उनके कार्यालय के कमरे फाइलों से पटे रहते थे। कलेक्टरों के टीए बिलों पर उनके हस्ताक्षर न हो पाने के कारण वे भी परेशान रहते थे और इस प्रतीक्षा में रहते थे कि वह कब छुट्टी पर जाएं और वह अपने बिलों पर ऑफशियाटिंग कमिश्नर से हस्ताक्षर करवा लें।



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

इसके बरखिलाफ चूंकि मेधावान व्यक्तियों में एब्नार्मल पर्सनालिटी होने की संभावना अधिक रहती है, अत: सिग्निफिकेंट संख्या में एब्नार्मल अभ्यर्थी प्रशासकीय सेवाओं में आ जाते हैं। ये एब्नार्मल व्यक्तित्व के अधिकारी प्रशासन को प्राय: हास्य का विषय बनाते रहते हैं।

इसी तरह एक पुलिस अधिकारी रामपुर रियासत में आईजी हुआ करते थे,जिनको रियासतों के भारत में विलय के समय उत्तर प्रदेश पुलिस में उपाधीक्षक पुलिस के पद पर नियुक्ति दे दी गई थी। कुछ वर्ष बाद वह पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर नियुक्त हुए थे। वह भी सिग्नेचरोफोबिया से ग्रस्त थे। एक दिन उनको वायरलेस से पुलिस मुख्यालय का आदेश प्राप्त हुआ कि ए असेंबली क्वेश्चन का उत्तर अविलंब अपने हस्ताक्षर से भेजें। वायरलेस को उन्होंने चुपचाप रद्दी की टोकरी में फेंक दिया। फिर दो दिन बाद टेलीफोन पर आदेश दोहराया गया। अधीनस्थ अधिकारियों ने उत्तर का ड्राफ्ट बनाकर उनके सामने रख भी दिया,तब भी उन्होंने असेंबली क्वेश्चन के उत्तर पर हस्ताक्षर नहीं किए। इस पर मुख्यालय ने एक उपाधीक्षक को उनसे हस्ताक्षर करवाने हेतु सुल्तानपुर रवाना किया। इसकी सूचना मिलते ही वह दौरे पर प्रस्थान कर गए। सुल्तानपुर आकर जब उपाधीक्षक ने उनके दौरे के स्थान को प्रस्थान किया, तो वह दूसरी जगह चले गए और फिर डिप्टी साहब पीछे-पीछे और एसपी साहब आगे-आगे भागते रहे। अंत में डिप्टी साहब हारकर वापस लौट गए,क्योंकि कप्तान साहब चालाकी कर कहीं अज्ञातवास पर चले गए। उल्लेखनीय यह है कि फिर भी उन्हें कोई जनपद के चार्ज से न हटा सका, क्योंकि वे अधिकारियों को खुश रखने में माहिर थे। जब मैं एसपी बस्ती नियुक्त था, तब मेरे डीआईजी को बात करने का बहुत शौक था। जनपद में मुआइने पर आने पर वह अपनी बातों के दौरान एक किस्सा बार-बार दोहराया करते थे कि वह जब एसपी इटावा थे,तब उन्होंने अपने बंगले पर एक शेर पाला था,जो उनके बंगले के गेट पर रखे एक बड़े से पिंजड़े में रहता था। वह अक्सर कॉन्स्टिपेशन का शिकार रहता था और अंततः कॉन्स्टिपेशन का शिकार होकर मर गया था। उनका शेर पालन का यह किस्सा इतना लंबा खिंचता चला जाता था कि मुझे कॉन्स्टिपेशन होने लगता था,परंतु फिर भी मैं ध्यान की मुद्रा बनाकर उनकी कथा सुना करता था,क्योंकि उनके मुआयने का परिणाम मेरे कार्य पर निर्भर न होकर इस पर अधिक निर्भर करता था कि मैं कितने मनोयोग से उनकी बात सुनता था।

# संकट भी बढ़ा सकती है नकली बरसात



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

वायु प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं हैं। देश के सभी महानगर और राजधानियां जाड़ा आते ही जहरीले धुएं से घुटने लगते हैं।

इस बार जाड़ा पड़ने से बहुत पहले जब दिल्ली हर बारिश के बाद डूब रही है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए गठित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को यह बताने के लिए कहा कि सर्दियों में प्रदूषण में बेतहाशा बढ़ोतरी से कैसे निपटेगा। जब इस बारे में कार्य योजना की बात हुई तो दिल्ली सरकार का विंटर प्लान के नाम पर एक नया शिगूफा सामने आ गया, कृत्रिम बरसात।

असल यह समझना होगा कि पर्यावरण से जुड़ी किसी भी समस्या का संपूर्ण निराकरण किसी तकनीकी में नहीं,बल्कि आत्म नियंत्रण में छुपा है। तकनीकी तात्कालिक कुछ राहत दे सकती है,लेकिन वह निराकरण नहीं है। जिस कृत्रिम बरसात का झांसा दिया जा रहा है,उसकी तकनीक को समझना जरूरी है। इसके लिए हवाई जहाज से सिल्वर-आयोडाइड और कई अन्य रासायनिक पदार्थों का छिड़काव किया जाता है,जिससे सूखी बर्फ के कण तैयार होते हैं। असल में सूखी बर्फ ठोस कार्बन डाइऑक्साइड ही होती है। सूखी बर्फ की खासियत होती है कि इसके पिघलने से पानी नहीं बनता और यह गैस के रूप में ही लुप्त हो जाती है। यदि परिवेश के बादलों में थोड़ी भी नमी होती है तो यह सूखी बर्फ के कणों पर चिपक जाते हैं और इस तरह बादल का वजन बढ़ जाता है,जिससे बरसात हो जाती है।

एक तो इस तरह की बरसात के लिए जरूरी है कि वायुमंडल में कम से कम 40 फीसदी नमी हो। फिर यह थोड़ी सी देर की बरसात ही होती है। इसके साथ यह खतरा बना रहता है कि वायुमंडल में कुछ ऊंचाई तक जमा स्माग और अन्य छोटे कण फिर धरती पर आ जाएं। साथ ही सिल्वर आयोडाइड सूखी बर्फ के धरती पर गिरने से उसके संपर्क में आने वाले पेड़, पौधे, पक्षी और जीव ही नहीं नदी-तालाब पर भी रासायनिक खतरा संभावित है। यह वैश्विक रूप से प्रामाणिक तथ्य हैं कि नकली तरीके से बरसात करवाना कई बार बहुत भारी पड़ता है। फिर उस दिल्ली एनसीआर में जहां कुछ मिनट की बरसात से सड़कों पर नदी, नाले भरने से जाम होता है और यही जाम तो दिल्ली के हवा में सबसे अधिक जहर घोलता है। जाहिर है बरसात से जितना प्रदूषण कम नहीं होगा उससे अधिक बरसात के कारण वाहनों के ठिठकने से उपजे धुएं से बढ़ेगा ही।

समझना होगा कि कृत्रिम बारिश से होने वाली भारी बारिश से बाढ़ आ सकती है,जिससे जान-माल की हानि हो सकती है। पिछले साल दुबई और पास के अरब देशों में अचानक भयानक बरसात और बाढ़ का कारक वहां कृत्रिम बारिश को भी माना जा रहा है। यही नहीं किसी एक इलाके में इस तरह की बरसात से दूसरे इलाकों में सूखा पड़ सकता है। कृत्रिम बारिश हवा के पैटर्न और तापमान में अचानक बदलाव ला सकती है। इससे कई संक्रामक रोगों के वायरस उपजने की संभावना होती है। एक बात और इस तरह की बरसात से जलवायु परिवर्तन की गति तेज होने की प्रबल आशंका है। यह वैश्विक जल चक्र में बदलाव का औजार भी बन सकता है।

वायुमंडल में ओजोन का स्तर 100 एक्यूआई यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स होना चाहिए, लेकिन जाम से हलकान दिल्ली में यह आंकड़ा 190 तो सामान्य ही रहता है। वाहनों के धुंए में बड़ी मात्रा में हाईड्रो कार्बन होते हैं और तापमान चालीस के पार होते ही यह हवा में मिलकर ओजोन का निर्माण करने लगते हैं। यह ओजोन इंसान के शरीर,दिल और दिमाग के लिए जानलेवा है। इसके साथ ही वाहनों के उत्सर्जन में 2.5 माइक्रो मीटर व्यास वाले पार्टिकल और गैस नाइट्रोजन ऑक्साइड है,जिसके कारण वायु प्रदूषण से हुई मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है।

वायु प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं हैं। देश के सभी महानगर और राजधानियां जाड़ा आते ही जहरीले धुएं से घुटने लगते हैं। दिल्ली में जो भी तरीका अपनाया वह सारा देश बगैर दूरगामी परिणाम जाने अपनाने लगता है। जाहिर है कि दिल्ली के असफल प्रयोग सारे देश के लिए त्रासदी बन जाते हैं। ऐसे में यहां कोई भी कदम उठाने से पहले इसके व्यापक प्रभाव पर गहन अध्ययन जरूरी है। शहरों में भीड़ कम हो, निजी वाहन कम हों, जाम न लगे, हरियाली बनी रहे, इसी से जहरीला धुंआ कम होगा। मशीनें मानवीय भूल का निदान होती नहीं। हमें जरूरत है ऐसी प्रक्रिया की,जिससे वायु को जहर बनाने वाले कारक ही जन्म न लें।

## सोशल फोरम

# भ्रष्टाचार का मुद्दा

राजनीति में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन साहित्य में यह कभी मुद्दा ही नहीं रहा। यहां तक संपूर्ण क्रांति आंदोलन के समय नागार्जुन ने भ्रष्टाचार पर नहीं संपूर्ण क्रांति पर लिखा, इंदिरा गांधी पर लिखा। जबकि यह आंदोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ था।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

साहित्य में भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति इस बात का संकेत है कि लेखक इसे मसला नहीं मानते। दूसरा बड़ा कारण साहित्य का मास कल्चर के सामने आत्मसमर्पण और उसके साथ सामंजस्य बिठाने की कोशिश करना है। साहित्य में मूल्य, नैतिकता, परिवार और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर खूब लिखा गया है, लेकिन आर्थिक भ्रष्टाचार पर नहीं लिखा गया है। आर्थिक भ्रष्टाचार सभी किस्म के भ्रष्टाचरण की धुरी है। यह प्रतिवाद को खत्म करता है। उत्तर आधुनिक अवस्था का यह प्रधान लक्षण है। इसकी धुरी है व्यवस्थागत भ्रष्टाचार। इसके साथ नेताओं में संपदा संचय की प्रवृत्ति बढ़ी है। अबाधित पूंजीवादी विकास हुआ है। उपभोक्तावाद की लंबी छलांग लगी है और संचार क्रांति हुई है। इन लक्षणों के कारण सोवियत अर्थव्यवस्था धराशायी हो गई। सोवियत संघ और उसके अनुयायी समाजवादी गुट का पराभव हुआ। फ्रेडरिक जेम्सन के शब्दों में यह 'आधुनिकीकरण की छलयोजना' है। अस्सी के दशक से सारी दुनिया में सत्ताधारी वर्गों और उनसे जुड़े शासकों में पूंजी एकत्रित करने,येन-केन प्रकारेण दौलत जमा करने की लालसा देखी गई। इसे सारी दुनिया में व्यवस्थागत भ्रष्टाचार कहा जाता है और देखते ही देखते सारी दुनिया उसकी चपेट में आ गई।

आज व्यवस्थागत भ्रष्टाचार सारी दुनिया में सबसे बड़ी समस्या है। भारत में इसके जनक हैं नरसिंहाराव-मनमोहन। यह मनमोहन अर्थशास्त्र है। भ्रष्टाचार को राजनीतिक मसला बनाने से हमेशा फासीवादी ताकतों को लाभ मिला है। यही वजह है लेखकों ने आर्थिक भ्रष्टाचार को कभी साहित्य में नहीं उठाया। भ्रष्टाचार वस्तुतः नव्य उदार आर्थिक नीतियों से जुड़ा है। आप भ्रष्टाचार को परास्त तब तक नहीं कर सकते जब तक नव्य उदार नीतियों का कोई विकल्प सामने नहीं आता।

-फेसबुक वॉल से


# किस्म-किस्म की रस्सियां

जब कभी किसी को रस्सी के फंदे से झूलकर आत्महत्या की खबर पढ़ता हूं तो मैं विचलित ही नहीं व्यथित भी हो जाता हूं। सीधा चालीस साल पीछे चला जाता हूं। उन दिनों मैं अवसाद के दौर से गुजर रहा था। मुझे याद आता है। मैं बाजार जाता हूं रस्सी खरीदने एक दुकान में घुसता हूं। भांति-भांति की रस्सियां टंगी थीं। उन दिनों नायलोन की रस्सी नहीं मिलती थी। सूत वाली या नारियल वाली रस्सियों की भरमार होती थी।

मैंने दुकानदार से कहा-"कोई मजबूत किस्म की रस्सी चाहिए,जो सत्तर किलो का बोझ सह सके"। दुकानदार ने कहा-"मिल जाएगी,लेकिन श्रीमान जी प्रयोजन तो बताएं"। सुनकर गुस्सा आ गया - "अरे भाई, तुमको इससे क्या मतलब? मुझे आत्महत्या करनी हो या चाहे कुएं से आदमी को बाहर खींचना हो"। दुकानदार समझदार था। बोला-"माफ करना भाई। मैंने तो यों ही पूछ लिया"। फिर दुकानदार ने एक मजबूत रस्सी की ओर इशारा करते हुए कहा- "यह वाली ले लें। दोनों ही प्रयोजन संपन्न करेगी, आदमी के झूला झूलने का भी और कुएं से बाल्टी खींचने का भी,लेकिन इस बात का ख्याल रहे कि हुक मज़बूत हो"।

मुझे ख्याल आता है कि यूपी आवास-विकास परिषद् से जब मकान खरीदा था बताया गया था कि यह हुक सिर्फ पंखा लटकाने के लिए ही है। पंखा इंसान से हल्का होता है। इसका मतलब यह हुआ कि हो सकता है कि हुक मेरा सत्तर किलो का बोझ न सह सके। हुक के टूटने का मतलब यह होगा कि मेरे साथ पंखा भी नीचे आ गिरे। सर पर चोट लग सकती है। चोट ज्यादा हुई तो डॉक्टर सीटी स्कैन रेफर करेगा। फिर ऑपरेशन लंबा खर्चा बैठ जाएगा। आत्महत्या का उद्देश्य तो पीछे छूट जाएगा और फिर पिछले महीने पैसा-पैसा जोड़कर खरीदे पंखे की ठंडी-ठंडी हवा का अभी कायदे से लुत्फ भी नहीं उठा पाया हूं।

एक मुसीबत और भी है। पत्नी दिन भर साए की भांति चिपकी रहती है। हर पंद्रह मिनट पर झांकने आती है कि निठल्ला पति कर क्या रहा है? हुक से रस्सी फंसाने के लिए कम से कम आधा घंटा टाइम चाहिए। सुसाइड नोट भी तो लिखना होगा। बहुत सोच-समझकर लिखना होगा,लेकिन ठोस कारण भी तो होना चाहिए। किससे परेशान हूं? खुद से या पत्नी से? या ऑफिस के कामकाज या साथियों से। या फिर अड़ोस-पड़ोस से। मगर इनमें से कोई भी तो कारण नहीं? ऐसा न हो कि इतना हल्का कारण हो कि किसी को यकीन ही न हो कि सुसाईड का इतना हल्का कारण भी हो सकता है। खिल्ली उड़ेगी अलग से। फिर तो फिलहाल सुसाइड प्लान स्थगित करना ही उचित होगा। तभी पीछे से कोई चीखा- "अबे अंधा है क्या? देखता नहीं पीछे सड़क का बाप चला आ रहा है। मैंने पीछे मुड़कर देखा"। अरे यह क्या? जाने कब बेख्याली में मैं सड़क के बीचो-बीच आ गया था और एक ट्रक ड्राइवर मुझे भद्दी-भद्दी गालियां दे रहा था-"मरण जोग्यां नूं जाणे जाने क्यों मेरा ही ट्रक मिलदा है, भूतनी दिया"।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक

एक डर ये भी लगा कि सुसाइड में नाकाम रहने पर समाज व परिवार भले ही रहम कर जाए पर कानून नहीं करेगा। मुकदमा चलेगा। वकील करना पड़ेगा। अच्छा-खासा पैसा खर्च होगा। इतनी भाग-दौड़ करनी होगी कि आदमी यों ही जीते-जी मर जाए और खुद को प्रताड़ित करना सिद्ध होने पर सजा का भी प्राविधान है।

एक डर ये भी लगा कि सुसाइड में नाकाम रहने पर समाज व परिवार भले ही रहम कर जाए पर कानून नहीं करेगा। मुकदमा चलेगा। वकील करना पड़ेगा। अच्छा-खासा पैसा खर्च होगा। इतनी भाग-दौड़ करनी होगी कि आदमी यों ही जीते-जी मर जाए और खुद को प्रताड़ित करना सिद्ध होने पर सजा का भी प्राविधान है। हटाओ, छोड़ो। साला सुसाइड करने में कितना झंझट है, मगर इस रस्सी का क्या करूं? रखे रहो। कभी किसी कुएं में डूबते हुए को सहारा देने के काम आएगी। तभी घर आ गया। पत्नी ने हाथ में रस्सी देखी तो बोली-" अरे वाह! मैं इसी के बारे में सोच रही थी। आंगन में बांधेंगे कपड़े सुखाने के लिए"।

# बागवानी उत्पादन में गिरावट

हार्टिकल्चर अर्थात बागवानी लेटिन शब्द हार्ट्स (उद्यान) और कल्चर (कृषि) से मिलकर बना है, इस समय भारत बागवानी फसलों के उत्पादन में विश्व में दूसरे स्थान पर है। वही निर्यात के मामले में भारत सब्जियों के मामले में 14 वें और फलों के मामले में 23 वें स्थान पर है,जबकि भारत में उत्तर प्रदेश के बाद मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल बागवानी उत्पादन में शीर्ष राज्य है। बागवानी उत्पादन के हाल में जारी तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार वर्ष 2023-24 (जुलाई से जून) में पिछले वर्ष के 355. 48 मिलियन टन से . 65 प्रतिशत घटकर 355.19 मिलियन टन रहने का अनुमान है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अधिकारियों का मानना है कि कुल बागवानी उत्पादन में गिरावट सब्जियों के कम उत्पादन के कारण आई है। प्याज का उत्पादन 242.4 लाख टन रहने की उम्मीद है। आलू का उत्पादन 5.70 करोड़ टन रहने की संभावना है। बिहार और पश्चिम बंगाल में कम उत्पादन के कारण यह आंकड़ा सालाना आधार पर गिरावट दर्शाता है। जबकि फलों की फसल में कुछ वृद्धि हुई है। इस बार सब्जी का उत्पादन 205. 80 मिलियन टन रहने का अनुमान है,जो 2022-23 के 212. 55 मिलियन टन से कम है। हालांकि टमाटर,गोभी और फूल गोभी के उत्पादन में वृद्धि ने आलू और प्याज जैसी प्रमुख फसलों के गिरावट की भरपाई कर दी है।
फलों का उत्पादन 2023-24 में 2.29 प्रतिशत बढ़ कर 112.73 मिलियन टन होने का अनुमान है।

मंत्रालय के अनुसार आम, केला, नीबू,अंगूर और शरीफे आदि का उत्पादन बढ़ा है,जबकि सेब,अमरूद, लीची,अनार आदि का उत्पादन थोड़ा कम हुआ है। यह आंकड़े भारत में बागवानी क्षेत्र के मिश्रित प्रदर्शन को बताते हैं,जिसमें कुछ फसलें तो फल फूल रही हैं,परंतु अन्य को कठिन समय का सामना करना पड़ रहा है।

## कासगंज में आज

- भीम आर्मी द्वारा पुलिस ऑफिस कार्यालय पर प्रदर्शन एवं डीएम को ज्ञापन सुबह 11 बजे ।
- श्रीमद् भागवत कथा वाचन शहर के सोरों गेट स्थित टीकाराम अग्रवाल धर्मशाला में दोपहर तीन बजे से।
- श्रीराम बरात शोभा यात्रा भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ थाना सुन्नगढ़ी के गांव देवकली में शाम शाम चार बजे से।
- राम की लीलाओं का मंचन सहावर के गांव बोंदर स्थित माता मंदिर पर रात आठ बजे से।
- जिला सराफ एसोसिएशन की बैठक शहर के रोडवेज बस स्टैंड स्थित होटल में रात आठ बजे से।

## एक नजर

### दो वारंटी पुलिस ने किए गिरफ्तार

**कासगंज।** वारंटियों की धरपकड़ के लिए जा रहे अभियान के क्रम में कासगंज एवं सोरों कोतवाली पुलिस ने एक-एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। सीओ सदर विजय कुमार राणा बताया कि सदर कोतवाली पुलिस ने वारंटी मुन्नालाल निवासी पायल टॉकीज के सामने एवं सोरों कोतवाली पुलिस ने वीरपाल निवासी मानकापुर नगरिया को गिरफ्तार किया है। यह वारंटी न्यायालय उपस्थित नहीं हो रहे थे। नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ।

### भाजपा की सदस्यता बैठक संपन्न

**जलेसर, अमृत विचार :** भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि 25 सितम्बर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जन्म दिवस पर पूरे भारत में हर बूथ पर 100 प्राथमिक सदस्य बनाने हैं। इसमें एटा को भी बढ़ चढ़कर भाग लेना है। सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं को अपने आबंटित बूथों पर 100 नए प्राथमिक सदस्य बनाने हैं। ताकि जलेसर विधानसभा पिछड़ी न रहे। जिला उपाध्यक्ष पम्मी ठाकुर, अशोक शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष शीलेश गौतम, जिला कार्यालय मंत्री अमित गुप्ता, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष केशव राणा, दीपू जादौन, मंडल अध्यक्ष नरेश पालसिंह, ओम प्रताप बॉबी, गौरव वार्ष्णेय, और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**जलेसर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के 6 वर्ष पूर्ण होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वाधान में ग्राम महान में सेवा पखवाड़े का आयोजन किया गया विधायक संजीव दिवाकर ने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत गरीब असहाय एवं वृद्धों का नि :शुल्क इलाज किया जा रहा है। जिला उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, पम्मी ठाकुर, पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज बरसाने, बजरंगी, डॉक्टर पवन शर्मा, खंड विकास अधिकारी डॉक्टर पीएस आनंद के साथ-साथ चिकित्सा टीम भी साथ थी।

# अपमानित करने पर की थी दरोगा की हत्या

## पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का किया खुलासा, भेजा जेल

- महेश यादव उर्फ दरोगा का शव 20 सितंबर को पड़ा मिला था
- भ्रमित करने के लिए आरोपियों ने कपड़े निकाल दिए थे

**संवाददाता, एटा**



पुलिस हिरासत में हत्यारोपी और जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह।

**अमृत विचार:** मलावन थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व हुई दरोगा की हत्या मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। आरोपितों ने पुलिस को बताया कि दरोगा उन्हें जाति सूचक शब्द कहकर आए दिन अपमानित करता था।

अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि मलावन थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर क्षेत्र के सड़क किनारे धान के खेत में इसी क्षेत्र के गांव बहादुरपुर निवासी महेश यादव उर्फ दरोगा पुत्र सौदान सिंह का शव 20 सितंबर को नग्नावस्था में पड़ा मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया था, इसमें हत्या की पुष्टि हुई। तहरीर के अनुसार मदनलाल पुत्र कायम सिंह, गुल्लन पुत्र रामवीर तथा दीपू पुत्र चन्द्रपाल निवासीग्राम अकबरपुर थाना मलावन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जांच पड़ताल करते हुए प्रकाश में आए गुल्लन सिंह उर्फ शैलेन्द्र सिंह, अजीत सिंह उर्फ राधेश्याम सिंह को मधुपुरा हाईवे के पास से 24 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि महेश यादव उर्फ दरोगा उन लोगों को आए दिन जाति सूचक शब्द कहकर अपमानित करता था।19 सितंबर को गुस्से में आकर दरोगा के साथ मारपीट की थी जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। पुलिस एवं लोगों को भ्रमित करने के उद्देश्य से कपड़े उतारकर उसके शव को नग्नावस्था में वहीं छोड़ दिया था। मृतक के जूतों को गांव के बाहर बने मंदिर के पास फेंक दिया था। निशानदेही पर पुलिस ने बरामद कर लिए हैं।

## कोर्ट ने निरस्त की अधिवक्ता की जमानत अर्जी

**कासगंज ,अमृत विचार :** न्यायालय परिसर में तारीख करने आए वादकारी को पीटने के आरोपी अधिवक्ता की जमानत अर्जी निरस्त कर दी गई है।

30 जुलाई को सोरों के शिवशंकर एक मामले में तारीख करने गए थे। आरोप है कि तभी हैदर, सुलमान एवं अन्य साथी अधिवक्ताओं ने न्यायालय में उससे मारपीट की और गंभीर चोटें पहुंचाई। जांच के दौरान अधिवक्ता मुनाजिर रफी का नाम भी प्रकाश में आया। पुलिस ने न्यायालय में पक्ष रखा। मंगलवार को इस मामले में सुनवाई हुई। न्यायालय ने अधिवक्ता मुनाजिर रफी की अर्जी निरस्त कर दी। मुनाजिर रफी अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या का भी आरोपी भी है। इसके अलावा वर्ष 2018 में कासगंज में चंदन हत्याकांड को लेकर विवाद में भी मुनाजिर का नाम शामिल है।

# संविधान की विशेषताओं पर सिंपोजियम आयोजित

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज:**


कॉलेज में विद्यार्थी को प्रमाणपत्र देते शिक्षक।

- केए पीजी कॉलेज में वक्ताओं ने रखे विचार

**अमृत विचार:** केए पीजी कॉलेज में राजनीति शास्त्र विभाग के तत्वाधान में भारतीय संविधान के श्रोत तत्व एवं विशेषताएं विषय पर सिंपोजियम हुआ। आरंभ में जैस्मिन ने सरस्वती बंदना की।

मुख्य अतिथि प्राचार्य एवं राजनीति विशेषज्ञ प्रोफेसर डा. अशोक कुमार रुस्तगी ने बताया कि भारतीय संविधान आदर्शों का एक श्रोत है। पूरी दुनिया में इसकी अपनी विशेषताएं हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डा. कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों की विश्लेषणात्मक क्षमता में वृद्धि होती है। विद्यार्थी रिया, पल्लवी, दानिश, अभय, कुणाल, गार्गी, कैलाश, गौरी गुप्ता, अदीबा फातिमा तथा कुलदीप ने भारतीय संविधान में आरक्षण, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय, संघवाद, न्यायपालिका आदि महत्वपूर्ण विषयों पर शोध पत्रों का वाचन किया। कार्यक्रम संयोजक अंकित कुमार कौशल ने शिक्षकों एवं अथितियों का आभार व्यक्त किया। डा. हर्ष मिश्रा, डा. अजीत यादव, लेफ्टी अभिषेक यादव , डा. कुशहर साहनी कार्यालय अधीक्षक वीरपाल, आलोक, जिशान, अमित ,पंकज , रोनित समेत अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# सोरों में पितृ पक्ष पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़


सोरों हरपदीय गंगा कुंड में पितरों को तर्पण करते श्रद्धालु। • अमृत विचार

**संवाददाता, सोरों जी:**

**अमृत विचार:** भगवान वराह की जन्म स्थली सोरों शूकर क्षेत्र पितृ पक्ष के अवसर पर श्रद्धालुओं से भरी हुई है।यहां हरपदीय गंगा कुंड़ के तट पर श्रद्धालु अपने पितरो को तर्पण करने के लिए बडी संख्या में पहुंच रहे हैं।

सोरों तीर्थनगरी में इन दिनों देश भर से श्रद्धालु आ रहे हैं। जिससे इस पावन स्थल पर आस्था और भक्ति का माहौल बना हुआ है। पितृ पक्ष के इस मौके पर श्रद्धालुओं की भक्ति और श्रद्धा के कारण हरपदीय गंगाकुंड का दृश्य अति भावुक और दिव्य हो गया है। पितृ पक्ष में श्रद्धालु अपने पूर्वजो को जलदान और पिंड़दान के अलावा अस्थियां विसर्जन करने के लिए राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से श्रद्धालु आ रहे हैं। महंत कालीचरन ने बताया हरपदीय गंगा कुंड उत्तर प्रदेश का पहला मोक्ष देने वाला कुंड है। पितृ पक्ष के दौरान यहां तर्पण करने से पितरों को विशेष शांति और मुक्ति प्राप्त होती है।

## गंजडुंडवारा पूर्वी फाटक आज रहेगा बंद

**अमृत विचार :** गंजडुंडवारा यार्ड में पटियाली की तरफ पूर्वी केबिन पर किमी संख्या 213/9-10 के मध्य स्थित समपार संख्या 221 ए के ओवरहॉलिंग का कार्य होना प्रस्तावित हुआ है। यह कार्य दिनांक 25 सितंबर को सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। इस कारण उक्त अवधि में गंजडुंडवारा पूर्वी केबिन का फाटक बंद रहने से आवागमन बाधित रहेगा।

सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेलपथ कासगंज, नरेश कुमार ने प्रभारी निरीक्षक गंजडुंडवारा को यह सूचना पत्र द्वारा देते हुए कार्य स्थल पर शांति व्यवस्था हेतु अपील की है। यह फाटक बंद रहने से इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को समस्या होगी। वैकल्पिक रूप में गंजडुंडवारा नहर से होते हुए पटियाली एवं नहर से होते हुए समपार संख्या 223 सी से यातायात को निकाला जाएगा।

# सरकार की योजनाओं का किसान उठायें लाभ

- कृषक जागरूकता अभियान में बोले विधायक सत्यपाल सिंह राठौर
- नैनो डीएपी और यूरिया का किसान करें उपयोग: कृषि अधिकारी

**संवाददाता, एटा**


किसान को फसल के लिए पोषकतत्व देते विधायक सत्यपाल सिंह राठौर।

**अमृत विचार:** अलीगंज में विकासखंड स्तरीय गोष्ठी का आयोजन कृषि सूचना तंत्र शुद्रीकरणकरण एवं कृषक जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत किया गया।

मुख्य अतिथि अलीगंज विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा जो भी योजना चलाई जा रही है उनका किसान लाभ लें। सरकार बिना किसी भेदभाव के कार्य कर रही है। किसानों के हित के लिए अनेकों प्रकार की योजनाएं संचालित हैं। जिला कृषि अधिकारी डॉ. मनवीर सिंह ने कहा कि रासायनिक नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का किसान भाई अधिक मात्रा में प्रयोग करें जिससे कि अनावश्यक रूप से उर्वरकों की बर्बादी को रोका जा सके। खंड विकास अधिकारी ने विकासखंड द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया। कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. दीप्ति सिंह ने धान की फसल में पत्ती लपेटक या अन्य जो भी बीमारियां आ रही हैं उनसे बचाव के बारे में जानकारी दी गई। समूह की महिलाओं से अपील की गई कि वह किस प्रकार अपनी छोटी-छोटी बचत के माध्यम से अपनी परिवार का भरण पोषण कर कर सकती है। कृषि विभाग के विकासखंड स्तरीय समस्त कर्मचारी, सहायक विकास अधिकारी कृषि अलीगंज, जैथरा एवं भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में दो की मौत गुस्साये लोगों ने जाम लगाया

**संवाददाता, एटा**

**अमृत विचार:** जनपद में अलग-अलग सड़क हादसों के दौरान दो लोगों की जान चली गई। हाईवे पर हुए हादसों के बाद आक्रोशित लोगों ने जाम लगा दिया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाया। थाना पिलुआ क्षेत्र के गांव भदवास निवासी चंद्रपाल उर्फ चंदू (54) दावत खाने के लिए सोमवार की शाम को गए थे। वह पैदल घर जा रहे थे। कुछ ही दूर चल पाए थे कि किसी वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर की आवाज सुन आसपास के लोग पहुंच गए। स्थानीय लोग कहीं ले पा पाते कि तब तक चंद्रपाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना पर गांव के लोग एकत्रित हो गए। टक्कर मारने वाले वाहन को पकड़ने की बात कहकर मौके पर जाम लगा दिया। करीब आधा घंटे तक भीड़ जुटी रही। पुलिस अधिकारियों के समझाने के बाद मामला शांत हो सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

दूसरी घटना अवागढ़ क्षेत्र के गांव गंगा के पास घटित हुई। अवागढ़ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम नगला रूपी निवासी अनिल कुमार पुत्र जयवीर सिंह ने इलाका पुलिस को बताया कि 23 सितंबर की रात 8 बजे उसका भाई पंकज कुमार (25) नगला गंगा में दावत खाकर आया और सड़क किनारे खड़े होकर वाहन का इंतजार करने लगा। इसी दौरान अवागढ़ की तरफ से तेज रफ्तार से आई मैक्स पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी। आरोपी चालक वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। पंकज को अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# प्रत्येक बूथ पर बनाए जाएं 100 सदस्य

**संवाददाता, न्यौली**


भारतीय जनता पार्टी नगरिया मंडल की बैठक को संबोधित करते संयोजक शिवकुमार उपाध्याय।

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी नगरिया मंडल की बैठक सोरों के मिर्जापुर स्थित सेंटवीएन पब्लिक स्कूल में हुई। जिसमें पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष की जन्मजयंती पर बूथ लेबल पर अधिक से अधिक पार्टी के सदस्य बनाए जाने को लेकर चर्चा की गई। क्षेत्र के सभी बूथों पर 10 हजार सदस्य बनाए जाने का आह्वान किया किया।

सदस्यता अभियान के जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष शिवकुमार भारद्वाज ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष अपने बूथ पर अब तक के सबसे ज्यादा सदस्य बनाएं यही अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान ने दीनदयाल उपाध्याय की जयंती दिवस पर मंडल में 10 हजार सदस्य बनाने का आह्वाकिया। मण्डल महामंत्री सत्यवीर कश्यप, देवेन्द्र पचौरी, उपाध्यक्ष धीर सिंह राठौड़, मण्डल मंत्री ओमसिंह सागर, कोषाध्यक्ष रवि चोपड़ा, शक्तिकेंद्र संयोजक अंकित मिश्रा, संजय बघेल, दुष्यंत चौहान, सत्यवीर सोलंकी, रामबहादुर गौर, राजकुमार कश्यप, सौदान कश्यप, रवि दिवाकर, विक्रम सिंह, मुकेश सोलंकी, रामवीर बघेल, शैलेंद्र शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

### महिला आयोग की बैठक में शामिल हुईं रेनू

**कासगंज।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की औपचारिक बैठक मंगलवार को लखनऊ में हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में सहभागिता की। उन्होंने सभी सदस्यों और पदाधिकारियों का परिचय लिया। कासगंज से राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ शामिल हुईं। बैठक से पहले रेनू गौड़ ने महिला आयोग की अध्यक्ष बविता चौहान को कासगंज की महिलाओं की समस्याओं से अवगत कराया। अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या के मामले से भी महिला आयोग की अध्यक्ष को अवगत कराया गया।

## सार-संक्षेप

### जहर से दो लोगों की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**एटा।** निधौलीकलां थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी हिमांशू (26) पुत्र राजू ने एटा शहर में क्लब के सामने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।दूसरी ओर कोतवाली देहात के प्रेमनगर चैराहा निवासी अंकित (19) पुत्र अजब सिंह ने घर पर ही चूहामार दवा का सेवन कर लिया। उसको उपचार के लिए मां ने अस्पताल में भर्ती कराया।

### दो दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन

**अवागढ़, अमृत विचार :** अयोध्या राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन एवं मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति के द्वारा दो दिवसीय रक्तदान शिविर का हरैया विधायक अजय सिंह ने फीता काटकर आरंभ किया। शिविर में एटा जिला के रक्तवीर अश्वनी पाठक द्वारा 16 वीं बार रक्तदान किया गया। शैल कुमारी द्वारा रक्तदान जागरूकता पर बनाई गई रंगोली को सभी के द्वारा सराहा गया। संचालन दिलीप दूबे ने किया। अर्जुन अवार्डी, पूर्व ओलंपियन, हॉकी की विश्व विजेता टीम के कप्तान अशोक ध्यानचंद, सिंगरामऊ स्टेट जौनपुर की महारानी डॉ अंजू सिंह, अयोध्या मेयर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय मौजूद रहे।

### मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का दिया संदेश

**अवागढ़, अमृत विचार :** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जलेसर रोड स्थित जनता इंटर कॉलेज में मानव श्रृंखला बनाकर कर विद्यार्थियों ने स्वच्छता का संदेश दिया। हिंदी प्रवक्ता डॉ अमरेंद्र सिंह की देखरेख में संपन्न हुए कार्यक्रम में सभी से स्वच्छता अपनाने पर जोर दिया गया। प्रधानाचार्य राकेश बाबू यादव ने नगर एवं क्षेत्र के सभी लोगों से अपने आसपास गंदगी न होने देने की अपील की। कला शिक्षक अनिल कुमार ने भारत के नक्शे का डिजाइन तैयार किया। प्रवक्ता सचेंद्र कुमार, विवेक दुबे, डॉ सुधीर उपाध्याय, डॉ एसएन यादव, राम प्रकाश आर्य, दीपक जैन, आलोक आमोरिया, अरविंद कुमार, अश्वनी कुमार, अजय कुमार, मेहरबान राजपूत, पुष्पेंद्र पाल शर्मा, मुराही शर्मा, रीना शर्मा, आदि थे। संचालन प्रवक्ता रणवीर कुमार सिंह परमार ने किया।

### यातायात का उल्लंघन करने पर 136 वाहनों का चालान

**एटा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरुकता हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत चेकिंग के दौरान यातायात के नियमों का उल्लंघन करने ड्रिंक एंड ड्राइव, तीन सवारी, बिना हेलमेट, काली फिल्म तथा नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने पर 136 वाहनों के चालान कर 1,33,500 रुपये सम्मन शुल्क किया गया। साथ ही लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।

### जर्जर विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर बच्चे

**जलेसर, अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खेड़ानूह में स्थित प्राथमिक विद्यालय जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। बरसात में टपकता है।भारतीय किसान यूनियन भानू के ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने बताया कि खेड़ा नूह जिला प्राथमिक विद्यालय जर्जर है ।इस संबंध में शिक्षा विभाग से दर्जनों बार शिकायत की जा चुकी है। किसी भी समय अनहोनी हो सकती है।उन्होंने चेतावनी दी है कि याद अति शीघ्र समस्या का समाधान ना हुआ तोआंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। पूर्व प्रधान देवेंद्र सिंह ठाकुर, वीरेंद्र सिंह ,बादशाह सिंह कुशवाहा, सोनू ठाकुर, सत्य प्रकाश सिंह आदि ने रोष व्यक्त करते हुए अति शीघ्र भवन का जीर्णोद्धारकी मांग की है।

### महिला से दुष्कर्म का प्रयास, विरोध पर दंपती को पीटा

**एटा, अमृत विचार :** निधौलीकलां थाने में एक महिला ने भूपेन्द्र पुत्र दाताराम निवासी खंगारपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई । पीड़िता ने बताया कि 23 सितंबर को भूपेन्द्र उसके घर में घुस आया। दुष्कर्म करने का प्रयास किया। चीखपुकार सुनकर उसका पति आ गया। आरोपित ने दोनों के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी गई। एसआई सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### स्वेच्छा से शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण में दो सम्मानित

**एटा, अमृत विचार :** जनपद के शस्त्र लाइसेंसधारक अब स्वेच्छा से अपने लाइसेंस को निरस्त कराने के लिए आगे आ रहे हैं। थाना मिरहची के ग्राम लोधामई निवासी रामनाथ दीक्षित ने भी अपने शस्त्र लाइसेंस संख्या 4409 को स्वेच्छा से निरस्त कराने का निर्णय लिया। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने रामनाथ दीक्षित को उनके साहसिक निर्णय के लिए जिलाधिकारी कार्यालय बुलाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत जनपद में अब तक 48 से अधिक शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं। उन्होंने कार्यालय में एक विशेष बोर्ड लगवाने का भी निर्णय लिया है, जिसमें स्वेच्छा से शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने वाले व्यक्तियों के नाम वर्षों तक प्रदर्शित किए जाएंगे।

# बारिश थमी तो होने लगी उमस भरी गर्मी


उमस भरी गर्मी में सिर पर दुपट्टा डालकर गुजरतीं युवतियां। • अमृत विचार

**संवाददाता, एटा**

**अमृत विचार:** जिले में पिछले कई दिनों से लोगों का हाल बेहाल है। लोगों को दिन तो दिन रात में भी राहत नहीं मिल रही है। पांच दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है लेकिन पिछले दो दिनों की गर्मी ने लोगों को नाक में दम कर रखा है। मंगलवार की सुबह तेज धूप तो नहीं निकली लेकिन उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। दोपहर के वक्त तापमान का पारा चढ़कर 35 डिग्री के पार पहुंच गया जबकि न्यूनतम पारा 28 पारा पहुंच गया। खासकर दोपहर के वक्त गर्म हवा बदन झुलसा रही थी। स्थिति यह रही कि पंखे और कूलर की हवा भी लोगों को राहत नहीं मिल रही थी। वैसे भी बिजली की आंख मिचैनी जारी रही। भीषण गर्मी के कारण लोगों ने दोपहर के वक्त अपने-अपने घरों से निकलने से भी परहेज किया। बेहद जरूरी काम से ही लोग अपने घरों से बाहर निकले। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कट की समस्या बढ़ गई है। । इधर मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार से तापमान के पारा में मामूली गिरावट आने की संभावना है। इधर भीषण गर्मी में भी निजी स्कूल खुले रहने के कारण स्कूली बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चिलचिलाती धूप में बच्चों को स्कूल जाना परेशानी का सबक बन रहा है। कई अभिभावको ने भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल बंद करने की मांग की है।

## जांच करने गई लेखपाल और सहयोगी से दबंगों ने की मारपीट

**एटा, अमृत विचार:** कोतवाली देहात क्षेत्र के उद्दनपुर गांव में लेखपाल प्रीती गुप्ता के साथ तीन दबंगों ने अ मारपीट की और सरकारी दस्तावेज, जिसमें नक्शा और खसरा शामिल थे, फाड़कर फेंक दिए। यह घटना तब हुई जब प्रीती शिकायत की जांच करने गांव गई थीं।

कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला प्रेमननगर निवासी लेखपाल प्रीती गुप्ता तहसील सदर क्षेत्र के गांव उद्दनपुर रामनगर क्षेत्र में तैनात हैं। एक शिकायत पर प्रीती रामनगर पहुंची और कुछ लोगों को बुलाया, तो दबंगों ने मौके पर आकर लाठी-डंडे और असलाह निकाल लिए। विरोध करने पर उन्होंने लेखपाल और उनके सहयोगी पर हमला कर दिया। घटना के बाद प्रीती ने कोतवाली देहात थाने में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। जब रात तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो नाराज दर्जन भर राजस्व कर्मियों ने थाने के बाहर धरना देने का फैसला किया। अंततः पुलिस ने देर रात तीनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की, जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

# रुद्रप्रताप सिंह को चुना गया रामलीला कमेटी का अध्यक्ष


रुद्रप्रताप सिंह का फूलमाला पहनाकर स्वागत करते पदाधिकारी। • अमृत विचार

- जल्द नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की जायेगी

**संवाददाता, अमांपुर**

**अमृत विचार :** कस्बा में आदर्श श्रीराम लीला महोत्सव मंचन के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। कालेज रोड स्थित बांके बिहारी गेस्ट हाउस में हरिदत्त पालीवाल की अध्यक्षता में बैठक में सर्वसम्मति से रुदप्रताप सिंह को रामलीला कमेटी का अध्यक्ष चुना गया।

नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि वरिष्टजनों से परामर्श के बाद जल्द नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की जायेगी। श्रीराम लीला का मंचन भव्यता के साथ होगा। जिला पंचायत सदस्य अवनीश सोलंकी, महामंत्री संजय सोलंकी, सुधीर गुप्ता, शीलेन्द सोलंकी, सुनील गुप्ता, विनय प्रताप सोलंकी, राकेश चौधरी, भोले सोलंकी, अनुज राघव, संतोष पालीवाल, धीरज गुप्ता, पुष्पेंद्र वर्मा, विजयप्रकाश गुप्ता, मनोज गुप्ता, बन्टी गुप्ता, हिदेश सर्राफ, शशीकान्त मिस्त्री, आकाश गुप्ता, सरार्फ, बबलू मित्तल, वीर बहादुर आदि लोग मौजूद रहे।

## मार पीटकर महिला और ऑटो चालक को किया घायल

**एटा, अमृत विचार:** अलग-अलग स्थानों पर मार पीटकर महिला और ऑटो चालक को घायल कर दिया गया। दोनों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

निधौलीकलां थाना क्षेत्र की रहने वाली विमलेश देवी ने बताया कि उसका दहेज का केस चल रहा है। मंगलवार को वह तारीख करने के लिए कचहरी पर पहुंची। कचहरी चौराहा पर आए लोगों और महिलाओं ने एकत्रित होकर उसको मार पीटकर घायल कर दिया। उसने पुलिस का सूचना दी। उसको मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। वहीं कासगंज के सिढ़पुरा थानान्तर्गत ग्राम समौठी निवासी विकास कुमार पुत्र जोगेन्द्र सिंह पत्नी एवं बच्चों के साथ एटा शहर के परशुराम नगर में किराए के मकान में रहता है।

मंगलवार दोपहर दो बजे वह अलीगंत तिराहे पर आटो में सवारियां भर रहा था। सवारियां भरने को लेकर दूसरे ऑटो वालों ने मार पीटकर घायल कर दिया।

## एक नजर

### बीएड विभाग में होगी परीक्षाएं, परीक्षा भवन में चलेंगी कक्षाएं

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की बीएससी कृषि, कृषि ऑनर्स और एमएससी कृषि की परीक्षाएं बुधवार से शुरू होंगी। बरेली कॉलेज में प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बीएड विभाग में परीक्षाएं संचालित कराने के निर्देश दिए। इस पर शिक्षकों ने आपत्ति जताई कि परीक्षा भवन को विशेष परीक्षा के लिए बनाया गया है, उसमें परीक्षा न कराकर बीएड विभाग की कक्षाओं को परीक्षा भवन में शिफ्ट किया गया है। इस संबंध में प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि रोजगार मेले की व्यवस्थाओं को सुचारु करने के लिए यह बदलाव किया गया है।

### स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट के लिए क्यूआर कोड से भुगतान शुरू

बरेली, अमृत विचार : मुरादाबाद मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट के लिए क्यूआर कोड से भुगतान करने की सुविधा शुरू कर दी गई है। अब यात्री मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, बिजनौर, हापुड़, पिलखुआ, बरेली, भिटौरा, नगरिया साहदात, मिलक, बरेली कैंट, रामपुर, शाहजहांपुर, टिसुआ, रोजा, उंचौलिया स्टेशनों पर टिकट बुकिंग काउंटर पर क्यूआर कोड के माध्यम से अनारक्षित टिकट का भुगतान कर सकेंगे। इससे यात्रियों को टिकट के लिए लाइन में भी नहीं लगना पड़ेगा।

### आर्बिटेशन पर सुनवाई अब एक अक्टूबर को होगी

बरेली, अमृत विचार : आउटर रिंग रोड के लिए सरनिया गांव में अधिग्रहीत भूमि और उस पर बने गोदाम के ज्यादा मूल्यांकन के मामले में एनएचएआई की ओर से जिलाधिकारी न्यायालय दायर आर्बिटेशन पर मंगलवार को भी सुनवाई नहीं हो सकी। सुनवाई की अगली तारीख अब एक अक्टूबर तय की गई है।

# किसानों ने कमिश्नरी में 5 घंटे किया प्रदर्शन

## झुमका चौराहे पर एकत्र होने के बाद पुलिस लाइन तक ट्रैक्टर-ट्राली से पहुंचे किसान

बरेली कार्यालय

- अलग-अलग समस्याओं के निस्तारण के लिए मंडल के चारों जिलों से जुटे किसान
- भाकियू ने 45 पन्नों का मांगपत्र मंडलायुक्त को सौंपा, आश्वासन के बाद शांत हुए किसान

**अमृत विचार :** तमाम समस्याओं और पुरानी मांगों का निस्तारण नहीं होने से नाराज किसानों ने मंगलवार को पैदल मार्च निकालकर कमिश्नरी में पांच घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने मंडल के चारों जिलों के किसानों की समस्याओं का 45 पन्नों का मांगपत्र मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल को सौंपा। मंडलायुक्त के आश्वासन के बाद किसान शांत हुए।

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) अराजनैतिक के बरेली जिलाध्यक्ष तेजपाल गंगवार, मंडल अध्यक्ष अरुन सिंह राठी की अगुवाई में बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर के किसान झुमका तिराहे पर एकत्रित हुए और यहां से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से पुलिस लाइन पहुंचे। यहां से किसानों ने कमिश्नरी तक पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च के दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी की। दोपहर करीब 12 बजे कमिश्नरी परिसर पहुंचकर किसान धरने पर बैठ गए। इसके बाद किसानों और पदाधिकारियों ने जिले, गांव, कस्बों की बिजली, गन्ना, सड़क आदि समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। शाम 5 बजे के मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल दफ्तर से बाहर आईं और किसानों ने उन्हें चारों जिलों की समस्याओं से संबंधित करीब 45 पन्नों में मांगें सौंपी।

मंडलायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में कई समस्याएं ऐसी भी रहीं, जो पुरानी हैं और जिनका समाधान अब तक नहीं हो सका है। इसके बाद पदाधिकारियों के साथ मंडलायुक्त ने कार्यालय में बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इसके बाद किसानों ने धरना प्रदर्शन खत्म कर दिया। करीब 5 घंटे तक धरना चला। इस दौरान पीलीभीत जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह, रामचंद्र, मंजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे, जिसमें महिलाएं भी शामिल रहीं।

### किसानों की यह रहीं प्रमुख मांगें

बहेड़ी में रजिस्ट्रार को हटाने, बेसहारा पशुओं से फसलों की बर्बादी से निजात दिलाने, बहेड़ी चीनी मिल पर करोड़ों का बकाया भुगतान ब्याज सहित दिलाने, कार्ड धारकों को कम राशन देने के मामले में कार्रवाई, जरूरतमंदों किसानों को चिह्नित कर उन्हें सरकारी आवास देने, बैंक कर्मचारियों के लोन नहीं स्वीकृत करने और उत्पीड़न करने, खतौनी में हुए 70 फीसदी अंश निर्धारण को सही करने, वसूधरन नैनीताल रोड से पखुरनी तक सड़क चौड़ीकरण का काम पूरा करने, देवरनियां से धौरा नहर में एक वर्ष से पानी नहीं आने और देवरनियां के जेई को हटाने की मांगें प्रमुख रहीं।

### कमिश्नरी में पकाया और खाया खाना

जिलाध्यक्ष तेजपाल गंगवार ने कहा कि इस बार सभी लोग पूरी तैयारी के साथ आए थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली में ही खाने, पीने की सामग्री और टेंट का सामान भी लेकर आए थे। धरना शुरू होने के बाद कुछ लोगों ने कमिश्नरी परिसर में ही खाना बनाया और खाना खाया। उन्होंने कहा कि अगर मांगें नहीं मानी जाती तो टेंट लगाकर यहीं पर रात गुजारते, मगर इसकी नौबत नहीं आई।

## 14 को दीक्षांत समारोह के लिए कमेटियां गठित

बरेली, अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 14 अक्टूबर को प्रस्तावित है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने मंगलवार को समिति कक्ष में बैठक कर तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। कुलपति ने कमेटियां गठित कर शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंप दी है।

कुलपति ने मेडल व ड्रेस कोड, उद्घाटन व शिलान्यास, स्वागत, फाइल स्मृति चिह्न, मोमेंटो मुद्रण सामग्री आदि कमेटियों का गठन किया है। समारोह को भव्य बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पिछली बार के दीक्षांत समारोह में रहीं कमियों में सुधार के भी निर्देश दिए। इससे पहले दीक्षांत समारोह अगस्त में होना था लेकिन पुलिस भर्ती परीक्षा और उसी की वजह से इसकी तारीख बदल दी गई थी। बैठक में परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार, वित्त अधिकारी विनोद कुमार, सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष और विभिन्न सेल और समितियां के अध्यक्ष मौजूद रहे।

## वेबसाइट नहीं खुलने से लटका प्रधानमंत्री आवास का सर्वे कार्य

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाईजी) की वेबसाइट खुलने की राह पिछले पांच साल से लोग देख रहे हैं। 15 सितंबर को वेबसाइट खुलने के बाद सर्वे शुरू होने की उम्मीद थी लेकिन सरकार से कोई आदेश जारी नहीं हुआ।

पीएमएवाईजी की शुरुआत सितंबर 2018 में हुई थी, तब सर्वे के आधार पर चयनित किए गए पात्रों को 2019-20 से 2023-24 तक 22184 आवास दिए गए। लक्ष्य पूरा होने की वजह से कई लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल सका था। पांच साल बाद केंद्र सरकार फिर पीएमएवाईजी की वेबसाइट खोलने जा रही है। पिछले दिनों आयुक्त ग्राम्य विकास गौरीशंकर प्रियदर्शी ने जिला ग्राम्य विकास विभाग को तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए थे। संभावना थी कि 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आवास प्लस का एप लांच करेंगे। इसी के साथ वेबसाइट खोल दी जाएगी, लेकिन प्रधानमंत्री का कार्यक्रम टल गया था और 17 सितंबर को पूर्व से चयनित लाभार्थियों के खाते में किस्त के 40-40 हजार रुपये भेजे गए, मगर वेबसाइट नहीं खुल सकी। अब एक सप्ताह के बाद भी वेबसाइट नहीं खुली है और न ही सर्वे शुरू हो सका है। डीआरडीए विभाग से जुड़े अधिकारियों को भी वेबसाइट खुलने का इंतजार है, ताकि सर्वे का काम शुरू कराया जा सके। अधिकारियों के मुताबिक अभी स्थिति साफ नहीं है। इस बार 25 से 30 हजार लोगों को आवास देने देने की तैयारी है। सर्वे के लिए दो माह का समय रहेगा। इसके बाद वेबसाइट बंद हो जाएगी।

पीडी डीआरडीए चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि पीएमएवाईजी की वेबसाइट 15 सितंबर वेबसाइट खुलने की संभावना थी, मगर किन्हीं कारणों से देरी हुई है। विभाग की तैयारी पूरी है, जैसे ही वेबसाइट खुलेगी सर्वे शुरू कर दिया जाएगा।

# रुहेलखण्ड विवि में स्थापित होगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चार करोड़ रुपये स्वीकृत, वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार हो सकेंगे शिक्षक और छात्र

**अमृत विचार :** राज्य सरकार आठ प्रमुख विश्वविद्यालयों में कुल 58 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करने जा रही है। इन विवि में एमजेपी रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय भी शामिल है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देना है। इसके लिए शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों को कुल 03 करोड़ 88 लाख 77 हजार 8 सौ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है।

उच्च शिक्षा मंत्री, योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत विश्वविद्यालयों में प्रोजेक्ट फेलो के साथ-साथ अत्याधुनिक शोध उपकरण, पुस्तकालयों का विकास और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाना है। यह न केवल छात्रों के शैक्षिक विकास को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन्हें उद्योग और अनुसंधान क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय स्तर पर योजना की मॉनीटरिंग की जाएगी और शासन को अवगत कराया जाएगा।

### इन विश्वविद्यालयों में होगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ और छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर को शामिल किया गया है।

## एसडीएम और तहसीलदार पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अवैध खनन कर रहे माफिया को रोकने पर उसके गुर्गों ने एसडीएम और तहसीलदार के नेतृत्व में पहुंची टीम पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की। हमलावर ट्रैक्टर ट्रॉली को ईख के खेत में छोड़कर फरार हो गए। लेखपाल की तहरीर पर 7-8 अज्ञात और दो ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। राजस्व टीम ने दो ट्रैक्टर-ट्राली और एक हाइड्रा पुलिस को सौंप दिया है।

सदर तहसील के भोजपुर धर्मपुर में तैनात लेखपाल सर्वेश कुमार ने भोजपुर थाने में दी तहरीर दी कि रविवार की रात सूचना मिली की ढेला नदी के पास अवैध रूप से बालू निकाल रहे हैं। एसडीएम सदर राम मोहन मीणा और तहसीलदार रामवीर सिंह राजस्व कर्मियों और पुलिस टीम के साथ पहुंचे। टीम को देखते ही खनन करने वाले भागने लगे। राजस्व टीम ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो खनन कर रहे लोगों ने टीम पर ट्रैक्टर चढ़ाकर जान लेने की कोशिश की। ईख में ट्रैक्टर ट्राली फंस गई तो वे दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली और हाईड्रा छोड़कर भाग निकले। थाना प्रभारी भोजपुर श्यामवीर सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# मंडल के 39 ब्लॉकों में 2176 मरीज प्रभावित, 601 गंभीर

बरेली कार्यालय

- कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा की

**अमृत विचार :** मंडल के बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत के 39 ब्लॉकों में 2176 मरीज संचारी रोगों से प्रभावित हैं, जिसमें से 601 गंभीर हैं। मलेरिया के मामले में चारों जिले टॉप-10 पर हैं। हालांकि पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष बरेली में केस कम हैं, जबकि बदायूं में मलेरिया के केस अधिक हैं। मंगलवार को कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने मंडलीय बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा की तो यह जानकारी सामने आई।

कमिश्नरी में आयोजित बैठक में उन्होंने जिलों में मलेरिया की रोकथाम के निर्देश दिए। चारों जिलों में एलाइजा किट से जांच कराने पर जोर दिया। उन्होंने 1 से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 अक्टूबर से चलने वाले दस्तक अभियान को लेकर तैयारी करने के लिए कहा। बैठक में बताया गया कि धान खरीद के लिए मंडल स्तर पर 475 सेंटर स्वीकृत हैं। 1500 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। उन्होंने खाद के सैंपल अधोमानक पाए जाने पर कार्रवाई के लिए कहा। निर्देश दिए कि सैंपल कई वर्षों से अधोमानक पाए जा रहे हैं, इसकी भी जांच करें। स्वयं सहायता समूहों की बैंक क्रेडिट लिंकेज पोर्टल पर अपडेट नहीं हो रहे हैं। कमिश्नर ने डीओ लेटर लिखने के निर्देश दिए। मंडल में 208 आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण होना है, जिसमें पीलीभीत में 44, बरेली में 3, शाहजहांपुर में 5 शुरू नहीं हो सके।

निर्माण कार्यों की समीक्षा में कमिश्नर ने कहा कि 95 प्रतिशत कार्य होते ही एनओसी के लिए अप्लाई कर दें। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस की ओर से निर्मित थाना मीरगंज में आवासीय/अनावासीय भवनों के हैंडओवर की कार्यवाही पांच दिन में पूरा कर अवगत कराने के लिए कहा। आईजी रेंज डॉ. राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

बैठक में बताया गया कि अटल सेतु से चौपुला पुल को जोड़ने का कार्य इसी माह पूरा हो जाएगा। वहीं, यूनानी मेडिकल कॉलेज को पार्टिशियल रूप से संचालित करने के लिए पत्र भेजने के लिए कहा गया। हाउस टैक्स नवीन सर्वे के बाद अधिक बिल आने की शिकायतों को लेकर कहा गया कि जीआईएस सर्वे के बाद जो हाउस टैक्स निर्धारित हैं, वे बहुत अधिक हैं, इससे शिकायतें आ रही हैं।

# प्रेमिका के परिजनों को नशा सुंघाकर जेवर लूटे

रामपुर कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रेमी ने अपने साथियों के साथ प्रेमिका के परिजनों को नशा सुंघाकर घर में रखे 20 तोले सोने के जेवर, 2 किलो चांदी व 1 लाख रुपये लूट लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी रिटायर्ड शिक्षक ने अपनी बेटी की शादी 4 दिसंबर 2023 को जिला बरेली के थाना सीबी गंज निवासी प्रमोद से की थी। वह छह माह की गर्भवती भी है। कुछ दिन पहले वह मायके आई थी। इसी बीच उसका प्रेमी मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव भजनपुरी निवासी धर्मेंद्र लोधी अपने साथी प्रताप व शीला के साथ उनकी बेटी की मदद से घर में घुस गए। आरोपियों ने शिक्षक और उनके परिजनों को नशा सुंघाकर बेहोश कर दिया और घर में रखा 20 तोला सोना, 2 किलो चांदी और 1 लाख रुपये लूटकर ले गए। उन्होंने बताया कि धर्मेंद लोधी ने उनकी बेटी की अश्लील वीडियो बना रखी है। इसके जरिए वह उसे ब्लैकमेल करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित का कहना है कि अश्लील वीडियो बनाने में उनकी बेटी के पति का हाथ है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिला अपराध के मामलों में तुरंत करें कार्रवाई : आईजी

बरेली कार्यालय

- माफिया के खिलाफ कार्रवाई और लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के निर्देश दिए

**अमृत विचार :** पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह ने आईजी कार्यालय में रेंज के सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने महिला अपराध के मामलों में अपराधियों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

आईजी ने माफिया के खिलाफ कार्रवाई और लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, दहेज हत्या, पॉक्सो एक्ट, अपहरण, गोकशी, धर्मांतरण और साम्प्रदायिक मामले में तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति फेज-चार के अन्तर्गत चलाए जा रहे विभिन्न अभियान महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को स्थापित महिला हेल्प डेस्क के प्रभावी क्रियान्वयन और महिला बीट प्रणाली की सुदृढ़ीकरण बनाते हुए कार्रवाई करें। साथ ही साइबर हेल्प-डेस्क के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में भी चर्चा की। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य समेत अन्य जिलों के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## अफीम तस्करी के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली:** अफीम तस्करी के आरोपी बदायूं के वजीरगंज के गांव मानिकपुर निवासी चन्द्रसेन की जमानत अर्जी स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट पशुपति नाथ मिश्रा ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील अवधेश कुमार शर्मा ने जमानत मिलने पर फरार होने का तर्क दिया। बिशारतगंज पुलिस ने 8 सितंबर के चेकिंग के दौरान दो लोगों सोनू और चन्द्रसेन को मिलक बहादुरगंज वाले कट के पास से पकड़ा था। तलाशी में दोनों के पास से संयुक्त रूप से एक किलो 16 ग्राम अफीम बरामद हुई थी।

# धूम्रपान कर रहा फेफड़ों को कमजोर

बरेली कार्यालय

**विश्व लंग्स डे पर विशेष**

- आठ महीने में फेफड़े संबंधी संक्रमण के तीन हजार मरीज सामने आए

**अमृत विचार :** धूम्रपान फेफड़ों को कमजोर कर रहा है। अस्पतालों में फेफड़े संबंधी संक्रमण के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। विभाग के अनुसार आठ महीने में 3 हजार से अधिक मरीज फेफड़े संबंधी गंभीर बीमारियां से ग्रसित मिले हैं। अकेले जिला अस्पताल की ओपीडी में चार महीने में 1459 रोगी पहुंचे हैं। कुछ रोगियों में टीबी की भी पुष्टि हुई है।

विशेषज्ञों के अनुसार अगर किसी को सांस या फेफड़े से संबंधित कोई समस्या होती है तो उसे चलने-फिरने में परेशानी होने लगती है। ऐसी दशा में ऑक्सीजन का स्तर भी असंतुलित होने लगता है। बार-बार खांसी आने की समस्या बनी रहती है। ऐसा होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रेस्पेरेटरी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ. ललित सिंह के अनुसार अस्थमा बचपन की सबसे आम दीर्घकालिक बीमारी है, जो लगभग 14 फीसदी बच्चों को प्रभावित करती है। बच्चों में इसके मामले बढ़ रहे हैं। फेफड़ों की टीबी संक्रामक रोग है। फेफड़े का कैंसर सबसे ज्यादा घातक है। ऐसे रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। प्रदूषण, धूल जैसे कई कारण और असंतुलित जीवनशैली इसकी वजह हो सकती है। फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष धूम्रपान से बचाव के साथ नियमित व्यायाम करें। संतुलित आहार लें।

# पर्स से पैसे चुराते पकड़ीं तीन महिलाएं

बरेली कार्यालय

- बरेली खरीदारी करने आई बदायूं की महिला के पर्स से निकाले 33 हजार पांच सौ रुपये

**अमृत विचार :** बड़ा बाजार में महिला के पर्स से पैसे चोरी कर रहीं तीन महिलाओं को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। तीनों के पास से पैसे बरामद हुए हैं। पूछताछ में तीनों ने बताया कि महंगे शौक पूरे करने के लिए वे चोरी करती हैं। पुलिस ने मंगलवार को तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

बदायूं के मम्मन चौक निवासी मोहम्मद दानिश ने बताया कि वह रविवार को अपनी मां के साथ बड़ा बाजार में खरीदारी करने आए थे। वह शाम 5 बजे सामान खरीदने के बाद मोमोज खाने लगे। इसी दौरान ठेले पर तीन महिलाएं आईं और उनकी मां से सट कर खड़ी हो गईं। उनकी मां को एहसास हुआ कि कोई पर्स टटोल रहा है, तब उन्होंने मुड़कर देखा तो महिलाएं दूर हट गईं। इसी बीच दूसरी महिला ने पर्स की चेन खोलकर 33 हजार 500 रुपये निकाल लिए और तीसरी महिला को दे दिए। दानिश ने बताया कि उनकी नजर पड़ी तो शोर मचाया तो उनके चाचा इमरान हुसैन ने लोगों के साथ तीनों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि तीनों महिलाएं थाना बारादरी क्षेत्र के मोहल्ला तलईया वाली मस्जिद सहसवानी टोला की हैं। तीनों के नाम अलीशा, हिना और निशा हैं। तीनों आपस में रिश्तेदार हैं। पूछताछ में तीनों ने बताया कि वे महंगे शौक पूरे करने के लिए चोरी करती हैं और जो रुपये मिलते हैं, उसे आपस में बांट लेती हैं। कुछ दिन पहले ई-रिक्शा में जा रही एक महिला की चेन भी उन्होंने ही तोड़ी थी। चेन 1.20 लाख रुपये में बेचकर पैसे बांट लिए थे। इंस्पेक्टर कोतवाली दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि तीनों को जेल भेज दिया है। तीनों के पास चोरी के रुपये बरामद हुए।


**सार्वजनिक सूचना**

मैं, अंकुर अग्रवाल, पंजीकृत निवेश सलाहकार (आरआईए), सेबी (निवेश सलाहकार) विनियम, 2013 के तहत, जिसके पास सेबी पंजीकरण संख्या INA100013940 है, निवेश सलाहकार के रूप में अपने पंजीकरण प्रमाणपत्र को समर्पण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मैंने बीएएसएल, सदस्यता प्रमाणपत्र संख्या बीएएसएल1207 के साथ अपनी सदस्यता रद्द करने के लिए भी आवेदन किया है।

सभी ग्राहकों या अन्य संबंधित पक्षों को सूचित किया जाता है कि वे इस नोटिस की तारीख से 30 दिनों के भीतर सेबी स्कोर्स पोर्टल (https://scores.gov.in) पर मेरी सेवाओं से संबंधित कोई भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

किसी भी पूछताछ या स्पष्टीकरण के लिए कृपया मुझसे +91 95280 32451 पर संपर्क करें।

अंकुर अग्रवाल
पता: 585 आलमगिरी गंज, श्रीमंडी, बरेली, उत्तर प्रदेश–243001
तिथि: 25.09.2024



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**सार्वजनिक अधिसूचना (25000 वोल्ट शिरोपरि कर्षण तारों के उर्जित किये जाने के सम्बन्ध में)**

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्टज ए.सी. शिरोपरि कर्षण तारो के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में उत्तरोत्तर रुप से उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और बाद की तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय लगातार विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाइन की सामीप्यता अथवा में दाखिल होने या काम करने नही जायेगा। **क्रम सं०: 1, खण्ड का नाम:** चौबेपुर यार्ड (Excl)–लाईन नं० 3 (Incl), **ऊर्जा प्रवाह की तारीख:** 26.09.2024

वमंविइं/टीआरडी/इज्जतनगर
मुजाधि/विद्युत–135
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**कार्यालय ग्राम पंचायत भायपुर वि.खं. सिंधौली, तह. पुवायां (शाहजहांपुर)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भायपुर वि.खं. सिंधौली तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर में वर्ष 2024–25 में पंद्रहवें वित्त / पंचम राज्य वित्त आयोग / मनरेगा के अंतर्गत निम्न कार्य कराया जाना है। इच्छुक निविदा / कोटेशनदाता दिनांक 27.09.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक निविदायें डाल सकते हैं तो उसी दिनांक सायं 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | खुशीराम के घर से हरदेव बाबा के स्थान तक इंटरलॉक व नाली निर्माण। | 80X3 मी. | 3.90 लाख |
| 2. | जगतपाल बाबा जी के नल के पास से जागेश्वर दयाल के घर तक नाली व इंटरलॉक। | 80X3 मी. | 3.90 लाख |
| 3. | ककरौआ में सुरेश के घर से रामप्रकाश के घर तक इन्टरलॉक | 90X3 मी. | 3.80 लाख |
| 4. | भायपुर में मेन रोड से नत्थूलाल के घर तक इंटरलॉक व नाली निर्माण। | 70X3 मी. | 3.60 लाख |

रघुवीर सिंह (ग्राम प्रधान) शिवालय शर्मा (सचिव)



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बरेली।**
कार्यालय का पता :–विकास भवन, बरेली।

(ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण)

पत्रांक :–1320/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2024–25/दिनांक 18.09.2024

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :–

1. तालिका के अनुसार कार्यों का विवरण :–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) | धरोहर धनराशि (बिड सिक्योरिटी) (रूपये मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | बरेली | कस्बा शेरगढ में वार्ड नं0–10 में रफीक अंसारी के मकान से रईस अहमद व बाबू अंसारी की मार्केट के पीछे होते हुये मन रोड तक सी0सी0 कार्य। (विकास खण्ड–शेरगढ) | 19.952 | 32000.00 | 854.00 | 03 माह |
| 02 | बरेली | ग्राम नगला में तसब्बर के मकान से मुख्तार शाह के मकान पार तक सी0सी0 कार्य। (विकास खण्ड–शेरगढ) | 16.850 | 28100.00 | 854.00 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक : 26.09.2024
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 26.10.2024 मध्याहन 12.00 वजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 28.10.2024, अपरान्ह 12.30 बजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई वी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा ,जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियिमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।

(विनय कुमार शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–बरेली।
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

UP – 219767 दिनांक 23.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।



**IIFL FINANCE**
CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार–बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित ऋण खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **28.09.2024** को **सुबह 10 बजे** से निम्नलिखित ज़िला केंद्र **बरेली–सिविल लाइंस जीएल – 116–ए, पहली मंजिल, आईसीआईसीआई बैंक के ऊपर, सिविल लाइंस, बरेली–243001** पर संचालित की जायेगी। स्थान या दिनांक में किसी भी बदलाव (यदि कोई हो) नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से नीलामी यहाँ दी गयी तिथि पर संपन्न न की जा सके या एक ही दिन में पूरी न हो, तो आईआईएफएल को कथित नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ आगे की किसी तारीख़ पर संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL23361287, GL24664008, GL24671149, GL24836439, GL26261842, GL26280730, GL26670129, GL27859039, GL27870042, GL28136938, GL28191128, GL28210299, GL28296529, GL28303620, GL28591333, GL28612227, GL29158375, GL29176630, GL29188884, GL29601262, GL29611119, GL29626289, GL29635249, GL29940302, GL29956919, GL30040391, GL30062863, GL30065714, GL30292782, GL30445739, GL30446505, GL30477491, GL30577080, GL30598259, GL30647922, GL31293426, GL32058345, GL34203269.

नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

स्थान: बरेली
दिनांक: 25.09.2024

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

# नई बनने वाली सड़कों की गारंटी 5 साल हो: योगी

## सड़क खराब हुई तो निर्माता एजेंसी ही करे पुनर्निर्माण, मुख्यमंत्री ने की खराब सड़कों के सुधार कार्यों की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- एनएचएआई से बोले- अधूरे हाइवे पर न की जाए टोल वसूली

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आने वाले शारदीय नवरात्रि, दशहरा और दीपावली आदि पर्व और त्योहारों के मद्देनजर राज्य की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए जारी विशेष अभियान 10 अक्टूबर तक सम्पन्न करने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व व त्योहारों पर प्रदेश में आवागमन सामान्य की अपेक्षा अधिक होता है। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी आते हैं। हर एक आदमी के लिए सड़क पर चलना सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। गड्ढामुक्ति, सड़कों की मरम्मत का काम अच्छी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने मंडी परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि किसान सड़कों का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। किसानों की सुविधा का खास ध्यान रखा जाए। एफडीआर पद्धति से सड़कें बनाई जाएं। इस पद्धति के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों, धन व समय की बचत होती है तथा कार्य की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि मंडी समिति के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों की मरम्मत एवं ड्रेनेज का कार्य निर्धारित समय में पूरा किया जाए। क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाए।

वहीं, एनएचएआई के अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक हाईवे का निर्माण कार्य पूरा न हो जाए तब तक टोल टैक्स की वसूली न की जाए। गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है, आवश्यकता है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क बनाने वाली एजेंसी, ठेकेदार सड़क बनने के अगले पांच साल तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएं।विभागीय मंत्री व अधिकारी फील्ड में रैंडम दौरा कर निर्माण परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा करें। कार्यों के प्रति जवाबदेही भी तय की जाय। मुख्यमंत्री ने कार्य को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज़्ड किये जाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि, सड़कों पर सीवर लाइन तथा पाइपलाइन आदि डालने के बाद ठीक ढंग से मरम्मत की जानी चाहिए। सड़कों पर ऊंचे ब्रेकर से दुर्घटना होने की संभावना बनती है। अतः सड़कों पर टेबल टॉप ब्रेकर का निर्माण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गड्ढामुक्ति और नवनिर्माण के अभियान की जियो टैगिंग कराई जाए।

### महिला स्वयं समूहों को भी जोड़ा जाए

मुख्यमंत्री के अनुसार, राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर मंडी समिति तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सीएसआर पद्धति के माध्यम से पेयजल, टॉयलेट, कैंटीन आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। इस कार्य से महिला स्वयं समूहों को भी जोड़ा जाए। मंडियों में कैंटीन के माध्यम से किसानों के लिए कम कीमत में भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइट तथा साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# ज्ञानवापी वुजूखाने के सर्वेक्षण मामले की सुनवाई 1 अक्टूबर को

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित वुजूखाने का एएसआई सर्वेक्षण करने के मामले में मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान याची राखी सिंह ने अपना जवाब दाखिल किया। इसके बाद कोर्ट ने मामले को एक अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। पिछली सुनवाई में याची की ओर से मुस्लिम पक्ष द्वारा दाखिल हलफनामे पर जवाब देने के लिए समय की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ के समक्ष हुई। मालूम हो कि श्रृंगार गौरी मामले की मुख्य वादी श्रीमती राखी सिंह ने जिला न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए वर्तमान याचिका दाखिल की, जिसमें सील वुजूखाने (शिवलिंग को छोड़कर) के पूरे परिसर का एएसआई सर्वेक्षण कराने की मांग की गई है।

# भिक्षावृत्ति में फंसे बच्चों को भी मुक्त कराना महिला आयोग के जिम्मे



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर महिला आयोग की बैठक करते हुये। ● अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य महिला आयोग के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री ने की बैठक
- राज्य सरकार का निर्देश, ऐसे बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने में आयोग निभाए प्रभावी योगदान

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवगठित राज्य महिला आयोग की पदाधिकारियों, सदस्यों से कहा कि देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रभावी होने जा रहा है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की कुल सीटों में से एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। महिला हितों के संरक्षण तथा उनके कल्याण में राज्य महिला आयोग की बड़ी भूमिका है। आयोग इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार करे। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि भिक्षावृत्ति की अवैध गतिविधियों में फंसे बच्चों को मुक्त कराकर उनकी पढ़ाई, आवास आदि की व्यवस्था कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की मुहिम में भी राज्य महिला आयोग प्रभावी योगदान करे।

मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर नवगठित राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वय और सदस्यों सहित सभी पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य महिला आयोग के गठन के उद्देश्यों, दायित्वों, अधिकारों पर भी चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग के पदाधिकारियों को जनपदीय प्रवास के दौरान इन प्रयासों, कार्यक्रमों के बारे में स्थानीय महिलाओं से संवाद करना चाहिए। वहां से प्राप्त फीडबैक से मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जाना अपेक्षित है। यदि कतिपय कारणों से किसी को योजना का लाभ नहीं मिल सका है, तो उनके लिए आयोग द्वारा संस्तुति भी की जानी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने आयोग के सुचारु कामकाज के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# गड़बड़ी करने पर आधार से पकड़े जाएंगे सर्वेयर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के सर्वे में फर्जीवाड़ा पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के सर्वे में इस बार फर्जीवाड़ा नहीं चलेगा। जांच या शिकायत में अपात्र मिलने पर सर्वेयर की आधार कार्ड से पहचान करके त्वरित कार्रवाई की जाएगी। सरकार का मकसद जरूरतमंदों को हरहाल में आवास देकर लाभान्वित करना है।

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत प्रदेश में लाभार्थियों का चयन करने की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। सिर्फ केंद्र से सर्वे करने के लिए एप लांच होने का इंतजार है। इस वर्ष सरकार का मकसद किसी भी हालत में नए व पुराने लाभार्थी आवास योजना से छूटने नहीं चाहिए। इसके लिए कई नियम बनाएं हैं और प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए बदलाव किया गया है। सर्वे ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा किया जाएगा जो मौके पर सीधे घर आदि की स्थिति देखकर फोटो लेंगे और मुखिया व सदस्य का पूरा विवरण रजिस्टर पर दर्ज करेंगे।

इससे संपूर्ण समाधान दिवस व अन्य जनसुनवाई के दौरान यदि कोई व्यक्ति आवास से वंचित होने की शिकायत करता है तो रजिस्टर पर विवरण देखा जाएगा। यदि रजिस्टर में नाम नहीं या अपात्र आदि की शिकायत मिली तो सर्वेयर को उसके आधार कार्ड से ट्रेस करके त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# पान-मसाला का उपयोग न करने के लिए किया जागरूक

**लखनऊ, अमृत विचार।** 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' के अन्तर्गत मंगलवार को राजभवन में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के घटक 'आईईटी' की नाट्य संस्था 'जोश' की ओर से 'रेड स्पॉट' नाटक प्रस्तुत किया गया। इसमें प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान व पान मसाला खाने के दुष्प्रभाव व इसे खाकर इधर-उधर थूकने से होने वाली गंदगी से मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। कलाकारों ने उपस्थित लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ पंकज एल जानी, कुलपति डॉ जय प्रकाश पांडेय समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# सहारा से वापस ली ग्रीन बेल्ट की जमीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ





- लखनऊ विकास प्राधिकरण ने कब्जा लेकर लगाए बोर्ड
- 1995 में 30 साल के लिए लीज पर दी गई थी जमीन

**अमृत विचार :** सहारा इंडिया हाउसिंग लिमिटेड को लीज पर दी गई ग्रीन बेल्ट की जमीन लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने वापस ले ली है। साथ ही कब्जा लेकर विभागीय बोर्ड लगाना शुरू कर दिया है। एलडीए ग्रीन बेल्ट की जमीन पर अवैध निर्माण हटाते हुए नगर वन विकसित करेगा।

एलडीए ने 1995 में सहारा इंडिया हाउसिंग लिमिटेड को ग्राम जियामऊ, उजरियांव व रेलवे लाइन के मध्य लाइसेंस के आधार पर 100 एकड़ जमीन 30 वर्ष के लिए लीज पर ग्रीन बेल्ट उपयोग के लिए दी थी। लेकिन, शर्तों के मुताबिक 29 साल में ग्रीन बेल्ट विकसित नहीं की गई। बल्कि जमीन पर अवैध निर्माण हो गया। प्राधिकरण ने 5 जुलाई को बोर्ड बैठक में लीज का लाइसेंस निरस्त करके जमीन वापस लेना का प्रस्ताव रखा था। इस पर स्वीकृत मिलने पर जमीन वापस ले ली गई।

इस क्रम में मंगलवार को अर्जन और अभियंत्रण टीम ने जमीन की नापजोख करके कब्जा की प्रक्रिया शुरू की। मानचित्र के आधार पर मिलान करके प्राधिकरण ने अर्जित जमीन के बोर्ड लगाए। यह प्रक्रिया दो से तीन तक चलेगी। इसके बाद पूरे क्षेत्र का सर्वे कराकर जमीन की पैमाइश की जाएगी। साथ ही अवैध निर्माण चिह्नित करते हुए ध्वस्त किए जाएंगे। इसके बाद जमीन पर एलडीए वृक्ष व पौधे लगाकर बड़ा नगर वन बनाएगा। विभागीय चर्चा यह भी रही कि ग्रीन बेल्ट के कुछ हिस्से में नगर निगम का प्रोजेक्ट संचालित है। इस वजह से प्रक्रिया में समस्या आ रही है। एलडीएम की इस कार्रवाई से सहारा इंडिया को बढ़ा झटका लगा है।

# उद्यमियों के महाकुंभ की आज से भव्य शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का द्वितीय संस्करण

**अमृत विचार :** आस्था का महाकुंभ अभी भले ही दूर हो, लेकिन उद्यमियों की आशाओं और संभावनाओं का महाकुंभ यानी उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण की शुरुआत बुधवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में होने जा रहा है। बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में इस मेगा शो का शुभारंभ करेंगे। दूसरा संस्करण पहले संस्करण से भी बड़ा होने जा रहा है।

इस आयोजन के माध्यम से दुनिया प्रदेश के क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर से रूबरू होगी। इसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित और बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा, तो भारत और वियतनाम का जायका भी आगंतुकों को आकर्षित करेगा। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए उन्हें प्रदेश के कल्चर से भी अवगत कराया जाएगा। शो का समापन 29 सितंबर को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा किया जाएगा।

एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने बताया कि आयोजन में 2500 स्टाल्स एवं प्रदर्शनियों के माध्यम से देश-दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश के हुनर को प्रदर्शित किया जा रहा है। अब तक 70 देशों के 350 से अधिक क्रेताओं द्वारा अपना प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण कराया जा चुका है, यह संख्या और भी बढ़ेगी।

### उप्र. के जायकों का स्वाद भी चखेंगे मेहमान

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो में आगंतुक, मेहमान और मेजबान उत्तर प्रदेश के व्यंजन का भी स्वाद चखेंगे। यहां एक या दो नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के अनेक जनपदों के नामचीन पकवान परोसे जाएंगे। इस दौरान यूपीआईटीसी में आगरा के पंछी पेठा और मथुरा के पेड़ा का भी स्वाद मिलेगा। ट्रेड शो में आए मेहमान बलिया की लिट्टी-चोखा और लखनऊ के टुंडे के कबाब का भी जायका ले सकेंगे। अवध के व्यंजनों की खुशबू भी ट्रेड शो में महकेगी। बरेली के पकवानों का जायका भी लिया जा सकेगा।

## अंतिम जांच रिपोर्ट खारिज होने के बाद समन अनुचित

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डॉ. दंपति के खिलाफ हत्या के एक मामले को खारिज करते हुए कहा कि समन जारी करना एक गंभीर मामला है और यह तब और गंभीर हो जाता है, जब अंतिम जांच रिपोर्ट को खारिज करने के बाद समन जारी किया जाए। पुलिस द्वारा की गई जांच, वैज्ञानिक जांच और विशेष जांच दल की रिपोर्ट को अकारण खारिज नहीं किया जा सकता है। समन आदेश में पुख्ता कारण अपेक्षित होते हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि अंतिम रिपोर्ट को खारिज करने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को समन जारी करने के समर्थन में उचित कारण बताना चाहिए था। अगर जांच उचित नहीं थी तो आगे की जांच के लिए निर्देश पारित किया जाना चाहिए। इसके अलावा कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि समन आदेश पारित करते समय ट्रायल कोर्ट द्वारा वैज्ञानिक परीक्षणों और गवाहों के बयानों का ठीक से विश्लेषण नहीं किया गया था। कोर्ट ने अधूरे साक्ष्यों के आधार पर जारी समन आदेश को रद्द कर दिया।

## पीजीआई में मारपीट प्रकरण की होगी जांच

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एसजीपीजीआई में तैनात सुरक्षा कर्मियों के मरीज के तीमारदारों से गाली-गलौज व मारपीट करने के प्रकरण में जांच के निर्देश दिए हैं। एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# रोडवेज बसों का फास्टैग हैक के बाद सभी रीजन में जांच हुई शुरू

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ





**अमृत विचार :** रोडवेज बसों पर लगे फास्टैग हैक को लेकर मंगलवार को प्रदेश के सभी डिपो में जांच शुरू हो गई है। लेकिन अभी समस्या जस की तस बनी हुई है। फास्टैग हैक होने और रोडवेज बसों का टोल टैक्स कैश देने से राज्य सड़क परिवहन निगम को प्रतिदिन दो लाख रुपये का नुकसान हो रहा है। 21 बसों में आई समस्या की शिकायत के बाद एनएचएआई के अधिकारी भी जांच में जुट गए हैं। परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर मामले को लेकर कड़ा रुख अपनाया है उन्होंने सभी रीजन को इस संबंध में जांच कर जल्द से जल्द मुख्यालय को रिर्पोट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

परिवहन निगम के प्रवक्ता अजीत सिंह ने बताया कि झांसी, प्रयागराज और कानपुर रीजन की बसों का फास्टैग सोमवार को किसी ने हैक कर लिया। इसके बाद अलग-अलग टोल प्लाजा पर इन अलग-अलग रीजन की करीब 21 बसों को टोल टैक्स चुकाना पड़ा, जबकि ग्लोबल वॉलेट में हर रोज परिवहन निगम दो करोड़ रुपये तक का भुगतान करता है, जिससे उत्तर प्रदेश की साढ़े 11 हजार से अधिक बसों का टोल टैक्स दिया जाता है। टोल पर पहुंचने पर खाते में पैसा नहीं दिखा रहा, जबकि जांच करने पर पता चला कि बसों के फास्टैग में अभी पैसा है।

### एसबीआई का फास्टैग

परिवहन निगम की तरफ से एसबीआई का फास्टैग इस्तेमाल किया जा रहा। इस दौरान बैंक के खिलाफ शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी पूरी हो गई है। निगम प्रशासन साइबर सेल से जांच करायेगा ।


## वर्ग पहेली-202

**बाएं से दाएं**

1. 1. पोस्ते की फली 2. कुछ विशिष्ट पौधों की बड़ी कली जिसमें उस पौधे के फल या बीज रहते हैं, बौड़ी।
3. 1. नशीले पेय तथा फलों के रस से बनाया जाने वाला एक पेय, एकाधिक मदिराओं का मिश्रित पेय मांड़ा
6. मरने की इच्छा, मरण कामना, मरणाशंसा।
8. (अंधविश्वास) एक प्रकार के भूत-प्रेत, एक योनि जिसमें पड़ी आत्माएं मनुष्य जीवन में बाधा उत्पन्न करती हैं।
9. 1. नम्रता, शालीनता 2. लज्जाशीलता, शिष्टता, सुशीलता।

**ऊपर से नीचे**

2. पुराने आधे पैसे के बराबर का सिक्का, अधेले के मूल्य का सिक्का।
4. 1. दूषित अथवा मलिन होने की अवस्था या भाव, मैल, मलिनता, गंदगी 2. पाप, पातक 3. गुस्सा, क्रोध 4. कलंक, अपयश, बदनामी 5. अपवित्रता 6. कालिमा 7. विकार।
5. 1. जो ख़ास हो, जो मामूली न हो, असाधारण, विशिष्ट 2. प्रचलित परंपरा से भिन्न।
7. 1. तपना, गरमाना, गरम होना 2. संतप्त होना 3. जलना।
8. 1. बाप, तात, जनक 2. संतान का जन्मदाता पुरुष।



### वर्ग पहेली -201 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | हा | ल | 2 य | | 3 घा |
| ज़ा | | | था | | नी |
| 4 कि | ब | ला | नु | मा | |
| या | | | पा | | 5 नं |
| | | 6 ए | त | का | द |
| | | | | | रा |
| | 7 अ | भि | मा | नि | नी |

## सुडोकू -115

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | | | | | 7 | | 9 |
| 9 | | | 2 | | | | | 3 |
| | 5 | | 3 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | 4 | 5 | | | | 6 | |
| | | 1 | | | | 2 | | |
| | 7 | | | | 8 | 4 | | 5 |
| | 1 | 5 | | | 9 | | 8 | |
| 6 | | | | | 1 | | | 4 |
| 3 | | 8 | | | | | 5 | 1 |

### सुडोकू - 114 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 7 | 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 2 | 1 | 9 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 सितंबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 12.10 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष:** आज आपको मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। माता या मातातुल्य स्त्रियों का सम्मान करें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। मित्रों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। जल्दबाजी के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं।

**वृष:** आज किसी रिश्तेदार से सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा। आपकी आय में भी वृद्धि होने की संभावना है। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को जबरदस्त सफलता मिल सकती है।

**मिथुन:** आज आपके स्वभाव में ताजगी रहेगी। अनुशासित जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अधिक थकान के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपने लक्ष्यों को तय समय पर पूर्वनियोजित तरीके से पूरा कर लेंगे।

**कर्क:** आज अपने हिसाब-किताब का विवरण स्पष्ट रखें। यात्रा के दौरान सावधानी और सुरक्षा का ध्यान रखें। भावुक होने के बजाय व्यवहारिक रहें तभी प्रसन्न रह पाएंगे। नई जानकारियों को एकत्र करने में लगे रहेंगे। व्यापार में आ रही गिरावट दूर होगी।

**सिंह:** आज आपके ऊपर काम का दबाव रह सकता है। अपने आत्मविश्वास और मनोबल में कमी न आने दें। परिजनों से भावनात्मक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद को टालने का प्रयास करें। पुराने कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर लें।

**कन्या:** आज सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। घर की समस्याओं को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा लेंगे। प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं।

**तुला:** आज आपकी दिनचर्या बहुत ही व्यवस्थित रहेगी। कॉलेज विद्यार्थियों को जॉब के मौके मिल सकते हैं। कठोर वचन बोलने से आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। लोग आपके काम का श्रेय ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के बीच काफी अच्छा तालमेल रहेगा।

**वृश्चिक:** आज किसी पुराने मामले को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। बुजुर्ग लोगों का अनादर न करें। घर में मेहमान आ सकते हैं। लोगों की मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। बच्चे पढ़ाई में विशेष ध्यान देंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु:** आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। धन का अनावश्यक अपव्यय करने से बचें। मेहनत का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। असंतुलित खानपान के कारण आपको परेशानी हो सकती है। स्त्री जातकों को कष्टपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर:** आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। व्यापार में आपको पुराने संपर्कों का बेहतरीन लाभ मिलेगा। नया कार्य शुरू करना हितकर रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कुंभ:** आज लोग आपसे काफी अपेक्षा करेंगे। साझेदारी में नए काम शुरू कर सकते हैं। शत्रुओं के ऊपर आपको विजय मिलेगी। नौकरीपशा लोगों को ज्यादा काम करना पड़ेगा। मेडिकल शोध से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है।

**मीन:** आज आपके जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। बड़ों के द्वारा होने वाले सुझावों पर गौर अवश्य करें। बुखार और सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपनी कार्यक्षमता को लेकर भ्रम की स्थिति रहेगी। क्रोध के कारण अवसरों को खो सकते हैं।

## आज का पंचांग





दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 22.23 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
16 दिसंबर – सुबह : 09.41
छतरीवाली – रात : 07.56

**&pictures**
बोल राधा बोल – सुबह : 10.49
शर्माजी नमकीन – रात : 08.00

**SONY PIX**
रेडी प्लेयर वन – सुबह : 10.41
स्पाइडर मैन 2 – रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
किसी का भाई किसी की जान – सुबह : 11.45
भीमा – रात : 08.00

**ZEE ACTION**
वज्रकाया – सुबह : 10.50
गद्दार – रात : 09.51

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर सुबह : 11.45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस-हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चलकर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति- पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,914.04 | 25,940.40 |
| गिरावट | 14.57 | 1.35 |
| प्रतिशत में | 0.02 | 0.01 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, बुधवार, 25 सितंबर 2024

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 2460, राज श्री 1840, फ़ॉर्चून कि. 2145, रविन्द्रा 2390, फॉर्चुन ली. 1975, जय जवान 1915, सचिन 1990, सूरज 1940, अवसर 2050, राग गोल्ड 2090, गृहणी ली 1990, क्लासिक (किलो) 2085, मोर 2110, चक्र टिन 2230, ब्लू 2160, आशीर्वाद मस्टर्ड 2350, स्वास्तिक 2430 ।किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31200, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 ।चावल– (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1तिलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 ।दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8850, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 13000, मोटा हीरा 15000, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 ।चीनी – डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी 4040।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 76500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 75500 |
| सिल्वर (पक्की) | 890 (अनुमानित) |

# एसएंडपी ने भारत का वृद्धि अनुमान 6.8 प्रतिशत पर रखा बरकरार

### रेटिंग्स एजेंसी को उम्मीद- आरबीआई मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में करेगा कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

- ठोस वृद्धि से मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप लाने पर आरबीआई कर सकेगा ध्यान केंद्रित



एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.8% पर मंगलवार को बरकरार रखा और कहा कि उसे उम्मीद है कि आरबीआई अपनी अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देगा। एशिया प्रशांत के आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.9% बरकरार रखा है। इसमें कहा गया कि भारत में ठोस वृद्धि से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रास्फीति को अपने लक्ष्य के अनुरूप लाने पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा। एजेंसी ने कहा कि भारत में अप्रैल-जून तिमाही में उच्च ब्याज दरों ने शहरी मांग को प्रभावित किया और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर धीमी रही। हालांकि यह 2024-25 के लिए हमारे सकल घरेलू उत्पाद के 6.8% की दर के अनुमान के अनुरूप है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2% की दर से बढ़ी थी। एसएंडपी ने कहा कि हमारा परिदृश्य यथावत बना हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई जल्द से जल्द अक्टूबर में दरों में कटौती शुरू कर देगा और चालू वित्त वर्ष (मार्च 2025 में समाप्त होने वाले) में दो बार दरों में कटौती की योजना बनाएगा। एसएंडपी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति औसतन 4.5% रहेगी।

### सरकार का मुद्रास्फीति चार प्रतिशत रखने का है लक्ष्य

सरकार ने आरबीआई को मुद्रास्फीति को दोनों तरफ दो प्रतिशत घट–बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है। आरबीआई की ब्याज दर निर्धारित करने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक सात से नौ अक्टूबर को होने वाली है। मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के लिए केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2023 से नीतिगत दर को 6.5% पर यथावत रखा है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने भी अपनी नीतिगत ब्याज दर में 0.50% की कटौती की है। इसके बाद आरबीआई के अगले महीने इसमें 0.25% की कटौती करने की उम्मीद है।

## 85,000 अंक लांघने के बाद फिसला सेंसेक्स

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 85,000 अंक और एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के पार पहुंचा। हालांकि, बाद में दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और कुछ बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी स्थिर रुख के साथ बंद हुए।




- एनएसई के निफ्टी ने भी 26,000 अंक को किया पार

सेंसेक्स 14.57 अंक यानी 0.02% की गिरावट के साथ 84,914.04 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स सुबह के कारोबार में 85,000 अंक पहुंचा था। यह 234.62 अंक यानी 0.27% की बढ़त के साथ उच्चतम स्तर 85,163.23 अंक पर पहुंच गया। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए चीन द्वारा प्रोत्साहन उपायों की घोषणा से धातु शेयरों को गति मिली। दोपहर में रिकॉर्ड स्तर पर मुनाफावसूली से यह दिन के निचले स्तर 84,716.07 अंक तक आ गया था। हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से बाजार नीचे आया। एनएसई का निफ्टी 1.35 अंक यानी 0.01% की बढ़त के साथ 25,940.40 अंक पर बंद हुआ। यह 72.5 अंक चढ़कर नये रिकॉर्ड स्तर 26,011.55 अंक तक चला गया था।

## कीमत स्थिरता और वृद्धि के बीच संतुलन जरूरी : दास

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई गवर्नर बोले- केंद्रीय बैंकों को नियमन और निगरानी के उपायों को अपनाना चाहिए



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि कीमत स्थिरता और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन जरूरी है। अगर केंद्रीय बैंक मूल्य स्थिरता को प्राथमिकता देता है और इसके लिए बड़े स्तर पर वृद्धि के साथ समझौता करता है ऐसी परिस्थिति में दोनों के बीच सामंजस्य बैठाने की जरूरत पड़ती है। दास ने काठमांडू में कहा कि अर्थव्यवस्था की मदद के लिए, केंद्रीय बैंकों को मौद्रिक नीति के साथ नियमन और निगरानी जैसे उपायों को अपनाना चाहिए।

उन्होंने नेपाल राष्ट्र बैंक के हिमालय शमशेर स्मृति व्याख्यान में कहा कि मूल्य स्थिरता और वृद्धि के बीच संतुलन की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब मूल्य स्थिरता के लिए वृद्धि को छोड़ा जाता है। दास के अनुसार, यह हो सकता है कि मूल्य स्थिरता के लिए उपाय वित्तीय स्थिरता के लिए उपयुक्त नहीं हों। हाल ही में कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ऐसा ही देखा गया। वहां जब सख्त मौद्रिक नीति ने बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संदर्भ में आरबीआई के कार्य मूल्य स्थिरता से कहीं अधिक व्यापक हैं और इसमें वित्तीय स्थिरता बनाए रखना शामिल है। दास ने कहा कि इससे हमें अर्थव्यवस्था के बारे में समग्र दृष्टिकोण अपनाने, तालमेल के साथ आगे बढ़ने और हमारे पास जो भी साधन हैं, उसका उपयोग कर कदम उठाने में मदद मिलती है।

## चीनी बैंक ने आरक्षित दरों में की कटौती

**बीजिंग।** चीनी केंद्रीय बैंक ने संपत्ति क्षेत्र में मंदी से निपटकर सुस्त अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से कई कदम उठाने की मंगलवार को घोषणा की। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के गवर्नर पैन गोंगशेंग ने कहा कि बैंकों के लिए आवश्यक आरक्षित दर (रिजर्व रेट) में 0.5% की कटौती होगी तथा केंद्रीय बैंक इसमें और भी कटौती करेगा। केंद्रीय बैंक शेयर बाजार के स्थिर विकास में सहयोग के लिए नयी नीतियां बना रहा है। दूसरा घर खरीदने वालों के लिए अग्रिम भुगतान की अनिवार्यता 15% होगी तथा गिरवी दरों में कटौती होगी।

## फर्जी पंजीकरण : 10,700 जाली कंपनियों का लगा पता

नई दिल्ली, एजेंसी

- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 20 राज्य करेंगे आधार प्रमाणीकरण शुरू

कर अधिकारियों ने जीएसटी के तहत 10,700 फर्जी पंजीकरण का पता लगाया है, जिनमें 10,179 करोड़ की कर चोरी शामिल है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य शशांक प्रिय ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीकरण के लिए आधार प्रमाणीकरण पहले से ही 12 राज्यों में लागू है और चार अक्टूबर तक अन्य चार राज्य को भी इसमें शामिल किया जाएगा। अंततः मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सहित 20 राज्य आधार प्रमाणीकरण शुरू करेंगे।

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के कार्यक्रम में शशांक प्रिय ने कहा कि भविष्य में कर अधिकारी नए करदाताओं पर उनके जोखिम प्रोफाइल के आधार पर कुछ पाबंदियां भी लगा पाएंगे।

## उद्योग जगत से चार लाख करोड़ की ऋण मांग : एसबीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा है कि बैंक को भारतीय उद्योग जगत से चार लाख करोड़ रुपये के कर्ज की मांग मिल चुकी है। उन्होंने 2024-25 की दूसरी छमाही में निजी क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय में तेजी आने की उम्मीद भी जतायी। शेट्टी ने कहा कि हम निजी पूंजीगत व्यय में अच्छी रुचि देख रहे हैं। बुनियादी ढांचे के लिए वित्तपोषण मुख्य रूप से सड़कों, नवीकरणीय ऊर्जा और कुछ रिफाइनरियों से आ रहा है। सार्वजनिक व्यय की बात करें तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय लक्ष्य को 11.1% बढ़ाकर रिकॉर्ड 11.11 लाख करोड़ कर दिया था। यह देश के जीडीपी का 3.4% है। शेट्टी ने कहा कि कुछ कंपनियों ने पुरानी परियोजनाओं का विस्तार शुरू किया है, जिसके लिए पूंजीगत व्यय का वित्तपोषण उनके नकदी स्रोतों से किया गया है।

## बैंक जमाराशि वृद्धि में कमी से बॉण्ड से धन जुटाने के लिए मजबूर : इक्रा

मुंबई, ,एजेंसी

- 85% बॉण्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से किए जाएंगे जारी

धीमी जमा वृद्धि से बैंकों को चालू वित्त वर्ष 2024-25 में बॉण्ड जारी कर 1.3 लाख करोड़ तक जुटाने पर मजबूर होना पड़ेगा। मंगलवार को रिपोर्ट में यह बात कही गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार, बॉण्ड की राशि 1.2-1.3 लाख करोड़ रुपये के बीच होगी और यह अभी तक का सर्वाधिक है। यह बॉण्ड राशि ऐसे समय में जारी होगी जब जमा तथा ऋण वृद्धि के बीच लगातार अंतर जारी है। 85% बॉण्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा जारी किए जाएंगे।

इसी के साथ ऋणदाताओं के बीच बुनियादी ढांचा बॉण्ड के लिए बढ़ती मांग बाजार को गति प्रदान करेगी। एजेंसी ने कहा कि नकदी की कठिन परिस्थितियों तथा ऋण वृद्धि के जमा वृद्धि से अधिक होने के कारण बैंकों के लिए वैकल्पिक स्रोतों से धन जुटाना आवश्यक हो गया है। बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में बॉण्ड जारी कर एक लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। इससे पहले 2022-23 में 1.1 लाख करोड़ जुटाए गए थे, जो मौजूदा बॉण्ड राशि से पहले सर्वाधिक था।



## एक नजर

### कोलकाता में एक हिस्से को छोड़कर ट्राम सेवा होगी बंद

**कोलकाता।** बंगाल सरकार ने मैदान से एस्प्लेनेड तक एकमात्र हेरिटेज खंड को छोड़कर कोलकाता में 150 साल पुरानी ट्राम सेवा को बंद करने का फैसला किया है। राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने यह जानकारी दी। हालांकि, ट्राम प्रेमियों ने इस फैसले के विरोध में सड़कों पर उतरने का फैसला किया है। कोलकाता देश का एकमात्र ऐसा शहर है, जहां ट्राम का संचालन जारी है।

### ऑटो-ट्रक की भिड़ंत में 6 की मौत, 3 लोग घायल

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में कटनी राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर ट्रक ने ऑटो को कुचल दिया, जिससे छह लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि समन्ना गांव के पास ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर कलेक्टर और एसपी के साथ एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची। घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए दमोह से जबलपुर तक कॉरिडोर भी बनाया गया। क्रेन की मदद से ऑटो को ट्रक के नीचे से निकाला गया। घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया।

### प. बंगाल में मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे

**कोलकाता।** प. बंगाल में जलपाईगुड़ी जिले के न्यू मैनागुड़ी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह छह बजकर 20 मिनट पर यह घटना हुई। गुवाहाटी से आ रही यह मालगाड़ी न्यू जलपाइगुड़ी जा रही थी। अलीपुरद्वार के संभागीय रेलवे प्रबंधक (डीआरएम) अमर जीत गौतम ने बताया कि इस मार्ग पर साढ़े 12 बजे ट्रेनों का यातायात बहाल कर दिया गया।


# कोर्ट पहुंचे मृत आरोपी के पिता, एसआईटी जांच की मांग

### बदलापुर यौन शोषण : अन्ना शिंदे ने दाखिल याचिका में आरोप लगाया कि फर्जी मुठभेड़ में की गई अक्षय की हत्या

मुंबई, एजेंसी

बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मारे गए आरोपी अक्षय शिंदे के पिता ने बंबई हाईकोर्ट में याचिका दायर कर विशेष जांच दल (एसआईटी) से मामले की जांच कराने की मांग है।

अन्ना शिंदे ने वकील अमित कटरनवारे के जरिए दायर याचिका में आरोप लगाया है कि उनके बेटे की हत्या फर्जी मुठभेड़ में की गई। वकील कटरनवारे ने कहा कि आरोपी उस समय हिरासत में था, जब उसे फर्जी मुठभेड़ में गोली मार दी गई। यह वर्दीधारी अपराधियों द्वारा की गई निर्मम हत्या है। याचिका पर बुधवार को न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की पीठ सुनवाई करेगी। वहीं मामले की जांच राज्य सरकार ने सीआईडी को सौंप दी है। टीम ने जांच के तहत मंगलवार को घटना स्थल और पुलिस वैन से जांच के लिए नमूने एकत्र लिए हैं।



आरोपी अक्षय शिंदे के मुठभेड़ में मार जाने के बाद वैन की जांच करती फोरेंसिक टीम।

### आरोपी पर पुलिसवालों की हत्या की कोशिश का मामला दर्ज

पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी के लिए आरोपी अक्षय के खिलाफ हत्या के प्रयास का आरोपी की आकस्मिक मौत का मामला दर्ज हुआ है। अधिकारी ने बताया कि एपीआई नीलेश मोरे को गोली मारकर घायल करने के बाद उसके साथ जा रही टीम के अधिकारी ने उस पर जवाबी गोली चलाई। घायल अवस्था में अक्षय को कलवा सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अदालत के फैसले को स्वीकार कर लेते परिजन

आरोपी अक्षय के पिता अन्ना शिंदे ने कहा कि परिवार अदालत के फैसले को स्वीकार कर लेता। उन्होंने सवाल उठाया कि अक्षय ने सोमवार शाम को पुलिसकर्मी की बंदूक छीन ली और गोली चला दी, जिसके कारण जवाबी कार्रवाई में उसकी मौत हो गई। अन्ना ने कहा कि हमें न्याय चाहिए। मेरा बेटा पटाखे फोड़ने से डरता था, वह पुलिस अधिकारी से कैसे पिस्तौल छीन सकता है और गोली चला सकता है। पुलिस ने यौन शोषण में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है और उस पर मुकदमा चलाया जा सकता था। परिवार ने अदालत के सुनाए फैसले को स्वीकार कर लिया होता। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने अज्ञात कारणों से उनके बेटे की हत्या कर दी।

### परिजनों ने पुलिस के दावे पर सवाल उठाया

अक्षय के परिजनों ने दावा किया कि पुलिस ने जुर्म कबूलने के लिए उस पर दबाव बनाया था। अक्षय की मां और चाचा ने आरोप लगाया कि पहले उसने पुलिसकर्मी की बंदूक छीनी और गोली चलाई तथा बाद में पुलिस ने आत्मरक्षा में उस पर गोली चलाई। पुलिस ने दबाव बनाकर उससे बयान लिखवाया कि उसने अपराध किया है। यह पुलिस और बदलापुर स्कूल प्रबंधन की साजिश है। राष्ट्रवादी कलवा–मुंब्रा से विधायक जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि कैसे हथकड़ी में आरोपी रिवॉल्वर छीनकर गोली चला सकता है जबकि पांच से अधिक पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## लेखा परीक्षण से धन की सुरक्षा के साथ जनविश्वास बढ़ता है : मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी



- लेखा परीक्षण संस्थानों के एशियाई संगठन की 16वीं सभा का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि लेखा परीक्षण संस्थान लेखा परीक्षण और आकलन से न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनविश्वास बढ़ाते हैं। श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) द्वारा आयोजित लेखा परीक्षण संस्थानों के एशियाई संगठन की 16 वीं सभा का उद्घाटन किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि वित्तीय दुनिया अक्सर गैर पारदर्शी लेखांकन प्रथाओं से घिरी रहती है। ऐसी स्थिति में स्वतंत्र सर्वोच्च लेखा परीक्षण संस्थानों की भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक संसाधनों को कुशलतापूर्वक, प्रभावी ढंग से और ईमानदारी के साथ प्रबंधित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों के लेखा परीक्षण और आंकलन न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ाते हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि कैग देश की सार्वजनिक वित्त व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## पत्नी को परजीवी कहना महिला जाति का अपमान: हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पत्नी के जीविकोपार्जन में सक्षम होने से पति उसे भरण-पोषण राशि देने से मुक्त नहीं हो जाता

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि पत्नी के जीविकोपार्जन के लिए सक्षम होने की वजह से पति उसे भरण-पोषण राशि देने से मुक्त नहीं हो जाता। अदालत ने कहा कि पत्नी को परजीवी कहना महिला जाति का अपमान है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने निचली अदालत द्वारा पत्नी को भरण-पोषण देने के निर्देश के खिलाफ पति की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि महिलाएं परिवार की देखभाल करने, बच्चों की जरूरतों और पति तथा उसके माता-पिता की देखभाल के लिए नौकरी छोड़ देती हैं। याचिकाकर्ता पति के बारे में कहा जा रहा है कि उसने पत्नी और बच्चों को छोड़ दिया है और वह दूसरी महिला के साथ रह रहा है। निचली अदालत ने याचिकाकर्ता को अपनी पत्नी को भरण-पोषण के रूप में 30,000 रुपये प्रतिमाह देने का आदेश दिया था, साथ ही उसे मानसिक यातना, अवसाद और भावनात्मक पीड़ा आदि के लिए पांच लाख देने का आदेश दिया था। निचली अदालत ने उसे अपनी पत्नी को मुआवजे के तौर पर तीन लाख देने का निर्देश दिया था, जिसमें मुकदमेबाजी की लागत के रूप में 30,000 रुपये शामिल हैं।

## राहुल ने भाजपा से पूछा- क्यों डंकी हुए हरियाणा के युवा

नई दिल्ली, एजेंसी



- बेरोजगारी की समस्या को लेकर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा को घेरा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा में बेरोजगारी की समस्या को लेकर मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और सवाल किया कि आख़िर राज्य के युवा डंकी होने पर मजबूर क्यों हैं? उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनते ही ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी, जिसमें युवाओं को सपनों के लिये अपनों से दूर नहीं होना पड़ेगा। यहां डंकी का तात्पर्य अवैध तरीके से दूसरे देश में जाने से है जिसे डंकी फ़्लाइट भी कहा जाता है।

राहुल गांधी ने अमेरिकी दौरे पर भारत से अमेरिका जाने वाले कुछ लोगों से मुलाकात की थी। इनमें से एक अमित भी थे जिनके परिवार से कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को करनाल जाकर मुलाकात की थी। राहुल गांधी ने इसका वीडियो एक्स पर साझा करते हुए पोस्ट किया कि क्यों डंकी हुए हरियाणा के युवा? भाजपा द्वारा फैलाई बेरोज़गारी की बीमारी की कीमत लाखों परिवार अपनों से दूर हो कर चुका रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका यात्रा के दौरान हरियाणा के उन युवाओं से मुलाकात हुई जो घर परिवार से दूर खुद को पराए मुल्क में खपा रहे हैं। भारत लौटने पर जब उनके परिवार से मिला तो उनकी आंखें दर्द से छलक उठीं।

### भाजपा ने बेरोजगारी की महामारी फैलाई : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव पांच अक्टूबर को होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। प्रदेश में कुल 4.5 लाख सरकारी पद हैं जिनमें से 1.8 लाख पद खाली पड़े हैं। भाजपा ने हरियाणा के युवाओं से भविष्य की सारी उम्मीदें छीनकर उनके साथ घोर अन्याय किया है।

## एम्स के कार्यकारी निदेशक के बेटे पर लगे आरोपों की जांच करेगी समिति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एम्स, पटना के कार्यकारी निदेशक के बेटे को गैर-क्रीमी लेयर के तहत ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने और एम्स, गोरखपुर में एमडी पाठ्यक्रम में उसके प्रवेश में अनियमितता के आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। एम्स, पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल एम्स, गोरखपुर के कार्यकारी निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं। गोपाल कृष्ण के बेटे अरुप्रकाश पाल को दो गैर-क्रीमी लेयर ओबीसी प्रमाण पत्र जारी किए गए थे।

## महिला को किराये के मकान में मिले गुप्त कैमरे, मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में महिला किरायेदार के बेडरूम और स्नानकक्ष में गुप्त कैमरे लगाने के आरोप में 30 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी कर रही महिला कुछ महीनों से इस मकान में अकेली रहती थी और शहर से बाहर जाने पर वह मकान मालिक के बेटे करण को चाबियां दे देती थी। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि महिला को व्हाट्सअप में असामान्य गतिविधि दिखी। जांच के बाद उसने पाया कि उसका व्हाट्सएप एकाउंट अज्ञात लैपटॉप पर लॉगइन है। उसने स्नानकक्ष में बल्बहोल्डर में कैमरा देखा और पीसीआर कॉल की, पुलिस ने उसके बेडरूम में कैमरा मिला।

- व्हाट्सएप में असामान्य गतिविधि से हुआ मामले का खुलासा

## आरटीआई पोर्टल को लेकर 11 राज्यों से जवाब तलब


नई दिल्ली, एजेंसी

- शीर्ष अदालत के फैसले के बावजूद अब तक नहीं शुरू हुआ पोर्टल

सुप्रीम कोर्ट ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत पोर्टल शुरू करने के लिए दाखिल याचिका पर आंध्र प्रदेश और झारखंड सहित 11 राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अदालत के 2023 के फैसले के बावजूद इन राज्यों ने अब तक पोर्टल नहीं शुरू किया है। न्यायालय ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेश और उच्च न्यायालयों को तीन महीने में आरटीआई वेबसाइट शुरू करने का निर्देश दिया था। अदालत ने रेखांकित किया था कि इस सुविधा से सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के उद्देश्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पादीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता अनुज नकाडे के वकील की दलील पर संज्ञान लिया जिन्होंने बताया कि 11 राज्यों ने अब तक अपनी आरटीआई वेबसाइट शुरू नहीं की है।

## भाजपा मुझे चोर दिखाना चाहती है इसलिए जेल में डाला : केजरीवाल

**चंडीगढ़।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर प्रहार तेज करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें इसलिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें चोर दिखाना चाहती है लेकिन उनके कट्टर शत्रु भी मानते हैं कि वह भ्रष्ट नहीं हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आप प्रत्याशी हरपिंदर सिंह के समर्थन में सिरसा के रानिया विधानसभा क्षेत्र में एक रोडशो किया। केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने पर पिछले सप्ताह तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।



## स्कूल सुरक्षा के निर्देश अधिसूचित करें राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी



- पीठ ने गैर सरकारी संगठन बीबीए याचिका पर की सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूल सुरक्षा पर केंद्र के दिशानिर्देश अधिसूचित करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ गैर सरकारी संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2021 में जारी दिशानिर्देशों को लागू करने का अनुरोध किया गया था। गैर सरकारी संगठन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का ने कहा कि आज तक केवल पांच राज्यों ने केंद्र के 2021 के स्कूल सुरक्षा और संरक्षा पर दिशानिर्देश को अधिसूचित किया है। पीठ ने वर्ष 2019 की जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वरिष्ठ वकील ने कहा कि याचिका में उन अभिभावकों की आशंका को दर्शाने का प्रयास किया गया है, जो अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं। याचिका में कहा गया है कि दिशानिर्देशों का उद्देश्य और लक्ष्य, सभी बच्चों को हर प्रकार के शोषण और दुर्व्यवहार से सुरक्षा प्रदान करने तथा उनके शारीरिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और नैतिक कल्याण की गारंटी देने के लिए एक व्यापक कानून बनाना है।

# टीम की तैयारियों से खुश हूं : हरमनप्रीत कौर

- **20 अक्टूबर से यूएई में खेला जाएगा महिला टी-20 विश्वकप**

**मुंबई, एजेंसी**



मुख्य कोच मजूमदार के साथ पत्रकारों से वार्ता करतीं कप्तान कौर। ● एजेंसी

हरमनप्रीत कौर लंबे समय से खिताब के करीब पहुंचकर चूकने के अहसास से परेशान हैं लेकिन भारतीय कप्तान को लगता है कि उनकी टीम ने तीन से 20 अक्टूबर तक यूएई में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने की दावेदारी पेश करने के लिए अच्छी तैयारी की है।

वर्ष 2009 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से भारत केवल एक बार 2020 में फाइनल में पहुंचने में सफल रहा है और तब वे ऑस्ट्रेलिया से हार गए थे। भारत 2017 में महिला एकदिवसीय विश्व कप फाइनल भी खेला और वहां भी उप विजेता रहा। हरमनप्रीत दोनों टीमों का हिस्सा रहीं और उन्होंने 2020 टी-20 विश्व कप में टीम का नेतृत्व भी किया था। टी-20 विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले हरनमप्रीत ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह सर्वश्रेष्ठ टीम है जिसके साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। खिलाड़ी लंबे समय से एक साथ खेल रहे हैं। हम पिछली बार इतने करीब आ गए थे और सेमीफाइनल (2023) में हार गए। हमारी सभी विभागों में तैयारी काफी अच्छी है। जुलाई के अंत में एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद से भारतीय टीम को खेलने का मौका नहीं मिला है।

टीम ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में एक व्यापक तैयारी शिविर में हिस्सा लिया जहां खिलाड़ियों ने फिटनेस और क्षेत्ररक्षण में बहुत समय बिताया। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां टीम अतीत में कमजोर रही है। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य कोच अमोल मजूमदार और मुख्य चयनकर्ता नीतू डेविड भी मौजूद थे। अब तक सभी टी-20 विश्व कप में खेलने वाली हरमनप्रीत ने कहा एशिया कप के दौरान हमने अच्छी क्रिकेट खेली, एक दिन चीजें योजना के अनुसार नहीं हुईं। हरमनप्रीत ने अपने लगभग डेढ़ दशक के करियर में कई वैश्विक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन उन्हें लगता है कि वह अब भी अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप की तरह ही उत्साहित हैं।

### मानसिक ट्रेनिंग को भी दी तरजीह : मजूमदार

मुख्य कोच मजूमदार में बेंगलुरू में ट्रेनिंग शिविर पर अधिक प्रकाश डाला। हमने कुछ चीजों की पहचान की (श्रीलंका से हार के बाद) और हमने अगले शिविर में इन पर काम किया। हमने पहले फिटनेस और क्षेत्ररक्षण शिविर लगाया। फिर हमने 10 दिन का कौशल शिविर लगाया। हमने एक खेल मनोवैज्ञानिक (मुग्धा बावरे) को भी बुलाया। वह टीम के साथ शानदार रहीं। हमने एथलेटिक क्षमता, ऑलराउंड क्षेत्ररक्षण क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया, योग सत्र और मनोवैज्ञानिक सत्र भी जोड़े गए। बांग्लादेश में अशांति के कारण इस टूर्नामेंट को वहां से यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया था।

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया

**ब्रिस्बेन।** गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद एलिस पेरी (36) और एश्ली गार्डनर (33) की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने मंगलवार को तीसरे टी-20 मुकाबले पांच गेंदे शेष रहते न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हरा दिया हैं। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 146 रन का स्कोर बनाया।

आज यहां 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 26 के स्कोर पर उसने बेथ मूनी (6) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जॉर्जिया वेयरहम ने कप्तान अलीसा हीली के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में एमेलिया केर ने अलिसा हीली (27) को आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरी सफलता दिलाई। तीसरे विकेट के रूप में जॉर्जिया वेयरहम (26) रन और एलिसा पेरी 29 गेंदों में (36) रन बनाकर आउट हुई। फीबी लिचफील्ड (5) और तालिया मैक्ग्रा (6) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 148 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया।

## पैरालंपिक पदक विजेता व पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों को मिलेंगे नकद पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने पिछले महीने पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले देश के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए कुल 50 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पेरिस खेलों में एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल पांच पदक जीते थे।

पुरुष एकल एसएल3 श्रेणी में स्वर्ण जीतने वाले नितेश कुमार को 15 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा रजत पदक विजेता सुहास यथिराज (पुरुष एकल एसएल4) और तुलसीमति मुरुगेसन (महिला एकल एसयू5) को 10-10 लाख रुपये दिए जाएंगे। कांस्य पदक विजेता मनीषा रामदास और नित्या श्री सिवन (महिला एकल एसएच6 श्रेणी) प्रत्येक को सात लाख 50 हजार रुपये मिलेंगे। तुलसीमति, मनीषा और नित्या ने पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया।

## खेल डायरी

### राफेल नडाल स्पेन की डेविस कप टीम में शामिल



**मैड्रिड।** स्पेन ने डेविस कप के लिए अपनी टीम में फिटनेस से जूझ रहे दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को टीम में जगह दी है। नवंबर में होने वाले इस टेनिस टूर्नामेंट के लिए 38 वर्षीय राफेल नडाल को कार्लोस अल्काराज, रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत, पाब्लो कैरेनो बुस्टा और मार्सेल ग्रैनोलर्स के साथ स्पेन की टीम में जगह दी गई है। डेविड फेरर टीम के कोच होंगे। उन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। ओलंपिक के बाद नडाल को फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण यूएस ओपन और लेवर कप से हटना पड़ा। उन्होंने 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते है। डेविस कप के लिए आठ देशों ने अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। डेविस कप क्वार्टर फाइनल 19 से 21 नवंबर के दौरान होंगे। सेमीफाइनल 22 और 23 नवंबर को और फाइनल 24 नवंबर को खेला जाएगा। मेजबान स्पेन का क्वार्टर फाइनल मुकाबला नीदरलैंड से होगा।

### फीफा ने नए कायदे कानून की पुस्तिका प्रकाशित की

**जिनेवा।** विश्व फुटबॉल नियामक संस्था (फीफा) ने दुनिया भर के फुटबॉल समुदाय को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए नए नियम, वैधानिक दस्तावेज और परिपत्र वाली कानूनी पुस्तिका का 2024 संस्करण प्रकाशित किया। फीफा द्वारा सोमवार को जारी की गई पुस्तिका के नए संस्करण में फुटबॉल संगठनों तथा मैचों पर लागू सभी नियमों और कानूनों में हाल ही में हुए बदलाव और संशोधन के बारे में जानकारी दी गई हैं। फीफा ने 2020 में इस पुस्तिका प्रकाशित किया था तब से प्रत्येक वर्ष यह कानूनी पुस्तिका प्रकाशित की जा रही है। इस पुस्तक में अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के अलावा, कानूनी पुस्तिका के 2024 संस्करण में फीफा कानूनो के अद्यतन संस्करण, खिलाड़ियों की स्थिति और स्थानांतरण पर नियम और महिला खिलाड़ियों और कोचों के लिए नियामक ढांचा शामिल है।

### मालोर्का ने रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया

**सेविले (स्पेन)।** मालोर्का ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रीयाल बेटिस को 2–1 से हराया। शुक्रवार की रात अलावेस और सेविला के बीच हुए मैच की तरह ही इस मुकाबले के दौरान भी कुछ घरेलू प्रशंसकों ने मैच की शुरुआत में अपनी सीट पर बैठने से इनकार कर दिया क्योंकि उन्होंने कहा कि किकऑफ (मैच शुरू होने का समय) का समय असुविधाजनक है। फुटबॉल पारंपरिक रूप से सप्ताहांत और सप्ताह के मध्य में खेला जाता है लेकिन टीवी दर्शकों को संतुष्ट करने और बढ़ते मैचों की संख्यों से निपटने के लिए शुक्रवार और सोमवार की रात को अधिक से अधिक मैच जोड़े गए हैं। पिछले सप्ताह गेटाफे पर 2–1 की जीत में बेटिस के दोनों गोल करने वाले जियोवानी लो सेल्सो ने सात मिनट के बाद 25 मीटर की दूरी से शानदार शॉट लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। डेनी रोड्रिगेज ने एक मिनट बाद मालोर्का को बराबरी दिला दी जिसके बाद दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में वैलेरी फर्नांडीज ने गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से मालोर्का 11 अंक के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गया जो बेटिस से तीन अंक अधिक हैं। बेटिस ने हालांकि एक मैच कम खेला है।

### त्रीशा-गायत्री मकाऊ ओपन बैडमिंटन में जीते

**मकाऊ।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की तीसरी वरीय भारतीय जोड़ी ने अकारी सातो और माया तागुची की जापान की जोड़ी को मंगलवार को यहां तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर मकाऊ ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने पहले दौर में लगभग एक घंटे चले मुकाबले में 15–21, 21–16, 21–14 से जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में एन सिक्की रेड्डी रुतविका शिवानी की जोड़ी ने महिला युगल क्वालीफिकेशन क्वार्टर फाइनल में चेयुंग यान यू और च्यु विंग ची की जोड़ी को 21–15, 21–10 से हराया। आर्यमन टंडन ने पुरुष एकल क्वालीफिकेशन में हमवतन तरूण मानेपल्ली को 11–21, 21–15, 21–17 से हराया लेकिन इसके बाद क्वार्टर फाइनल में एक अन्य हमवतन भारतीय अलाप मिश्रा के खिलाफ 10–21, 22–24 से हार गए।

# चीन में चमके भारतीय सितारे

### जीवन-विजय ने जीता हांग्झोऊ ओपन , भांबरी-ओलिवेटी चेंगदू ओपन के उपविजेता बने





हांग्झोऊ ओपन के पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में खिताब जीतन के बाद जीवन और विजय, साथ में चेंगदू ओपन के उपविजेता युकी भांबरी और अल्बानो। ● एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के जीवन नेदुनचेझियान और उनके जोड़ीदार विजय सुंदर प्रशांत ने मंगलवार को हांग्झोऊ ओपन का चैंपियन बनने के साथ पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता, जबकि युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी मंगलवार को चेंगदू ओपन में उपविजेता रहे।

जीवन और विजय की गैरवरीय भारतीय जोड़ी ने एक घंटे और 49 मिनट तक चले मुकाबले में कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैर वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी को 4-6, 7-6(5), 10-7 से शिकस्त दी। 35 साल के जीवन के लिए यह एटीपी टूर स्तर का दूसरा खिताब है। उन्होंने 2017 में रोहन बोपन्ना के साथ चेन्नई ओपन जीता था। विजय के लिए यह एटीपी टूर का पहला खिताब है। भारतीय जोड़ी ने शुरुआती सेट को 4-6 से गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरे सेट को 7-6 से जीतकर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक खींचा। टाई ब्रेक में भारतीय जोड़ी 10-7 से आगे रही। जीवन और विजय की जोड़ी अपनी सर्विस पर अंक भुनाने के मामले में शानदार रही।

### चेंगदू ओपन में भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने डौम्बिया और रेबौल को हराया

भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी चेंगदू ओपन के रोमांचक फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांस के सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की जोड़ी से 4–6, 6–4, 4–10 से हारकर अपने तीसरे खिताब से चूक गईं। लगभग डेढ़ घंटे तक चले मैच में शुरुआती सेट को गंवाने के बाद भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर मुकाबले को टाई–ब्रेक तक पहुंचा दिया। भारत और फ्रांस के खिलाड़ियों की जोड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी के दो ऐस की तुलना में छह ऐस लगाये लेकिन छह डबल फॉल्ट करना उन्हें महंगा पड़ा। फ्रांस की जोड़ी के लिए यह भांबरी–ओलिवेटी पर उनकी पहली जीत थी। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने इस साल अप्रैल में म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन और मई में गस्ताद में स्विस ओपन के खिताब जीते थे।



चेन्नई हवाई अड्डे पर डी गुकेश का स्वागत करते लोग। ● एजेंसी

## डी गुकेश, प्रज्ञानानंदा, वैशाली और श्रीनाथ का जोरदार स्वागत

**चेन्नई, एजेंसी**

**नायकों की घर वापसी**

- **ओलंपियाड में देश को स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद पूरी भारतीय टीम लौटी**

ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद भारतीय टीमों के सदस्यों का मंगलवार को यहां स्वदेश लौटने पर प्रशंसकों, अधिकारियों और परिवारों के सदस्यों ने स्वागत किया। डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और पुरुष टीम के कप्तान श्रीनाथ नारायणन आज सुबह तड़के चेन्नई पहुंचे।

भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने रविवार को इतिहास रचते हुए हंगरी में शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते। उनकी असाधारण जीत ने भारत की नई शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को मजबूत किया। चारों के हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही प्रशंसकों ने जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया। टूर्नामेंट में अजेय अभियान के साथ भारतीय पुरुष टीम के दबदबे में अहम भूमिका निभाने वाले गुकेश ने अपने व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक दिखाए। अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए चुनौती पेश करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने 18 वर्षीय गुकेश अब नवंबर में चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए तैयार हैं।

## शेष भारत एकादश और मुंबई के बीच खेला जाएगा मैच

- **लखनऊ में पहली बार 1 से 5 अक्टूबर के बीच होगा ईरानी ट्रॉफी प्रतिस्पर्धा**

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** लखनऊ में पहली बार होने वाले ईरानी ट्रॉफी के मुकाबले में शेष भारत की टीम ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में शहर के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में मुंबई के खिलाफ उतरेगी। रणजी चैंपियन मुंबई की कमान अजिंक्य रहाणे को सौंपी गई है। ईरानी ट्रॉफी का यह मुकाबला 1 से 5 अक्टूबर तक खेला जाएगा। इस पांच दिवसीय मुकाबले के लिए मुंबई के 27 सितंबर और शेष भारत की टीम के 28 सितंबर के आने की संभावना है। दोनों टीमों के 29 सितंबर से अभ्यास करने की उम्मीद है।

**टीमों हैं ये सितारे**

**मुंबई–** रहाणे (कप्तान), पृथ्वी शॉ, आयुष महात्रे, मुशीर खान, श्रेयस अय्यर, सिद्धेश लाड, सूर्यांश शेडगे, हार्दिक तमोरे, सिद्धांत अधटराव, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, हिमांशु सिंह, शार्दुल ठाकुर, मोहित अवस्थी, जुनैद खान, रॉयस्टन दियास।

**शेष भारत–** ऋतुराज गायकवाड़, अभिमन्यु ईश्वरन, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, ईशान किशन, मानव सुथार, सारांश जैन, प्रसिद्ध कृष्णा, मुकेश कुमार, यश दयाल, रिकी भुई, शाश्वत रावत, खलील अहमद, राहुल चाहर।

## दूसरे टेस्ट के लिए कानपुर पहुंची भारतीय टीम

- **27 से औद्योगिक नगरी में खेला जाएगा शृंखला का दूसरा और आखिरी टेस्ट मैच**

**कानपुर, एजेंसी**







कानपुर हवाई अड्डे से बाहर निकलते रोहित शर्मा, विराट कोहली और बांग्लादेश की टीम। ● एजेंसी

बांग्लादेश के खिलाफ 27 सितंबर से शुरु होने वाले श्रृंखला के दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच के लिये भारतीय टीम के सदस्य मंगलवार को कानपुर पहुंचे। भारतीय टीम के सदस्य टुकड़ियों में यहां पहुंचे। सबसे पहले चकेरी हवाई अड्डे से भारतीय कोच गौतम गंभीर और विराट कोहली बाहर निकले जबकि कुछ देर बाद शुभमन गिल,रोहित शर्मा को औद्योगिक नगरी में आगमन हुआ।

बांग्लादेश की टीम भी यहां पहुंची। दोनों टीमें बुधवार से ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम पर बारी-बारी से अभ्यास करेंगी। दोनो टीमों को शहर के एकमात्र तीन सितारा होटल लैंडमार्क में ठहराया गया है। टीमों के अभ्यास के शेड्यूल जारी होना बाकी है हालांकि सूत्रों का दावा है कि सुबह के सत्र में मेहमान बांग्लादेश की टीम ग्रीनपार्क में नेट प्रैक्टिस करेगी जबकि शाम को भारतीय टीम अभ्यास सत्र में हिस्सा लेगी। अरसे बाद ग्रीनपार्क पर टेस्ट मैच के आयोजन को लेकर कानपुर के क्रिकेट प्रेमियों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। अपने पसंदीदा क्रिकेट सितारों की एक झलक पाने के लिए क्रिकेट प्रशंसकों की भीड़ होटल के बाहर दोपहर से ही जम गयी। सुरक्षा के लिहाज से हालांकि पुलिस प्रशंसकों को धकियाते दिखायी दी। होटल में क्रिकेट सितारों का स्वागत तिलक लगा कर किया गया। गौरतलब है कि बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुकी भारतीय टीम के लिए आईसीसी टेस्ट क्रिकेट चैंपियनशिप में अपनी रैंकिंग को मजबूत करने का कानपुर में भरपूर मौका होगा।

## बॉलीवुड हलचल

### पेरिस फैशन वीक में आलिया का डेब्यू



**पेरिस।** बॉलीवुड की जानी–मानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में ग्लैमरस अंदाज में डेब्यू किया। आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में डेब्यू कर धमाल मचा दिया है। आलिया पहली बार में पेरिस फैशन वीक का हिस्सा बनकर सबका दिल जीत गईं। आलिया ने इतने स्टाइलिश अंदाज में रैंप वॉक किया कि हर कोई उन्हें देखता ही रह गया। आलिया ने मैटेलिक कॉरसेट पहनकर रैंप पर एंट्री मारी। जिसे पहन वह चांदी सी चमकी और सबसे अलग नजर आईं। ब्यूटी ब्रांड लोरियल पेरिस का प्रतिनिधित्व करते हुए आलिया ने स्टाइल में रैंप वॉक किया। वह मेटैलिक सिल्वर बस्टियर में सजी नजर आईं, जिसे उन्होंने ब्लैक ऑफ–शोल्डर जंप सूट के साथ पेयर किया। मेकअप के लिए उन्होंने अपने होठों पर गुलाबी रंग का टच दिया। गीले बालों के साथ उनका लुक और भी आकर्षक लग रहा था। गौरतलब है कि हाल ही में आलिया को लोरियल पेरिस के लिए ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर नामित किया गया था। वह कुछ दिन पहले पेरिस आई थीं। उन्हें अपने पति रणबीर कपूर के साथ पेरिस की सड़कों पर टहलते हुए भी देखा गया। दोनों ने एक प्रशंसक के साथ तस्वीर खिंचवाई, जो तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

### आलिया ने देवरा का पॉपुलर गाना चुट्टमल्ले गाया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने आने वाली फिल्म देवरा का गाना चुट्टमल्ले तेलगु में गाया। 27 सितंबर को जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की फिल्म देवरा सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के जरिए जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान दोनों ही साउथ में डेब्यू कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक क्लिप वायरल हो रही है जोकि आलिया भट्ट और जूनियर एनटीआर के ज्वाइंट इंटरव्यू की है। आलिया इस दौरान जिगरा का प्रमोशन कर रही थीं जबकि जूनियर एनटीआर देवरा के प्रमोशन के लिए साथ आए थे। इस सेशन को करण जौहर ने ऑर्गेनाइज किया था। वीडियो में आलिया भट्ट देवरा का पॉपुलर गाना चुट्टमल्ले गाती नजर आ रही हैं।इस वीडियो को देवरा के एक्स हैंडल से शेयर किया गया है।आलिया का गाना सुनकर जूनियर एनटीआर उनकी तारीफ करते हुए वॉव कहते हैं।

### वॉर 2 की शूटिंग के लिए इटली पहुंचे ऋतिक




**रोम।** बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रोशन वॉर 2 की शूटिंग के लिए इटली पहुंच गए हैं। ऋतिक रोशन ने इंस्टाग्राम पर एक शानदार लोकेशन की तस्वीर शेयर की, जहां फिल्म वॉर 2 की शूटिंग हो रही है।तस्वीर में उन्हें इटली की प्राकृतिक खूबसूरती का लुत्फ उठाते देखा जा सकता है। ऋतिक ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा इटली वॉर 2 में सब कुछ कैद कर लिया गया है। ग्रे टी–शर्ट और धारीदार पैंट में ऋतिक बेहद आकृषक और स्टाइलिश लग रहे हैं।उनकी पोस्ट पर नेटिजन्स की दिल को छू लेने वाली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उन्हें उनकी गर्लफ्रेंड सबा आजाद से भी तारीफ मिली।सबा ने कमेंट किया मेरा प्यार। गौरतलब है कि अपनी शानदार सुपरहिट फिल्मों वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र के निर्देशन से प्रसिद्ध अयान मुखर्जी वॉर 2 का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म वॉर 2 में मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी भी हैं। फिल्म वॉर 2 वर्ष 2019 में प्रदर्शित एक्शन थ्रिलर फिल्म वॉर का सीक्वल है। वॉर में ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर की अहम भूमिका थी।

## भारत दो हॉकी मैचों की श्रृंखला के लिए जर्मनी की करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **23 और 24 अक्टूबर को जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगी भारतीय टीम**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगी। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत ने पिछली बार जर्मनी का सामना पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था जहां यूरोप की दिग्गज टीम ने 3-2 से जीत दर्ज की थी। भारत ने तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता था।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय श्रृंखला विश्व स्तरीय हॉकी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन होगी। भारत और जर्मनी दोनों का खेल में एक समृद्ध इतिहास है और यह श्रृंखला प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने का अवसर देगी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा हम इस श्रृंखला की मेजबानी से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इससे ना केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा मिलेगा बल्कि दोनों देशों के बीच रिश्ते भी मजबूत होंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा भारत-जर्मनी हॉकी प्रतिद्वंद्विता हमेशा एक रोमांचक प्रतियोगिता रही है। हमारे खिलाड़ी ऐसी अच्छी टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं और मेरा मानना है कि यह श्रृंखला दोनों टीमों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों से पहले अपने कौशल और रणनीतियों को बेहतर बनाने का मौका देगी।

जर्मन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हेनिंग फास्टरिच ने कहा कि राष्ट्रीय टीम इस चुनौती के लिए तैयार है। हॉकी के लिए भारत हमेशा विशेष स्थान रहा है और हमारी टीम उत्साही भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए रोमांचित है। यह श्रृंखला जर्मनी और भारत के बीच खेल संबंध मजबूत करने का शानदार मौका है जबकि दोनों टीमों को आगामी वैश्विक प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए प्रतिस्पर्धी मंच भी देगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### इंडोनेशिया में भूकंप के जोरदार झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के गोरोंटालो प्रांत में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। इंडोनेशिया की जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 मापी गयी, लेकिन इसके कारण समुद्र में ऊंची लहरें नहीं उठीं। एजेंसी ने बताया कि भूकंप के झटके जकार्ता समयानुसार मंगलवार को तड़के 02:51 बजे महसूस किये गये। इसका केंद्र गोरोंटालो शहर से 77 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्र तल से 132 किमी की गहराई में था।

### ईरान में कोयला खदान में मृतक संख्या बढ़कर 49 हुई

तेहरान, 24 सितंबर (एपी) ईरान ने मंगलवार को कहा कि देश के पूर्वी हिस्से में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट के कारण उसमें फंसे शेष श्रमिकों की भी संभवत: मौत हो गई होगी। इसके साथ ही, घटना में जान गंवाने वालों की संख्या 49 हो गई है। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक रिपोर्ट में, प्रांतीय आपातकालीन अधिकारी मोहम्मद अली अखौंदी ने मृतक संख्या की जानकारी दी। यह घटना देश के तबास स्थित खदान में हुई।

### चीन ने समुद्र से आठ उपग्रह लॉन्च किए

**हैयांग।** चीन ने मंगलवार को पूर्वी प्रांत शेडोंग के हैयांग शहर के पास समुद्र से आठ उपग्रहों का प्रक्षेपण किया और उन्हें नियोजित कक्षा में स्थापित किया। वाणिज्यिक रॉकेट स्थानीय समयानुसार मंगलवार सुबह करीब 10:31 बजे तियानयी-41 और अन्य उपग्रहों को लेकर रवाना हुआ। यह प्रक्षेपण ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से किया गया।

### तुर्की एयरलाइंस ने लेबनान के लिए उड़ानें निलंबित की

**इस्तांबुल।** तुर्की की प्रमुख विमान कंपनी टर्किश एयरलाइंस और देश की कम लागत वाली विमान कंपनी, पेगासस एयरलाइंस ने बढ़ते जोखिमों के कारण लेबनान के लिए अपनी उड़ानें निलंबित कर दी हैं। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हैबर्टर्क दैनिक के अनुसार, यह निर्णय लेबनान पर इज़रायल के हवाई हमलों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे बुधवार को बेरूत से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुईं। वर्तमान में, तुर्की एयरलाइंस की वेबसाइट पर मंगलवारके लिए इस्तांबुल से बेरूत का टिकट उपलब्ध नहीं हैं, हालांकि गुरुवार के लिए बुकिंग खुली हुई है।

### नेपाल में आर्थिक सुधार के शुरुआती संकेत :आईएमएफ

**काठमांडू।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि नेपाल की अर्थव्यवस्था में सुधार के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं। नेपाल की 11 दिवसीय यात्रा के बाद संयुक्त राष्ट्र की वित्तीय एजेंसी ने सोमवार शाम को जारी एक बयान में आयात में वृद्धि, कर संग्रह में सुधार और सार्वजनिक निवेश में वृद्धि को सुधार के कारणों में से एक बताया गया। नेपाल में क्रेडिट वृद्धि में सुधार हो रहा है और यह सांकेतिक जीडीपी वृद्धि से बहुत नीचे है। जुलाई के मध्य तक मुद्रास्फीति में लगभग 3.6 प्रतिशत की गिरावट जारी रही, जो आंशिक रूप से अनुकूल कमोडिटी की कीमतों और कमजोर मांग प्रदर्शित करती है।

# सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व मंत्री दोषी करार

- अगले महीने पूर्व मंत्री ईश्वरन को सुनाई जाएगी सजा

सिंगापुर, एजेंसी

लोक सेवक के रूप में कीमती वस्तुएं प्राप्त करने और न्याय में बाधा डालने के आरोपों में मंगलवार को दोषी ठहराए गए सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस ईश्वरन को तीन अक्टूबर को सजा सुनाई जाएगी। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, भ्रष्टाचार के आरोपों के संबंध में मंगलवार को सुनवाई के बाद 62 वर्षीय पूर्व परिवहन मंत्री की जमानत की अवधि बढ़ा दी गई।

अभियोजन पक्ष ने 62 वर्षीय पूर्व मंत्री को छह से सात महीने की जेल की सजा दिए जाने का अनुरोध किया था। ईश्वरन ने कहा था कि वह स्वयं को ईमानदार साबित करने के लिए मुकदमा लड़ेंगे लेकिन सुनवाई के पहले ही दिन उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। न्यायमूर्ति विन्सेंट हुंग ने दलीलें पेश करने के लिए बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष को धन्यवाद दिया।

### अभियोजन पक्ष ने छह महीने की कैद का अनुरोध किया

अभियोजन पक्ष ने ईश्वरन के लिए छह से सात महीने की कैद का अनुरोध किया जबकि बचाव पक्ष ने दलील दी कि यदि न्यायाधीश को लगता है कि इस मामले में जेल की सजा देना उचित है तो ईश्वरन को आठ सप्ताह से अधिक कारावास की सजा नहीं दी जानी चाहिए। आरोप पढ़े जाने के बाद ईश्वरन से पूछा गया कि क्या वह आरोप स्वीकार करते हैं।

# वर्कलोड से लाखों मौतें, काम के बोझ में भारत दूसरे स्थार पर

पुणे में युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट की कथित तौर पर ज्यादा वर्कलोड के कारण असामयिक मृत्यु की खबर ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। इस घटना ने न केवल हर किसी को परेशान किया, बल्कि टॉक्सिक वर्कप्लेस कल्चर और कॉर्पोरेट जगत में ओवरवर्क इश्यू पर एक महत्वपूर्ण बहस भी खड़ी कर दी। डब्ल्यूएचओ और इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन (आईएलओ) के मुताबिक, 2016 में लंबे समय तक काम करने के कारण स्ट्रोक और कोरोनरी हार्ट डिजीज से 7,45,000 लोगों की मृत्यु हुई, जो वर्ष 2000 की तुलना में 29% ज्यादा है। स्टडी ये भी बताती है कि 35-40 घंटे काम करने की तुलना में प्रति सप्ताह 55 या इससे अधिक घंटे काम करने से स्ट्रोक का खतरा 35% और कोरोनरी हार्ट डिजीज से मृत्यु का खतरा 17% बढ़ जाता है।



### भारत में एक सप्ताह में कितने घंटे काम करते हैं लोग

भारत दुनिया के सबसे लंबे वर्किंग आवर्स वाले देशों में से एक है, जहां कर्मचारी औसत से अधिक घंटे काम करते हैं। यहां प्रति कर्मचारी सप्ताह में 46.7 घंटे वर्क करते हैं। साथ ही 51% कर्मचारी प्रति सप्ताह 49 या उससे ज्यादा घंटे काम करते हैं, जिससे भारत दुनिया के सबसे ज्यादा काम के घंटों वाले देशों में दूसरे स्थान पर है। जब आप ऑफिस के काम के बोझ को निपटाने के लिए एक्स्ट्रा आवर में वर्क करते हैं या ऑफिस वर्क को घर पर करते हैं, इसे ही ओवरवर्क करना कहते हैं। अगर आप इसे रोजाना करते हैं तो ये आपकी मेंटल हेल्थ, फिजिकल हेल्थ और सोशल लाइफ पर असर डालता है। इस आंकड़े को देखने के बाद ये तो साफ है कि भारत में 50% से अधिक लोग सप्ताह में 49 घंटे से अधिक काम करते हैं। ये आंकड़े वाकई हैरान करने वाले हैं। हालांकि, कुछ ऐसे भी देश हैं, जहां काम के घंटे बेहद कम हैं। यहां कर्मचारियों के हितों का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाता है। नीचे ग्राफिक में सबसे कम घंटे काम करने वाले 10 देशों की लिस्ट देख सकते हैं।

### विकसित देशों में कितने घंटे काम

आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया के विकसित देशों में लोग एक सप्ताह में 40 घंटे से भी कम काम करते हैं, जो डब्ल्यूएचओ के बताए एक स्वस्थ मानक पर भी फिट बैठता है। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, फ्रांस, रूस, ऑस्ट्रेलिया, इटली, स्वीडन और स्विटजरलैंड समेत कई विकसित देश शामिल हैं। नीचे ग्राफिक में इस बारे में जानकारी दी गई है।

### सेहत पर क्या असर

- बहुत ज्यादा काम करने से थकान के कारण नींद संबंधी समस्या हो सकती है।
- हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है, जिससे स्ट्रोक, हार्ट डिजीज और किडनी फेलियर का खतरा रहता है।
- डिप्रेशन और एंग्जाइटी का शिकार होने की संभावना बढ़ जाती है।
- टाइप 2 डायबिटीज होने का खतरा बढ़ सकता है।
- फैमिली को टाइम न दे पाने से परिवार में अनबन हो सकती है, जिससे आपकी पर्सनल लाइफ भी प्रभावित होती है।
- आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। मेंटल हेल्थ खराब हो सकती है।

# जेलेंस्की ने शांति प्रक्रिया में भारत से मांगी मदद

## तीन महीने में तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा दोहरायी। गौरतलब है कि मोदी और जेलेंस्की की पिछले एक महीने में यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले मोदी के यूक्रेन दौरे के दौरान दोनों नेता कीव में मिले थे।

मोदी ने संघर्ष के समाधान के लिए भारत के स्पष्ट, सुसंगत और रचनात्मक दृष्टिकोण को भी दोहराया और कहा कि दोनों पक्षों (यूक्रेन और रूस) को शांतिपूर्ण तरीके से समाधान खोजने के लिए एक मेज पर बैठना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक से पहले दोनों नेता गर्मजोशी से गले मिले। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक के मौके पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने यूक्रेन की स्थिति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा दोहरायी। मीडिया में जारी बयान में कहा गया प्रधानमंत्री मोदी ने 23 सितंबर को समिट ऑफ द फ्यूचर इन न्यूयॉर्क के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने मोदी की हाल की यूक्रेन यात्रा को याद किया और द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर सुदृढ़ीकरण पर संतोष व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान मोदी ने कूटनीति और संवाद के साथ-साथ सभी हितधारकों के बीच सहभागिता के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में भारत के स्पष्ट, सुसंगत और रचनात्मक दृष्टिकोण को दोहराया। उन्होंने कहा कि संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि पिछले तीन महीने से भी कम समय में दोनों नेताओं की यह तीसरी मुलाकात है।



यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बातचीत करते मोदी। एजेंसी

### सिख प्रतिनिधिमंडल मोदी से मिला

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में सिख समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की, जिन्होंने समुदाय के लिए भारत सरकार के किए कार्यों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। सिख ऑफ अमेरिका संगठन के जसदीप सिंह जस्सी ने सोमवार को न्यूयॉर्क में मोदी से मुलाकात के बाद कहा हम बहुत खुश थे और उनसे मुलाकात के बाद हमें बहुत सकारात्मक अनुभूति हुई। प्रधानमंत्री के कमरे में आते ही हमने सिखों के पारंपरिक जयकारे जो बोले सो निहाल के साथ उनका स्वागत किया और प्रधानमंत्री ने बहुत ही विनम्रता से जवाब में सत श्री अकाल कहा। विस्कॉन्सिन के प्रमुख सिख नेता दर्शन सिंह धालीवाल ने भी प्रधानमंत्री से मुलाकात की। जस्सी ने कहा हमारी चर्चा बहुत अच्छी रही। प्रधानमंत्री ने सिख समुदाय के लिए बहुत कुछ किया है। जस्सी ने कहा मुझे नहीं लगता कि भारत के इतिहास में किसी अन्य प्रधानमंत्री ने सिख समुदाय के लिए उतना किया जितना प्रधानमंत्री मोदी ने।

### भारत ने यूएनएससी सुधारों पर भविष्य के समझौते को अच्छी शुरुआत बताया

**न्यूयॉर्क।** भारत ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में सुरक्षा परिषद में सुधार पर पहली बार एक विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया जाना एक अच्छी शुरुआत है और नई दिल्ली 15 देशों के निकाय में सुधार के लिए एक निश्चित समय सीमा में पाठ आधारित वार्ता की शुरुआत की आशा करती है। पाठ-आधारित वार्ता से तात्पर्य किसी समझौते की ऐसी विषय वस्तु तैयार करने की प्रक्रिया से है जिसे स्वीकार करने और जिस पर हस्ताक्षर करने के लिए सभी पक्ष तैयार हों। भविष्य के शिखर सम्मेलन के पहले दिन रविवार को विश्व नेताओं ने भविष्य के समझौते को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया जिसमें सुरक्षा परिषद में सुधार करने, इसमें प्रतिनिधित्व बढ़ाने, इसे अधिक समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार करने का वादा किया गया। अधिकारियों ने काफी समय से लंबित सुरक्षा परिषद सुधारों को लेकर भविष्य के समझौते की भाषा को अभूतपूर्व बताया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री से जब पूछा गया कि भारत भविष्य के समझौते में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार पर इस भाषा को किस प्रकार देखता है, उन्होंने कहा मैं आपका ध्यान केवल इस तथ्य पर दिलाना चाहूंगा कि संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार पर पहली बार कोई विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया गया है।

# ट्रंप की तुलना में अधिक लोकप्रिय हैं कमला हैरिस


- मतदाताओं के मुताबिक हैरिस की पृष्ठभूमि व नीतिगत विचार बेहतर
- अमेरिका में किए गए एक नए सर्वेक्षण में आया सामने

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में किए गए एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, राष्ट्रपति चुनाव में एशियाई अमेरिकी, हवाई के मूल निवासी और प्रशांत द्वीप के मतदाता उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में अधिक उपयुक्त उम्मीदवार मान रहे हैं। एएपीआई (एशियाई अमेरिकी एवं प्रशांत द्वीप वासी) मतदाताओं का यह भी मानना है कि हैरिस ऐसी उम्मीदवार हैं जो उनकी पृष्ठभूमि और नीतिगत विचारों का बेहतर प्रतिनिधित्व करती हैं।

एएपीआई डेटा और एपीआईएवोट के नये सर्वेक्षण में पाया गया है कि 10 एएपीआई मतदाताओं में से लगभग 6 हैरिस के बारे में बहुत या कुछ हद तक अनुकूल राय रखते हैं, जबकि लगभग एक तिहाई की राय कुछ हद तक या बहुत प्रतिकूल है। प्रत्येक 10 एएपीआई मतदाताओं में तीन की ट्रंप के बारे में सकारात्मक राय है और करीब दो-तिहाई की नकारात्मक राय है। यह अक्टूबर 2023 से हैरिस के पक्ष में माहौल बेहतर होते जाने को दर्शाता है, जब एपी-एनओआरसी/एएपीआई डेटा सर्वेक्षण में पाया गया कि एएपीआई के लगभग आधे वयस्क उनके बारे में कुछ हद तक या बहुत अनुकूल राय रखते थे। हालांकि, इस समूह में ट्रंप के बारे में राय स्थिर बनी हुई है। हैरिस अश्वेत (ब्लैक) और दक्षिण एशियाई अमेरिकी दोनों हैं, और उन्होंने जॉर्जिया जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में एएपीआई मतदाताओं को एकजुट किया है, जहां उनकी संख्या बढ़ रही है। लेकिन सर्वेक्षण से पता चलता है कि एएपीआई मतदाताओं को ट्रंप की तुलना में हैरिस में अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रतिबिंबित होते देखने की अधिक संभावना नजर आ रही है।






# सुदूर जापानी द्वीपों पर सुनामी की छोटी लहरें उठीं

**तोक्यो।** सुदूर जापानी द्वीपों पर आए भूकंप के बाद मंगलवार की सुबह सुनामी की छोटी लहरें उठीं। आशंका है कि सुदूर जापानी द्वीपों पर ज्वालामुखी गतिविधि के कारण भूकंप आया। अपतटीय क्षेत्र में आया भूकंप स्थानीय निवासियों को महसूस नहीं हुआ और सुनामी संबंधी चेतावनी करीब तीन घंटे बाद वापस ले ली गई। मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि इजू द्वीप के तटीय इलाके में मंगलवार सुबह 5.9 तीव्रता का भूकंप आया और कुछ ही मिनट बाद इजू और ओगासावारा द्वीप श्रृंखला में एक मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका जताते हुए सुनामी की चेतावनी जारी की गई।

# कोर्ट ने मादुरो के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी

अर्जेंटीना की एक अदालत ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ कथित मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। टीएन ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी।

इससे पहले, वेनेजुएला की एक अदालत ने एमट्रासुर विमान के साथ हुई घटना को लेकर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली, राष्ट्रपति सचिवालय की प्रमुख करीना माइली और सुरक्षा मंत्री पेट्रीसिया बुलरिच के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अर्जेंटीना ने सितंबर की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के अभियोजक से मादुरो की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी करने का अनुरोध किया था। गौरतलब है कि वर्ष 2022 में अर्जेंटीना के एज़ीज़ा हवाई अड्डे पर वेनेजुएला की कंपनी एम्प्रेसा डे ट्रांसपोर्टे एरेओकार्गो डेल सुर का बोइंग 747 जब्त किया गया था।



# अमरसूर्या ने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली

**कोलंबो।** हरिनी अमरसूर्या ने मंगलवार को श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही वह वर्ष 2000 में सिरीमावो भंडारनायके के बाद इस पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला नेता बन गयीं। नेशनल पीपुल्स पावर' (एनपीपी) की 54 वर्षीय नेता अमरसूर्या को राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शपथ दिलाई। दिसानायके ने स्वयं सहित चार सदस्यों का मंत्रिमंडल नियुक्त किया है। अमरसूर्या को न्याय, शिक्षा, श्रम, उद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य तथा निवेश मंत्रालयों का कार्यभार सौंपा गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने का स्थान लिया है।

# इजराइल के हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट इकाई का कमांडर मारा गया

बेरूत, एजेंसी

इजराइली सेना ने कहा है कि उसने बेरूत पर एक हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट इकाई के एक शीर्ष कमांडर को मार गिराया है। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि इब्राहिम कोबेसी मंगलवार को मारा गया तथा वह इजराइल की ओर मिसाइल और रॉकेट हमले करने के लिए जिम्मेदार था।

इजराइली सेना ने कहा कि हमले के समय कोबेसी के साथ अन्य प्रमुख कमांडर भी थे, लेकिन अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि इसमें क्या कोई अन्य मारा गया या घायल हुआ है।



### आईडीएफ ने ठिकानों पर हमले तेज किए

**यरूशलम।** इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को लेबनान में शिया समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले हिजबुल्लाह के कई ठिकानों पर लक्ष्य साधकर हमले शुरू करने की घोषणा की। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा आईडीएफ वर्तमान में लेबनान में हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन से संबंधित आतंकी ठिकानों पर हमला कर रहा है।

# बदला लेने के लिए ईरान ने भेजे थे हजारों एसएमएस

- 2023 में धार्मिक मामले की घटना का बदला लेने की दी थी धमकी

स्वीडन कोपेनहेगन (डेनमार्क), एजेंसी

स्वीडन ने दावा किया कि उसके नागरिकों को 2023 में कुरान जलाने की घटना का बदला लेने की धमकी देने वाले हजारों एसएमएस भेजने के पीछे ईरान का हाथ है। स्वीडन के अधिकारियों का दावा है कि ईरान का अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड डेटा में सेंधमारी कर सार्वजनिक रूप से कुरान जलाने के सिलसिले में 'स्वीडिश भाषा में लगभग 15,000 एसएमएस' भेजने में सफल रहा।

वरिष्ठ अभियोजक मैट लजंगक्विस्ट ने बताया कि स्वीडन की घरेलू सुरक्षा एजेंसी 'एसएपीओ' द्वारा की गई प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ईरान ने ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) के जरिये स्वीडन में प्रमुख एसएमएस सेवा प्रदाता स्वीडिश कंपनी के डेटा में सेंधमारी की। वरिष्ठ अभियोजक ने स्वीडिश कंपनी के नाम का खुलासा नहीं किया है। ईरानी अधिकारियों से भी इस मुद्दे पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। स्वीडिश मीडिया ने अगस्त 2023 में खबर दी थी कि स्वीडन में बड़ी संख्या में लोगों को स्वीडिश भाषा में एसएमएस मिले हैं जिनमें कुरान जलाने वालों से बदला लेने का आह्वान किया गया था। लजंगक्विस्ट ने कहा, संदेश भेजने वाला खुद को अंजू टीम कहने वाला एक समूह था। स्वीडिश प्रसारक एसवीटी ने एसएमएस की तस्वीर साझा की थी जिसमें लिखा गया था जिन्होंने भी कुरान का अपमान किया, उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा। इसमें स्वीडन के लोगों को 'राक्षस' कहा गया था।

ज्ञान-विज्ञान | उपग्रह आयो बृहस्पति का सबसे बड़ा चंद्रमा

# बृहस्पति के चंद्रमा आयो पर मिला सक्रिय ज्वालामुखी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार,:** बृहस्पति के चंद्रमा आयो में एक बड़ा ज्वालामुखी सक्रिय हो चला है। नई तस्वीरों से यह जानकारी मिली है। इस वर्ष जूनो अंतरिक्ष यान द्वारा ली गई तस्वीरों में ज्वालामुखी आग उगलता नजर आ रहा है। 1997 में गैलीलियो अंतरिक्ष यान से ली गई तस्वीरों में यह ज्वालामुखी मौजूद नही था।

पृथ्वी की तरह कई अन्य ग्रह हैं, जिनमें ज्वालामुखी विस्फोट होते रहते हैं। आयो में सक्रिय ज्वालामुखी का रहस्य बर्लिन के यूरोपैनेट साइंस कांग्रेस के वैज्ञानिकों ने उजागर किया है। वर्ष 1997 में आयो की सतह का वह भाग खाली नजर आता है। जिसका तस्वीरों से स्पष्ट पता चलता है। गुरु के चंद्रमा आयो में सक्रिय ज्वालामुखी को लेकर वैज्ञानिक कहते हैं कि यह चंद्रमा बृहस्पति के सबसे निकट का बड़ा चंद्रमा है। जिसके एक तरफ विशाल ग्रह के ज्वारीय बलों का प्रभाव है, जबकि दूसरी तरफ गुरु के अन्य बड़े चंद्रमाओं का गर्म आंतरिक भाग है। यह परिस्थितियां आयो की सतह पर लावा के फव्वारे फूटने का कारण बनती हैं। आयो का यह भूभाग हमारे सौर मंडल में सबसे अधिक भौगोलिक रूप से सक्रिय स्थान है। 11 सितंबर, 2024 को बर्लिन में यूरोपैनेट साइंस कांग्रेस के वैज्ञानिकों ने कहा कि उन्होंने आयो पर एक नया ज्वालामुखी देखा है।



दाएं चित्र में सक्रिय ज्वालामुखी व बाईं तस्वीर में खाली स्थान।

### 32 हजार वर्ग किमी फैला है ज्वालामुखी

**नैनीताल:** जूनो ने पिछले दो वर्षों में आयो के सक्रिय ज्वालामुखी क्षेत्र में तीन हालिया उड़ाने भरी थी और जूनो के कैमरे ने इसकी सतह की लगभग 20 क्लोज़अप रंगीन तस्वीरे कैमरे में कैद की। सक्रिय ज्वालामुखी के लावा से स्पष्ट पता चलता है, जिसने आयो के 32 हजार किमी वर्ग क्षेत्र को प्रभावित किया है। लावा की 100 किमी बहती धाराओं का भी पता चलता है।

1997 में गैलीलियो अंतरिक्ष यान की पिछली छवियों में ज्वालामुखी नही था। जूनो अंतरिक्ष यान की तस्वीरें इसका खुलासा करती हैं।

# इमरान खान पर सैन्य मुकदमे से संबंधित याचिका का निपटारा

- न्यायालय को बताया - संघीय सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के एक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ सैन्य मुकदमा चलाने संबंधी याचिका का निपटारा कर दिया। न्यायालय को बताया गया कि संघीय सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया है।

भ्रष्टाचार के आरोप में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान की गिरफ्तारी के विरोध में उनके समर्थकों ने नौ मई, 2023 को रक्षा प्रतिष्ठानों पर हमला किया और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया था। गिरफ्तार किए गए लोगों में से 100 से ज्यादा लोगों को सैन्य अदालतों में मुकदमे के लिए सैन्य अधिकारियों को सौंप दिया गया था। कई सरकारी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि खान पर सैन्य अदालत में भी मुकदमा चलाया जा सकता है। खान ने अपने मुकदमे की सुनवाई सैन्य अदालत में किए जाने के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई की। सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल मुनव्वर इकबाल दुग्गल ने अदालत को बताया कि संघीय सरकार ने यह तय नहीं किया है कि खान पर सैन्य अदालत में मुकदमा चलाया जाएगा या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह का मुकदमा चलाया जाता है, तो यह आवश्यक कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए नियम 549 के अनुसार चलाया जाएगा।